आज का मौसम
26.0° अधिकतम तापमान
14.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.57
सूर्यास्त 06.32

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया 12:00 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

रविवार, 5 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 39, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



■ असली अपराधी बच निकले, निर्दोषों को परेशान कर रही एनआईए : ममता बनर्जी - 12




■ ईंधन पर्याप्त : 46 हजार टन एलपीजी लेकर होर्मुज के पार आया ग्रीन सानवी - 12



■ भारत वैश्विक संकट के बीच में मजबूती से उभरा और इसका डटकर मुकाबला किया : जयशंकर - 13




■ गेंदबाजों के कमाल और रिजवी की पारी से दिल्ली ने मुंबई को हराया - 14

# ईरान के बुशहर न्यूक्लियर प्लांट के पास हमला
# ट्रंप बोले-2 दिन में होर्मुज खोलो या झेलो तबाही

## ईरानी विदेश मंत्री अराघची बोले- रेडिएशन फैला तो खाड़ी देशों पर भी होगा खतरा

काहिरा, एजेंसी

पश्चिम एशिया जंग जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसका खतरा और दायरा भी बढ़ता जा रहा है। ईरान के बुशहर परमाणु प्लांट पर शनिवार को हमला हुआ। प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिसमें एक गार्ड की मौत हो गई और इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। ईरान के परमाणु प्लांट पर हुए इस हमले से रेडिएशन का भी खतरा बढ़ गया है। युद्ध के दौरान इस संयंत्र को चौथी बार निशाना बनाया गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए दी गई छह अप्रैल की समय सीमा की याद दिलाते हुए कहा कि इसका पालन नहीं करने पर उसे विनाशकारी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। वहीं, बुशहर परमाणु प्लांट पर हुए हमले के बाद रेडियोएक्टिव रिसाव के खतरे को लेकर ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर रेडियोएक्टिव रिसाव हुआ तो इसका असर केवल तेहरान तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि जीसीसी देशों की राजधानियों पर पड़ेगा। अराघची ने अमेरिकी मीडिया पर शांति वार्ता को लेकर ईरान के रुख को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया।

ईरान द्वारा अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने के बाद लापता हुए पायलट की तलाश अमेरिका ने शनिवार को तेज कर दी। ईरान ने भी लोगों से पायलट के बारे में जानकारी देने का आह्वान किया और इनाम का वादा किया। ईरान ने अमेरिका के 'एफ-15ई स्ट्राइक ईगल' नामक लड़ाकू विमान सहित दो विमानों को शुक्रवार को मार गिराने का दावा किया था। इस दौरान एक अमेरिकी सैन्यकर्मी को बचा लिया गया और कम से कम एक पायलट अब भी लापता है। विदेश में रहकर ईरान के इस्लामी शासन के खिलाफ मुखर तरीके से आवाज उठाने वाले कई लोगों ने बताया है कि युद्ध के बीच उनके देश की सरकार निर्वासित नेताओं के परिवार के सदस्यों को हिरासत में ले रही है और उनकी संपत्ति जब्त करने की धमकी दे रही है। ट्रंप ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'याद है जब मैंने ईरान को समझौता करने या होर्मुज खोलने के लिए दस दिन का समय दिया था। समय तेजी से बीत रहा है, 48 घंटे बाद उन पर कहर टूट पड़ेगा।



- परमाणु संयंत्र प्लांट में तैनात एक कर्मचारी की मौत, इमरत ध्वस्त
- ईरान ने दो अमेरिकी विमानों को गिराया, एक पायलट लापता
- मुखर ईरानियों ने देश में परिजनों को बंधक बनाए जाने का लगाया आरोप

### ईरान में फंसे भारतीय मछुआरे आर्मेनिया के रास्ते स्वदेश लौट रहे

नई दिल्ली। ईरान में फंसे भारतीय मछुआरों का एक समूह आर्मेनिया के रास्ते स्वदेश लौट रहा है। केंद्र सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारतीय नागरिकों की वापसी में सहायता के लिए आर्मेनिया के अपने समकक्ष अरारत मिर्जोयान का आभार जताया। पश्चिम एशिया में एक महीने पहले शुरू हुए संघर्ष के बाद से अब तक 1,150 से अधिक भारतीय नागरिकों आर्मेनिया और अजरबैजान के जमीनी रास्ते से ईरान छोड़ा है।

### बहरीन ने होर्मुज स्ट्रेट खुलवाने के प्रस्ताव पर मतदान स्थगित किया

दुबई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इस माह की अध्यक्षता संभाल रहे खाड़ी देश बहरीन ने उस प्रस्ताव पर मतदान टाल दिया, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और उस पर ईरान के प्रभुत्व को खत्म करना था। हालांकि, रूस और चीन के कड़े विरोध के कारण पहले ही इस प्रस्ताव की प्रभावशीलता पर सवाल उठने लगे थे। परिषद की बैठकें गोपनीय होने के कारण नाम न उजागर करने की शर्त पर राजनयिकों ने बताया कि अब इस प्रस्ताव पर मतदान अगले सप्ताह कराया जाएगा।

# कांग्रेस के भड़काऊ बयानों से खाड़ी देशों में भारतीयों की जान को खतरा

तिरुवल्ला (केरल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा करने के उद्देश्य से भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया, ताकि उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाया जा सके और इस तरह राजनीतिक फायदा प्राप्त किया जा सके। कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे केवल चुनाव जीतने के बारे में ही चिंतित हैं।

मोदी ने यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रैली में कहा, मैं यह बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि चुनाव आते-जाते रहेंगे, लेकिन भारतीयों की सुरक्षा, विशेष रूप से पश्चिम एशिया में रहने वाले केरल के लोगों की सुरक्षा, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और मैं इसे सुनिश्चित करूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि खाड़ी देशों में काम करने और रहने वाले केरल के लाखों लोगों के अलावा, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण गोवा, तमिलनाडु और अन्य राज्यों के मछुआरे ईरान और पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में फंसे हुए हैं। मोदी ने कहा, हम उन्हें सुरक्षित वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को इसकी कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस ऐसे बयान दे रही है, जिनसे पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा होने का खतरा है और अनावश्यक दहशत फैलाई जा रही है।

यह सब सिर्फ मुझ पर राजनीतिक हमले करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, उन्हें सिर्फ राजनीति और सत्ता की परवाह है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को भारत की जनता की कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस ने केरल की जनता के भरोसे को तोड़ दिया है। उन्हें जनता और देश से माफी मांगनी चाहिए। रैली में अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों की मानसिकता को उजागर कर दिया है।



- प्रधानमंत्री मोदी बोले- पश्चिम एशिया को लेकर दिए गए बयानों पर कांग्रेस को जनता और देश से मांगनी चाहिए माफी

### गैरजिम्मेदाराना बयान देने का यह समय नहीं

मोदी ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेताओं से कई बार कहा है कि इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान देने का यह समय नहीं है, क्योंकि खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लाखों भारतीय भाइयों और बहनों की सुरक्षा भारत की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, केरल के लाखों निवासी इस क्षेत्र में काम करते हैं, फिर भी कांग्रेस नेताओं के गैरजिम्मेदाराना बयान उनकी सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। मैं कांग्रेस नेताओं से आग्रह करता हूं कि वे ऐसे बयान देने से बचें, जिनसे पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की जान को खतरा हो सकता है। हमारी सरकार के खाड़ी देशों के साथ मजबूत संबंध ही इन कठिन समय में हमारे लोगों की रक्षा करने में मददगार साबित हो रहे हैं।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, अपराध से आदर्श मार्ग पर मुड़ते कारागार के कैदी व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### दिल्ली में 400 रुपये के लिए युवक की हत्या, तीन नाबालिग पकड़े गए

नई दिल्ली। पूर्वोत्तर दिल्ली के दयालपुर इलाके में 400 रुपये को लेकर हुए विवाद के बाद 26 वर्षीय एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या किए जाने के मामले में तीन नाबालिगों को पकड़ा गया है। एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान 'न्यू मुस्तफाबाद' निवासी कैफ के रूप में हुई है। उस पर उसके परिचित लोगों ने शुक्रवार शाम हमला किया था। उन्होंने बताया कि कैफ को जेपीसी (जग प्रवेश चंद्र) अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है।

# आंधी-बारिश से कई जिलों में भारी नुकसान, 4 की गई जान



कानपुर में विशाल पेड़ उखड़कर ऑटो पर गिर गया। अमृत विचार

- पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम खराब, गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान
- कानपुर में 3 और मथुरा में एक की मौत, फतेहपुर सीकरी में मकान गिरने से सात लोग घायल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

प्रदेश में शनिवार को आए तेज आंधी-तूफान, बारिश व ओलावृष्टि ने तबाही मचाई। कानपुर के काकादेव में आटो पर पेड़ गिरने से चालक और एक महिला की मौत हो गई। गुजैनी में जलभराव में बाइक फिसलने से एक युवक की जान चली गई। मथुरा में हाईटेंशन लाइन टूटकर जमीन पर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर बाइक सवार बिजली मिस्त्री की मौत हो गई।

मौसम विभाग के अनुसार, मध्य यूपी समेत प्रदेश के लगभग आधे हिस्से में बारिश हुई। मथुरा में तेज आंधी के चलते बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। करीब 600 बिजली के खंभे टूट गए, जिससे 200 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। वहीं, फतेहपुर सीकरी में मकान गिरने से सात लोग घायल हो गए। आगरा, मथुरा, कानपुर-बुंदेलखंड और जालौन समेत कई जिलों में गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। लखनऊ में आम की फसल को करीब 15 प्रतिशत नुकसान पहुंचा है। कानपुर में शाम 5 बजे 37 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं तेज हवाओं ने होर्डिंग, पोल, पेड़ सहित अन्य को क्षतिग्रस्त कर दिया। जोरदार आंधी के साथ मूसलाधार बारिश और ओले गिरे।

### मुख्यमंत्री ने 24 घंटे में मुआवजा देने के निर्देश

लखनऊ। प्रदेश में शनिवार को हो रही असमय बारिश से प्रभावित किसानों को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तुरंत प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर फसलों के नुकसान का आकलन करें और किसानों को यथाशीघ्र राहत दिलाएं। उन्होंने कहा कि जनहानि, पशुहानि और घायलों को हर हाल में 24 घंटे के भीतर मुआवजा दिया जाए। सीएम योगी ने प्रमुख सचिव (कृषि) और राहत आयुक्त को भी निर्देशित किया। जिन किसानों ने फसल बीमा कराया है वे 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## कार के कुएं में गिरने से एक ही परिवार के 9 लोगों की गई जान

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक कार के कुएं में गिरने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। मरने वालों में छह बच्चे भी शामिल हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे डिंडोरी कस्बे के शिवाजी नगर इलाके में हुई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना में बच्चों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्रों में खुले कुओं की तत्काल सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस के अनुसार, ये सभी लोग इलाके में एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे, तभी उनकी कार कार्यक्रम स्थल के पास ही स्थित एक कुएं में गिर गई। नासिक के जिलाधिकारी को घटना की जांच करने और जांच रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है।

- नासिक में हुआ हादसा, जान गंवाने वालों में छह बच्चे जांच के आदेश

### भारी बर्फबारी



मनाली के रोहतांग स्थित अटल सुरंग के दक्षिणी पोर्टल पर भारी हिमपात के कारण लगभग 1000 वाहन और 5000 से अधिक पर्यटक बर्फ में फंस गए। ● एजेंसी

# वैध पहचान पत्र दिखाकर मिलेगा 5 किलो का सिलेंडर

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने प्रवासी मजदूरों और छात्रों को राहत देते हुए उनकी रसोई गैस की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कहा है कि वे वैध पहचान पत्र दिखाकर एलपीजी वितरक से सिलेंडर ले सकते हैं इसके लिए उनके पास पते का प्रमाण पत्र होना जरूरी नहीं है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनर सरकार पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, और लोग पेट्रोल और डीजल की घबराहट में खरीदारी तथा एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग से बचें। पीएनजी को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है और पिछले महीने से अब तक 3.5 लाख से अधिक पीएनजी कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गई है। सोमवार से उर्वरक संयंत्रों को गैस आपूर्ति छह माह की औसत खपत के 90 प्रतिशत तक बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से एलपीजी जमाखोरी और काला बाजारी पर कार्रवाई जारी है और शुक्रवार को 3700 से अधिक छापे मारे गए। वहीं, समुद्री जहाज ग्रीन सानवी 46,650 टन एलपीजी कार्गो लेकर होर्मुज पार कर चुका है।




- सरकार ने कहा- देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार
- प्रवासी मजदूरों और छात्रों को राहत के लिए उठाया कदम

### एलपीजी वितरकों पर किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं

सरकार का कहना है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई है इसके बावजूद, एलपीजी वितरकों पर किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं है। शुक्रवार को लगभग 51 लाख घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। सरकार ने संकट-पूर्व स्तर के 70 प्रतिशत तक कुल वाणिज्यिक आवंटन करने का निर्णय लिया है, जिसमें 10 प्रतिशत सुधार आधारित आवंटन शामिल है। शुक्रवार को 71,000 से अधिक 5 किलोग्राम एफटीएल सिलेंडर बेचे गए और अब तक 5.7 लाख 5 किग्रा एफटीएल सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। पांच किग्रा सिलेंडर निकटतम एलपीजी वितरकों के पास उपलब्ध हैं और किसी भी वैध पहचान पत्र के जरिये खरीदे जा सकते हैं।

# भूस्खलन प्रभावित स्थलों के सुधार को मिले 461 करोड़

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

- सीएम ने केंद्रीय मंत्री गडकरी एवं केंद्र सरकार का आभार जताया

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में भूस्खलन प्रभावित स्थलों के उपचार एवं मरम्मत कार्यों के लिए 461 करोड़ रु. जारी किए जाने पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया है।

मुख्यमंत्री ने इसे दूरगामी प्रभाव वाला निर्णय बताया है, जिससे प्रदेश की सड़क अवसंरचना को नई मजबूती मिलेगी और यात्रियों की सुरक्षा मजबूत होगी। सीएम धामी के मुताबिक, केंद्र सरकार द्वारा इस स्वीकृति के अंतर्गत उत्तरकाशी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-134 पर भूस्खलन से प्रभावित 17 स्थलों के उपचार के लिए 233 करोड़ रु. तथा पिथौरागढ़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-09 के तवाघाट-घटियाबागड़ खंड पर 3 संवेदनशील स्थलों के लिए 228 करोड़ रु. की राशि स्वीकृत की गई है। यह पहल न केवल आपदा जोखिम को कम करने में सहायक होगी, बल्कि प्रदेश के दुर्गम एवं सीमांत क्षेत्रों का आवागमन भी सरल होगा।

(संबंधित पेज-दो)

## कालाढूंगी में टस्कर हाथी के हमले में बुजुर्ग की मौत

कालाढूंगी। रामनगर वन प्रभाग के कालाढूंगी रेंज में टस्कर हाथी के हमले में एक बुजुर्ग की जान चली गई। इस अनहोनी को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण पहले से आशंकित थे और कई बार वन विभाग से टस्कर हाथी को लेकर सुरक्षा की मांग कर चुके हैं।

घटनाक्रम के अनुसार, भूपेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र खीम सिंह बिष्ट उम्र 65 निवासी कालाढूंगी बंदोबस्ती साप्ताहिक बाजार से शुक्रवार को सब्जी ले कर घर लौट रहे थे। इसी बीच हाथी ने उनपर हमला बोल दिया।

(संबंधित पेज-तीन)

जागरूकता

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दून बुक फेस्टिवल-2026 का किया शुभारंभ, दिया संदेश

# पुस्तक, पौधों का उपहार दें, ज्ञान व पर्यावरण के प्रति बढ़ेगी चेतना

- कहा- पुस्तकें केवल शब्दों का संग्रह नहीं बल्कि ज्ञान का स्थायी स्रोत हैं

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को देहरादून में आयोजित दून बुक फेस्टिवल-2026 का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न प्रकाशकों द्वारा लगाए गए स्टॉल को देखा और गढ़वाली एवं कुमाऊनी पुस्तकों का विमोचन भी किया।

सीएम धामी ने यहां अपने संबोधन में पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकें केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि ज्ञान का स्थायी स्रोत हैं, जो पीढ़ी दर पीढ़ी समाज को दिशा प्रदान करती हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे विभिन्न अवसरों पर उपहार स्वरूप पुस्तकों एवं पौधों को प्रोत्साहित करें, जिससे समाज में ज्ञान और पर्यावरण दोनों के प्रति जागरूकता बढ़े।



बच्चों को पुस्तकें देते मुख्यमंत्री धामी।

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और उत्तराखण्ड सरकार के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने देशभर से आए साहित्यकारों, कलाकारों एवं साहित्य प्रेमियों का स्वागत करने के बाद उत्तराखंड की समृद्ध साहित्यिक परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि देवभूमि की इस पावन भूमि ने अनेक महान साहित्यकारों को जन्म दिया है और यह प्रदेश सदैव ज्ञान, संस्कृति एवं सृजन का केंद्र रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान, साहित्य भूषण तथा अन्य पुरस्कारों के माध्यम से साहित्यकारों को सम्मानित किया जा रहा है, साथ ही विभिन्न भाषाओं में ग्रंथ प्रकाशन के लिए अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में साहित्य ग्रामों की स्थापना की जा रही है, जिससे साहित्यकारों को सृजन के लिए अनुकूल वातावरण मिल सकेगा तथा उत्तराखंड को साहित्यिक पर्यटन के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, आचार्य बालकृष्ण, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष प्रो. मिलिन्द मराठी, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक युवराज मलिक, देवभूमि उत्तराखण्ड युनवर्सिटी के उपाध्यक्ष अमन बंसल मौजूद रहे।

## स्टेट ब्रीफ

### मुठभेड़ के दौरान दो आरोपी गिरफ्तार

**देहरादून:** राजधानी में बीते सोमवार को दो पक्षों में चली गोली से मार्निंग वॉक पर निकले रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी की मौत हो गई थी। पुलिस ने शुक्रवार देर रात मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उनके पास से पिस्टल बरामद की है। दोनों यूपी के सहारनपुर और मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं। इनकी पहचान मोहम्मद कावीश और शांतनु त्यागी के रूप में हुई है। 29 मार्च की रात आरोपी युवक एक नाइट क्लब में पहुंचे थे। यहां उन्होंने खाना खाया और शराब पी। 40 हजार रुपये बिल चुकाने की बारी आई तो उन्होंने क्लब स्टाफ के साथ मारपीट शुरू कर दी। 30 मार्च की सुबह स्टाफ की कार का पीछा करते हुए आरोपी जोहड़ी गांव पहुंचे और चलती कार से फायरिंग कर दी।

### सीम पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों में देहरादून मास्टर प्लान 2041 की कवायद तेज, डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में मास्टर प्लान पर मंथन

# ग्रीन देहरादून की दिशा में कदमताल, नदियां व हरियाली बचाने की योजना

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राजधानी देहरादून के सुनियोजित, संतुलित और दीर्घकालिक विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने मास्टर प्लान 2041 को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेज कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के अनुरूप इस मास्टर प्लान को जनभागीदारी आधारित, पर्यावरण संतुलित और आधुनिक शहरी जरूरतों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। शनिवार को प्राधिकरण कार्यालय में सचिव आवास डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में मास्टर प्लान के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और इसे अंतिम स्वरूप देने के लिए ठोस रणनीति तय की गई।


सचिव आवास डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में मास्टर प्लान पर हुई चर्चा।

बैठक में मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी, सचिव मोहन सिंह बर्निया, संयुक्त सचिव प्रत्यूष सिंह, गौरव चटवाल, चीफ टाउन प्लानर शशि मोहन श्रीवास्तव, अधिशाषी अभियंता सुनील कुमार, मास्टर प्लान की कार्यदायी संस्था की ओर से नीरव मखवाना सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि इस बार मास्टर प्लान पूरी तरह जनकेंद्रित बनाया जाएगा। सचिव आवास ने निर्देश दिए कि नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में विशेष कैंप लगाकर नागरिकों की आपत्तियां और सुझाव लिए जाएं। यह पहल न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा देगी बल्कि शहरवासियों को सीधे विकास प्रक्रिया से जोड़ने का अवसर भी देगी। अधिकारियों का मानना है कि स्थानीय स्तर पर प्राप्त सुझावों से मास्टर प्लान अधिक व्यावहारिक बनेगा। मास्टर प्लान 2041 के तहत देहरादून को निवेश अनुकूल और तकनीकी रूप से सशक्त शहर बनाने का लक्ष्य है।

#### मसूरी के लिए अलग विजन

बैठक में मसूरी क्षेत्र के मास्टर प्लान पर भी विशेष चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि मसूरी मास्टर प्लान के लिए संबंधित सभी विभागों से दस्तावेज इकत्र किये जाने की प्रक्रिया जारी है। सचिव आवास ने बैठक में निर्देश दिए गए कि मसूरी को एक मॉडल हिल स्टेशन के रूप में विकसित किया जाए, जहां पर्यटन विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन कायम रखा जा सके।

#### सभी विभागों के समन्वय से होगा क्रियान्वयन

मास्टर प्लान के सफल क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि शहरी विकास, परिवहन, पर्यावरण और पर्यटन विभाग मिलकर इस योजना को लागू करेंगे, ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए।

> मास्टर प्लान 2041 केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देहरादून के भविष्य की रूपरेखा है। वार्ड स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कैंपों के माध्यम से आम नागरिकों को अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और संतुलित विकास को प्राथमिकता देते हुए देहरादून को एक आदर्श और रहने योग्य शहर बनाया जाएगा।
> – **डॉ. आर. राजेश कुमार**, सचिव आवास

> मास्टर प्लान देहरादून के विकास की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इस बार इसे पूरी तरह जनसहभागिता पर आधारित बनाया जा रहा है, जिससे हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि कन्वेंशन सेंटर, हेल्थ सिटी और गिफ्ट सिटी शहर को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएंगी और निवेश के नए अवसर खोलेंगी।
> –**बंशीधर तिवारी**, एमडीडीए के उपाध्यक्ष

# भूस्खलन स्थलों की मरम्मत को मिले 461 करोड़

### सीएम धामी ने केंद्र सरकार का जताया आभार, पैकेज से यात्रियों, पर्यटकों की सुरक्षा को मिलेगी मजबूती

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में भूस्खलन प्रभावित स्थलों के उपचार एवं मरम्मत कार्यों के लिए 461 करोड़ रु. की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं केंद्र सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इसे राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाला निर्णय बताया है, जिससे प्रदेश की सड़क अवसंरचना को नई मजबूती मिलेगी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इस स्वीकृति के अंतर्गत उत्तरकाशी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-134 पर भूस्खलन से प्रभावित 17 स्थलों के उपचार के लिए 233 करोड़ रु. तथा पिथौरागढ़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-09 के तवाघाट-घटियाबागड़ खंड पर 3 संवेदनशील स्थलों के लिए 228 करोड़ रु. की राशि स्वीकृत की गई है। यह पहल न केवल आपदा जोखिम को कम करने में सहायक होगी, बल्कि प्रदेश के दुर्गम एवं सीमांत क्षेत्रों में आवागमन को भी सुगम बनाएगी।


मुख्यमंत्री धामी ने पुलिस लाइन देहरादून में प्रशिक्षण ले रहे पुलिस कांस्टेबलों को संबोधित किया।

#### पुलिसकर्मियों को आपदा प्रबंधन में निपुण बनना आवश्यक

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को पुलिस लाइन देहरादून में प्रशिक्षण ले रहे पुलिस कांस्टेबलों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने युवा कांस्टेबलों का उत्साहवर्धन करते हुए राज्य की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने, आपदा प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाने तथा ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड पहाड़ी राज्य होने के कारण प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है, इसलिए पुलिसकर्मियों को आपदा प्रबंधन में निपुण बनना आवश्यक है। उन्होंने कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए जनता के साथ समन्वय बनाए रखने तथा अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। ट्रैफिक व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कांस्टेबलों को आधुनिक प्रशिक्षण ग्रहण कर जनसेवा के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-134, जो चारधाम यात्रा का एक प्रमुख मार्ग है, उत्तराखंड में धरासू एवं कुठनोरी से यमुनोत्री धाम को जोड़ता है। यह मार्ग भूस्खलन की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील रहा है, जिसके कारण कई बार यातायात बाधित होता है और यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने से इस मार्ग की स्थिरता बढ़ेगी, जिससे चारधाम यात्रा अधिक सुरक्षित एवं सुगम हो सकेगी। साथ ही धार्मिक पर्यटकों, पर्यावरण प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

> उत्तराखंड में भूस्खलन प्रभावित स्थलों के उपचार एवं मरम्मत के लिए 461 करोड़ रु. की स्वीकृति प्रदान किए जाने का यह निर्णय राज्य में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने, चारधाम यात्रा को सुगम बनाने तथा सीमांत क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा।
> –**पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-09 पर तवाघाट-घटियाबागड़ खंड में भूस्खलन संभावित स्थलों के उपचार से सीमांत क्षेत्रों तक निर्बाध संपर्क स्थापित होगा। इससे न केवल स्थानीय निवासियों को राहत मिलेगी, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से उत्तराखंड में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। यह स्वीकृति प्रदेश के समग्र विकास, पर्यटन को बढ़ावा देने और आपदा प्रबंधन क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सीएम घोषणाओं में न बरतें कोई लापरवाही

संवाददाता, पिथौरागढ़

- सीएम घोषणाओं में ढिलाई पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई की चेतावनी
- पारदर्शिता की कमी पर डीएम बोले- सभी की जवाबदेही सुनिश्चित होगी

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार, पिथौरागढ़ में जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने मुख्यमंत्री घोषणाओं की विभागवार समीक्षा बैठक के दौरान सख्त तेवर दिखाते हुए सभी विभागों को स्पष्ट संदेश दिया कि ढिलाई, लापरवाही और अपारदर्शिता पर अब जीरो टॉलरेंस लागू रहेगा।

बैठक में डीएम ने पर्यटन, युवा कल्याण, लोनिवि, पंचायती राज, नगर निगम, सिंचाई, लघु सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और राजस्व विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्टों का बारीकी से परीक्षण किया। कई विभागों में पारदर्शिता की कमी, कार्यों की धीमी रफ्तार और फील्ड लेवल पर कमजोर मॉनिटरिंग देखने पर जिलाधिकारी भटगांई ने अधिकारियों को सख्त फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए।

डीएम ने इसके साथ ही देवसिंह मैदान से लगी सड़क की स्थिति खराब पाए जाने पर उन्होंने लोनिवि और एनएच दोनों विभागों को तत्काल कार्रवाई के सख्त आदेश दिए। डीएम ने कहा कि जनता को असुविधा देने वाले किसी भी विभाग को बख्शा नहीं जाएगा और सड़कें ठीक होना उनकी प्राथमिकता है, इसमें लापरवाही करने वालों पर सीधे कार्रवाई होगी। इसके अतिरिक्त साइनेज बोर्ड लागने के भी निर्देश दिए।

#### सभी कार्य निर्धारित टाइमलाइन के भीतर ही पूरे हों: डीएम

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित सभी कार्य निर्धारित टाइमलाइन के भीतर ही पूरे हों। जहां बजट या तकनीकी बाधाएं हों, उनकी विस्तृत रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जाए। सभी अधिकारी फील्ड विज़िट करें और गुणवत्ता में कोई समझौता न करें। हर विभाग की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य होगी और कमी पाए जाने पर सीधे जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी घायल

**बिलासपुर:** अल्मोड़ा उत्तराखंड के गांव सैनार निवासी प्रमोद सिंह पत्नी नंदिनी के साथ दिल्ली से टैक्सी में सवार होकर वापस अल्मोड़ा जा रहे थे। इस दौरान शनिवार की सवेरे तड़के साढ़े चार बजे जीरो पॉइंट के पास टैक्सी आगे चल रही ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई।


मृतक प्रमोद सिंह।

दुर्घटना के बाद टैक्सी चालक विजय मिश्रा तथा दंपति में चीख-पुकार मच गई। साथ ही मौके पर आस-पास के लोगों समेत राहगीरों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। दुर्घटना की सूचना पर उपनिरीक्षक आकिल हुसैन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। बाद में पुलिस ने लोगों की मदद से कार फंसे लोगों को जैसे-तैसे बाहर निकालकर उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल प्रमोद सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर मृतक के परिजनों के सीएचसी पहुंचने पर चीख-पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। साथ ही क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है। कहा कि तहरीर आने पर ही आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सुरक्षित और सुगम हो जाएगा देहरादून से दिल्ली का सफर

संवाददाता, देहरादून

- 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे उद्घाटन
- ढाई से तीन घंटे रह जाएगा देहरादून से दिल्ली का सफर

**अमृत विचार:** देहरादून से दिल्ली का सफर और आकर्षक होने जा रहा है। दरअसल, बहुप्रतीक्षित दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करने जा रहे हैं।

इस एक्सप्रेस वे के शुरू होते ही यात्रा का समय 5-6 घंटे से घटकर सिर्फ 2.5 से 3 घंटे रह जाएगा, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस प्रोजेक्ट की सबसे खास बात इसका 12 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ग्रीन कॉरिडोर है, जिसे एशिया का सबसे लंबा माना जा रहा है। यह हिस्सा खासतौर पर राजाजी नेशनल पार्क क्षेत्र में बनाया गया है ताकि वन्यजीवों को कोई परेशानी न हो। सड़क को ऊंचा बनाकर नीचे से जानवरों के आने-जाने का रास्ता खुला रखा गया है, जिससे पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन बनाया गया है।

लगभग 210 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे 6 लेन का होगा और इसमें हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था भी दी गई है। यहां स्पीड मॉनिटरिंग कैमरे, मोबाइल टावर और कंट्रोल सिस्टम लगाए गए हैं, जो तेज रफ्तार पर नजर रखेंगे। कारों के लिए 100 किमी प्रति घंटे और भारी वाहनों के लिए 80 किमी प्रति घंटे की गति निर्धारित की गई है, जिससे सफर सुरक्षित और सुगम हो जाएगा।

# हरिद्वार में यातायात सुधार को मांगा सहयोग

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

- सीएम ने केंद्रीय ऊर्जा एवं आवास मंत्री से भेंट कर राज्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर की चर्चा
- हरिद्वार गंगा कॉरिडोर के लिए 325 करोड़ रु. की धनराशि की सहायता मांगी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट कर राज्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से हरिद्वार शहर में गंगा कॉरिडोर क्षेत्र से संबंधित लगभग 325 करोड़ रु. की परियोजना के लिए धनराशि स्वीकृति का अनुरोध किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने आगामी कुंभ-2027 के मद्देनजर इस परियोजना के अंतर्गत विद्युत लाइनों के भूमिगतकरण एवं प्रणाली के स्वचालन के लिए भी प्रथम चरण में 325 करोड़ रु. की धनराशि शीघ्र स्वीकृत करने का अनुरोध किया, साथ ही द्वितीय चरण के अंतर्गत शेष लगभग 425 करोड़ रु. की धनराशि भी अनुमोदित करने का अनुरोध किया।


मुख्यमंत्री ने केंद्रीय ऊर्जा एवं आवास मंत्री से भेंट कर की चर्चा। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार एवं ऋषिकेश में आगामी कुंभ-2027 की तैयारियों के संदर्भ में हरिद्वार में घाटों के सौंदर्यीकरण, आवासीय सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं शहरी अवसंरचना के विकास के लिए केंद्र सरकार से आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से राज्य में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय यातायात को सुदृढ़ करने के लिए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना को मेरठ से हरिद्वार एवं ऋषिकेश तक विस्तारित करने के साथ ही देहरादून-हरिद्वार-ऋषिकेश मेट्रो कॉरिडोर के विकास का भी अनुरोध किया, ताकि इन शहरों के मध्य आवागमन को सुगम बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से क्षेत्र में सड़क यातायात पर निर्भरता कम होगी, यातायात जाम की समस्या में कमी आएगी तथा पर्यावरणीय दृष्टि से भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल उत्तराखण्ड के प्रमुख तीर्थस्थलों को आधुनिक परिवहन नेटवर्क से जोड़ते हुए क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों, पर्यटन एवं समग्र विकास को नई गति प्रदान करेगी। केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर आश्वासन दिया।

# ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के लिए आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- जरूरतमंदों को दिया जाएगा 35 दिवसीय प्रशिक्षण
- 18 से 50 वर्ष अभ्यर्थी कर सकते हैं आवेदन

**अमृत विचार :** युवाओं और युवतियों के लिए रोजगारपरक अवसर प्रदान करते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा-आरसेटी ने 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर रहा है। प्रशिक्षण 8 अप्रैल से प्रारंभ होगा।

संस्थान (हीरा कुंवर स्कूल के पीछे, कुंवरपुर, गौलापार) में आयोजित इस प्रशिक्षण के लिए 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी 8 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। पूरे जिले के लिए कुल 35 सीटें निर्धारित की गई हैं। यह प्रशिक्षण पूरी तरह आवासीय और निःशुल्क होगा। प्रतिभागियों को चाय, नाश्ता, भोजन, यूनिफॉर्म और प्रशिक्षण सामग्री भी मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी।

इच्छुक अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड/जॉब कार्ड, चार पासपोर्ट साइज फोटो और बैंक पासबुक की फोटोकॉपी के साथ संस्थान में उपस्थित होना होगा। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी 05946-266095, 8477009546 और 9756947425 पर संपर्क कर सकते हैं।

# 11 वंचित अभ्यर्थियों की नियुक्ति का रास्ता निकालने के दिए निर्देश

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में बरती गई अनियमितताओं पर सख्त टिप्पणी की है। साथ ही नियम विरुद्ध नियुक्त शिक्षकों की सेवा में व्यवधान डाले बिना कोर्ट ने नियुक्ति से वंचित 11 अभ्यर्थियों की नियुक्ति का रास्ता निकालने के निर्देश भी शिक्षा निदेशालय को दिए हैं। इन अभ्यर्थियों के लिए कोर्ट के निर्देश पर पद रिक्त रखे गए हैं।


मामले के अनुसार वर्ष 2016 में हुई नियुक्ति प्रक्रिया में कई अभ्यर्थियों की नियमविरुद्ध नियुक्ति होने व 11 योग्य अभ्यर्थी नियुक्ति से वंचित रखे जाने का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। जिसे नियुक्ति से वंचित विनय कुमार व अन्य ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जिसमें शिक्षा विभाग के अलावा बड़ी संख्या में वे प्राथमिक शिक्षक प्रतिवादी हैं जिन्हें नियुक्ति मिल गई थी।

इधर शिक्षा विभाग ने नवंबर 2025 में सहायक अध्यापक प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए विज्ञप्ति जारी की है। कोर्ट के निर्देश पर इस नियुक्ति प्रक्रिया में पूर्व में नियुक्ति से वंचित 11 अभ्यर्थियों के लिए पद रिक्त रखने के निर्देश हैं। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए इस बात पर हैरानी जताई कि सीबीएसई और एनसीटीई द्वारा अपात्र घोषित किए जाने के बावजूद, चयन समिति ने बिना योग्यता जांचे बड़ी संख्या में अपात्र अभ्यर्थियों की नियुक्ति की सिफारिश कैसे कर दी।

#### हाईकोर्ट ने दिया एक सप्ताह का अतिरिक्त समय



हाईकोर्ट ने इस मामले में उदार रुख अपनाते हुए अधिकारियों को आदेश के अनुपालन या कानूनी रास्ता निकालने के लिए एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई अब 8 अप्रैल 2026 को तय की गई है। फिलहाल, संबंधित अधिकारियों को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दी गई है।


सरोवर नगरी में शनिवार को हुई रिमझिम बारिश ने मौसम सुहावना बना दिया।

### नैनीताल में हुई हल्की बारिश, मौसम हुआ सुहावना


**नैनीताल, अमृत विचार :** सरोवर नगरी में शनिवार को हुई हल्की बारिश ने मौसम सुहावना बना दिया। वर्षा के कारण तापमान में गिरावट आई है। इधर एक और पश्चिमी विक्षोभ बुधवार से सक्रिय होने जा रहा है। नगर सुबह नौ बजे हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके बाद दोपहर एक बजे भी हल्की रिमझिम वर्षा हुई । करीब आधा घंटा रुक रुक कर वर्षा जारी रही। इसके बाद वर्षा तो थम गई लेकिन घने बादल आसमान में डेरा डाले रहे, जो देर शाम तक छाए हुए थे। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण वर्षा हुई है। अब बुधवार से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। जिसका असर गुरुवार तक नजर आने लगेगा। हल्की से मध्यम बारिश की संभावना रहेगी, जबकि 3300 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात होगा। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया और न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस रहा।

# धूमकेतु के बच निकलने को लेकर सस्पेंस सुरक्षित होने पर 7 अप्रैल के बाद दिखेगा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** धूमकेतु सी/2026 ए1 (एमएपीएस) के सुरक्षित रहने को लेकर सस्पेंस बरकरार है। यह धूमकेतु शनिवार को सूर्य के सर्वाधिक करीब पहुंचा है। नासा की सोहो की दूरबीन इस पर निरंतर नजर बनाए है, जो रियल टाइम फोटो भेज रही हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे के अनुसार धूमकेतु सी/2026 ए1 (एमएपीएस) बच निकला तो 7 अप्रैल के बाद पश्चिम के आसमान में नजर आने लगेगा। तब इसे सूर्यास्त के बाद ही देखा जा सकेगा। इसकी लंबी पूंछ भी नजर आने लगेगी। इसे भारत से देखने का मौका भी मिलेगा। शाम को पश्चिम के आकाश में क्षितिज के बहुत पास होगा। धूमकेतुओं के अध्ययन करने वाले वैज्ञानिकों को यह धूमकेतु बहुत देकर जाने वाला है। जिस कारण इसे बेहद दुर्लभ माना जा रहा है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे ने बताया कि अमेरिकी स्पेस एजेंसी, नासा और यूरोपियन स्पेस एजेंसी ईसा की अंतरिक्ष में स्थापित प्रयोगशाला सोलर एंड हेलियोस्फेरिक ऑब्जरवेटरी (सोहो) की दूरबीन इस धूमकेतु को निरंतर देख रही है। यह दूरबीन अंतरिक्ष में 15 लाख किमी की दूरी पर स्थापित की गई है।


सोहो द्वारा भेजी गई तस्वीर। फिलहाल यह धूमकेतु सूर्य के कोरोना के घेरे में है।

यह धूमकेतु फिलहाल सोमवार तक सोहो की दूरबीन के रडार में रहेगा। इसके बाद वह धूमकेतु सूर्य के कोरोना वाले भाग से बाहर निकल आएगा। अभी यह सुरक्षित है और सूर्य के पिछले हिस्से की तरफ आगे बढ़ रहा है।

## सिटी ब्रीफ

### 6 अप्रैल को धरना प्रदर्शन का ऐलान

**हल्द्वानी :** अखिल भारतीय किसान महासभा की बागजाला कमेटी ने आगामी 6 अप्रैल को डीएफओ तराई पूर्वी कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। शनिवार को ग्रामीणों के साथ बैठक कर आंदोलन की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि वन विभाग की रोक के चलते सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई नहर, भवन निर्माण और जल जीवन मिशन के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आंदोलनकारियों ने आठ सूत्रीय मांगों में पेयजल योजनाओं को शुरू करने, सड़कों व नहरों की मरम्मत, नए बिजली-पानी कनेक्शन, स्ट्रीट लाइट लगाने और जारी नोटिस वापस लेने की मांग शामिल की।

### पुलिस ने सट्टा लगाते दबोचा सटोरिया

**हल्द्वानी :** पुलिस ने टनकपुर चौराहा क्षेत्र में छापेमारी कर एक व्यक्ति को सट्टा लगाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसआई कृष्ण गिरी ने बताया कि वह पुलिस टीम के साथ चेकिंग पर थे। तभी उन्हें सट्टे की खबर मिली। पुलिस तुरंत श्मशान घाट के पास एक गली में पहुंची। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद लोग भाग निकले, लेकिन एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजू पुत्र दयाल राम, निवासी राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 12, राजपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा पर्चियां और 1200 रुपये बरामद किए गए हैं।

### बिजली कटौती से लोग रहे परेशान

**हल्द्वानी :** शहर और ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार को लोगों को कई बार बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। इससे दुकानदारों का कामकाज प्रभावित हुआ और घरों में भी लोग परेशान रहे। बिजली कटौती से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शनिवार को सुबह से ही बिजली आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। शहर और ग्रामीण के अलग-अलग क्षेत्रों में पंद्रह मिनट से एक घंटे तक बिजली गुल रही।

### वाहनों की भिड़ंत को लेकर दो पक्षों में विवाद

**नैनीताल :** नैनीताल-पंगोट मार्ग पर हिमालय दर्शन के पास तेज़ रफ्तार कार ने गलत दिशा में आकर टैक्सी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया, जिससे मार्ग पर जाम लग गया। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारू किया। टैक्सी चालक मनोज कुमार की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

**पंजीकरण का पता नहीं, अधिकारी बोले-जो संस्थाएं छोटे बच्चों के प्ले स्कूल चला रहीं हैं वह मान्यता, पंजीकरण और अन्य जरूरी दस्तावेज विभाग को सौंपे**

# गली-कूचे में धड़ल्ले से चल रहे प्ले स्कूल, यहां मानकों के साथ हो रहा गेम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में छोटे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के नाम पर चल रहे प्ले स्कूलों की हकीकत चौंकाने वाली है। शिक्षा विभाग के रिकॉर्ड में जहां जिले में एक भी प्ले-स्कूल पंजीकृत नहीं है। जबकि शहर के लगभग हर गली-मोहल्ले में कई प्ले स्कूल धड़ल्ले से चल रहे हैं।

आरटीआई से मिले जवाब के अनुसार विभागीय मानकों में प्ले-स्कूल जैसी कोई स्पष्ट श्रेणी या कांसेप्ट ही मौजूद नहीं है। ऐसे में इन संस्थानों के पंजीकरण को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं हैं। हालांकि, अधिकारियों ने यह भी माना कि यदि कोई संस्था बच्चों की शिक्षा से जुड़ी गतिविधियां चला रही है, तो उसे अपनी मान्यता, पंजीकरण और अन्य जरूरी दस्तावेज विभाग को उपलब्ध कराने चाहिए। इधर, शहर में बिना किसी निगरानी के चल रहे इन प्ले स्कूलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कई जगह तो छोटे-छोटे मकानों और दुकानों में ही प्ले स्कूल चलाए जा रहे हैं, जहां न तो पर्याप्त जगह है और न ही बच्चों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम। कई अभिभावकों ने भी नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें प्ले स्कूल चुनते समय किसी प्रकार की सरकारी सूची या जानकारी नहीं मिलती, जिससे सही और सुरक्षित विकल्प चुनना मुश्किल हो जाता है।

**टेक्स्ट मैसेज से लेकर आरओ की मेंटीनेंस तक वसूली:** स्कूलों से मिली जानकारी के अनुसार कंपोजिट फीस के नाम पर टेक्स्ट मैसेज से लेकर आरओ मेंटीनेंस का खर्चा भी अभिभावकों से वसूला जाता है। हैरानी की बात है कि अभिभावक चाहकर भी इसके खिलाफ बोल नहीं पाते हैं।

**अहम सवाल**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब विभाग के पास पंजीकरण का कोई रिकॉर्ड ही नहीं है, तो इन संस्थानों की निगरानी कैसे हो रही है। क्या प्रशासन इन पर कोई कार्रवाई करेगा या यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा?



प्ले स्कूल का एआई फोटो। ● अमृत विचार

**अधूरे मानक पर वसूली जाती है मोटी फीस**

**हल्द्वानी:** अभिभावकों का कहना है कि कई स्कूल एडमिशन फीस, कंपोजिट फीस, मासिक शुल्क और अन्य खर्चों को जोड़कर मोटी फीस वसूलते हैं, लेकिन यूडायस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन या नर्सरी क्लास के लिए पैन नंबर जैसी जरूरी जानकारियां नहीं देते। सुरक्षा मानकों का पालन भी अधूरा है। प्रत्येक क्लास में 15 बच्चों के लिए कम से कम एक शिक्षक और एक सहायक होना चाहिए। खेल और अन्य गतिविधियों के दौरान सीसीटीवी कैमरे और कम से कम एक माह का रिकॉर्ड होना जरूरी है। स्कूल बिल्डिंग का एरिया 2500-4000 वर्ग फीट और प्लेग्राउंड 800-1200 वर्ग फीट होना चाहिए। इसके अलावा, एयर कंडीशनिंग और आरओ का नियमित मेंटेनेंस, डेली एक्टिविटीज का लॉग, इवेक्यूएशन प्लान और गेट पर चौकीदार की मौजूदगी भी जरूरी है।



बिना पंजीकरण या मानकों के यदि कोई भी प्ले स्कूल या स्कूल चलाया जा रहा है, तो उस पर शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर उचित कार्रवाई करनी चाहिए। इसे लेकर पूर्व में प्रशासन व शिक्षा विभाग के बीच हुई बैठक में स्पष्ट किया गया था। - **एपी वाजपेयी**, सिटी मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी



नैनीताल जिले में कोई भी प्ले स्कूल पंजीकृत नहीं है और इसे लेकर कोई स्पष्ट दिशानिर्देश नहीं है। यदि इनका संचालन संबंधित विभाग की एनओसी के बगैर किया जा रहा है, तो गलत है। ऐसे स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी। - **गोविंद राम जायसवाल**, सीईओ, नैनीताल

**प्ले स्कूल में 1-2 साल के बच्चों का एडमिशन**

शिक्षा विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि 3 साल से कम उम्र के बच्चों को कोई भी स्कूल एडमिशन नहीं देगा। लेकिन हैरानी की बात है कि प्ले स्कूल का मार पर 1 से 2 साल तक के बच्चों को भी एडमिशन दिया जा रहा है। इससे एजुकेशन सिस्टम पर बड़ा सवाल खड़ा होता है।

---

# हाथी के हमले में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत

**रामनगर वन प्रभाग के कालाढूंगी रेंज अंतर्गत बंदोबस्ती क्षेत्र में टस्कर हाथी के हमले में घायल हुए थे बुजुर्ग**

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** रामनगर वन प्रभाग के कालाढूंगी रेंज अंतर्गत नगर से सटे बंदोबस्ती क्षेत्र में टस्कर हाथी के हमले में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है।


भूपेंद्र बिष्ट ( फाइल )

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को भूपेंद्र सिंह बिष्ट (65) पुत्र खीम सिंह बिष्ट, निवासी कालाढूंगी बंदोबस्ती, साप्ताहिक बाजार से सब्जी लेकर साइकिल से घर लौट रहे थे। नगर से लगभग 800 मीटर का रास्ता जंगल से होकर गुजरता है। शाम करीब साढ़े सात बजे आबादी क्षेत्र के पास अंधेरे के कारण वह रास्ते किनारे केले के पेड़ खा रहे टस्कर हाथी को देख नहीं पाए। पास पहुंचते ही हाथी ने उन पर हमला कर दिया और उनकी साइकिल को भी कुचल दिया। इसी दौरान बाजार से लौट रहे ग्रामीण गणेश जोशी ने करीब 150 मीटर की दूरी से हाथी को देखा और शोर मचाया, जिसके बाद हाथी वहां से भाग गया। ग्रामीणों ने घायल अवस्था में भूपेंद्र सिंह को बाइक से घर पहुंचाया। इसके बाद परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एसटीएच रेफर कर दिया गया। वहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। शव घर पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर डीएफओ ध्रुव मर्तोलिया, रेंजर रमेश ध्यानी और डिप्टी रेंजर भूपेंद्र बिष्ट ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। डीएफओ ने परिजनों से मुलाकात कर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना शनिवार सुबह मिली और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


हाथी द्वारा तोड़ी गई साइकिल। ● अमृत विचार


कालाढूंगी रेंज के मूसाबंगर गांव में बीते दिवस उत्पात मचाता हाथी। ● अमृत विचार

**कांग्रेस नेता ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात**

**कालाढूंगी :** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने हाथी के हमले में मृतक भूपेंद्र सिंह के परिजनों से मुलाकात कर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दु:खद, दुर्भाग्यपूर्ण और गंभीर चिंता का विषय है। यह केवल एक परिवार की अपूरणीय क्षति नहीं, बल्कि क्षेत्र में व्याप्त असुरक्षा और प्रशासनिक लापरवाही का संकेत भी है। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी, रामनगर से वार्ता कर पीड़ित परिवार को तत्काल और उचित मुआवजा देने, क्षेत्र में वन्यजीवों के बढ़ते खतरे को देखते हुए प्रभावी सुरक्षा उपाय लागू करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो कांग्रेस पार्टी जनहित में आंदोलन करने को बाध्य होगी।

**आठ माह से टस्कर हाथी का आतंक, दहशत**

**कालाढूंगी :** क्षेत्र में पिछले लगभग आठ महीनों से टस्कर हाथी का आतंक बना हुआ है। ग्रामीणों को लंबे समय से किसी बड़ी अनहोनी की आशंका थी, जो अब सच साबित हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, हाथी अक्सर शाम ढलते ही आबादी क्षेत्र में प्रवेश कर जाता था। कई बार जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी जानकारी देकर सुरक्षा की मांग की, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। 10 मार्च की सुबह भी घटना स्थल से कुछ दूरी पर हाथी ने ग्रामीणों को दौड़ा लिया था, जिसमें उन्होंने घर में छिपकर अपनी जान बचाई थी। हाथी ने एक घर के आंगन में आम का पेड़ तोड़कर नुकसान भी पहुंचाया था। इसके अलावा कोटाबाग के मूसाबंगर क्षेत्र में भी हाथी द्वारा ग्रामीणों को दौड़ाने की घटनाएं सामने आई हैं। टस्कर हाथी की बढ़ती आक्रामकता से क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है, जबकि वन विभाग की रोकथाम की रणनीतियां अब तक कारगर साबित नहीं हो पाई हैं।

**बाघ का निवाला बनी महिला के परिवार को 10 लाख का चेक सौंपा**

**भीमताल :** भीमताल विकासखंड के अंतर्गत सूर्या जाला क्षेत्र में शुक्रवार को जंगल गई हंसी देवी, पत्नी लाल सिंह को बाघ ने अपना शिकार बना लिया था। उनका शव देर शाम ग्रामीणों द्वारा बरामद किया गया। घटना के बाद वन विभाग ने तत्काल सुरक्षा के दृष्टिगत देर शाम ही दो पिंजरे लगा दिए थे। वहीं शनिवार को तीन अन्य पिंजरे लगाने की कार्रवाई की जा रही है। डीएफओ आकाश गंगवार ने प्रभावित परिवार को 10 लाख रुपये का चेक सौंपा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील भी की। वन क्षेत्राधिकारी नितिन पंत ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 20 कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिनमें से दो लाइव कैमरे हैं। साथ ही अन्य स्थानों पर भी पिंजरे लगाए जा रहे हैं ताकि वन्यजीव को जल्द पकड़ा जा सके। इधर, ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने शुक्रवार देर रात भीमताल के सूर्यागांव में हुई इस घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने दूरभाष के माध्यम से नैनीताल के डीएफओ को घटना की जानकारी देते हुए आदमखोर वन्यजीव को शीघ्र पकड़ने के निर्देश दिए। साथ ही पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि उनके खाते में शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा।

### 10 अप्रैल से चलेगी गोरखपुर-लालकुआं साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**हल्द्वानी:** ग्रीष्मकाल में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने विशेष साप्ताहिक ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे की ओर से गोरखपुर-लालकुआं-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

यह ट्रेन गोरखपुर से 10 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार और लालकुआं से 11 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को कुल 14 फेरों के लिए संचालित होगी। ट्रेन शुक्रवार को गोरखपुर से शाम 5:05 बजे रवाना होकर बस्ती, गोंडा और सीतापुर जंक्शन होते हुए अगले दिन सुबह 8 बजे लालकुआं पहुंचेगी। यह ट्रेन लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत, भोजीपुरा और किच्छा सहित प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी।

वापसी में ट्रेन शनिवार सुबह 10 बजे लालकुआं से प्रस्थान करेगी और विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन तड़के 1:15 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। विशेष ट्रेन में कुल 17 कोच लगाए जाएंगे। संजीव शर्मा ने बताया कि इस स्पेशल ट्रेन के संचालन से ग्रीष्मकाल में यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी और भीड़भाड़ से राहत मिलेगी।

---

# सीतावनी में दिखा विशाल किंग कोबरा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** रामनगर वन प्रभाग के सीतावनी पर्यटन जोन में शनिवार की सुबह जंगल सफारी पर निकले पर्यटकों को मंदिर के पास सड़क पर अचानक एक विशालकाय किंग कोबरा दिखाई दिया। जिप्सी में बैठे पर्यटक इसे देखकर दंग रह गए।

इतने बड़े किंग कोबरा को उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था। शनिवार 4 अप्रैल की सुबह, जब पर्यटक नियमित जंगल सफारी पर सीतावनी जोन पहुंचे, तभी सड़क पर यह विशालकाय सर्प दिखाई दिया। कुछ देर के लिए जिप्सी वहीं रुक गई और सभी की नजरें इस दुर्लभ किंग कोबरा पर टिक गईं। किंग कोबरा बेहद शांत अंदाज़ में सड़क पार करता नजर आया। सभी पर्यटकों ने इस दृश्य को अपने कैमरों में कैद कर यादगार बना लिया। नेचर गाइड दीप मलकानी ने बताया कि सुबह सफारी के दौरान मंदिर के पास यह दुर्लभ दृश्य देखने को मिला। उन्होंने कहा कि अक्सर छोटे सांप और छोटे किंग कोबरा जंगल में दिखाई देते हैं, लेकिन इतना विशाल और दुर्लभ किंग कोबरा बहुत कम देखा जाता है। प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार के अनुसार, किंग कोबरा कॉर्बेट और सीतावनी में इसलिए दुर्लभ माना जाता है क्योंकि उसका मुख्य पसंदीदा आवास, व्यवहार और घनत्व तीनों ही इसे कम दिखाई देने वाला बनाते हैं। रजवार कहते हैं कि ये सांप घने, नम, शांत जंगलों में अधिक सहज रहते हैं और इंसानों से दूर रहते हैं। यह छिपकर रहने वाला, कम दिखने वाला सर्प है। किंग कोबरा ज्यादातर घने अंडरग्रोथ, नालों, पत्तों की मोटी परत और शांत जंगल हिस्सों में रहता है। खुले सफारी ट्रैक पर इसका मिलना संयोग की बात है।


सीतावनी में दिखाई दिया विशाल किंग कोबरा। ● अमृत विचार

# गड्ढे ने ली जान, बाइक से गिरकर महिला की मौत

संवाददाता, हल्द्वानी

- पति के साथ हल्द्वानी से पीलीभीत के लिए निकली थी महिला
- खमरिया पुल के पास सड़क के गड्ढे से अनियंत्रित हुई बाइक

**अमृत विचार :** सड़क का गड्ढा एक महिला की जान का सबब बन गया। पति के साथ बाइक पर सवार होकर पीलीभीत के लिए महिला निकली थी। सड़क के गड्ढे में जाने की वजह से बाइक अनियंत्रित हो गई और गिरने की वजह से महिला के सिर पर गंभीर चोट आ गई। अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, शिवाजी नगर डहरिया निवासी संतोष कुमार यहां अपनी पत्नी मीना (49 वर्ष) व बेटा विकास के साथ रहते हैं। बीते शुक्रवार को संतोष और मीना को पीलीभीत जाना था। दोनों बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे। विकास ने बताया कि खमरिया पुल के पास सड़क पर एक गड्ढा था। बाइक गड्ढे में जाते ही अनियंत्रित हो गई और बाइक सवार उसके माता-पिता सड़क पर गिर गए। गिरने की वजह से मीना के सिर पर गंभीर चोट आई। आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया। जिसके बाद संतोष पत्नी मीना को लेकर डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचे। यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# गैस संकट से वरिष्ठ नागरिक खफा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बिठौरिया देवकीबिहार कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिकों ने गैस सिलेंडर के लिए लग रही लंबी लाइनों पर नाराजगी जताते हुए निर्णय लिया है कि अब कोई भी उपभोक्ता लाइन में खड़ा नहीं होगा। उन्होंने प्रशासन से गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित करने की मांग की है।

शनिवार सुबह पीसी बिष्ट के आवास पर आयोजित बैठक में वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि जब गैस की होम डिलीवरी व्यवस्था पहले से लागू है, तो उपभोक्ताओं को सिलेंडर के लिए लाइन में खड़ा करना अनुचित है। बैठक में यह भी सामने आया कि कई उपभोक्ताओं को बुकिंग के 20 दिन बाद भी गैस उपलब्ध नहीं हो सकी है। ऐसे उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर प्रशासन से समाधान की मांग करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने एपी वाजपेयी और विजय नाथ शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने गैस वितरण अव्यवस्था और वरिष्ठ नागरिकों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। महाप्रबंधक विजय नाथ शुक्ला ने सहमति जताते हुए रवि मेहता को होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि रोस्टर में जिन स्थानों का उल्लेख होता है, उसका अर्थ वहां गैस की होम डिलीवरी होना है, न कि उपभोक्ताओं को लाइन में लगना। उन्होंने बताया कि गैस वितरण ''फर्स्ट इन, फर्स्ट आउट'' प्रणाली के आधार पर किया जा रहा है। बैठक में बहादुर सिंह बिष्ट, प्रकाश चन्द्र बिष्ट, लक्ष्मण सिंह नेगी, पीएस रावत, मदन सिंह परिहार, केएस बिष्ट, रेखा बिष्ट, गंगा तिवारी, दीपा भौर्याल रहे।


गैस वितरण में सुधार के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते वरिष्ठ नागरिक।

---

**अनदेखी** | **2016 में बनी कृत्रिम दीवार पर आज तक नहीं हुआ प्रशिक्षण, 10 साल से नहीं मिला कोच**

# गौलापार स्टेडियम की रॉक क्लाइंबिंग वॉल बनी शोपीस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई रॉक क्लाइंबिंग वॉल आज शोपीस बनकर रह गई है। वर्ष 2016 में तैयार हुई यह कृत्रिम चट्टान की दीवार बीते दस वर्षों में एक बार भी खिलाड़ियों के उपयोग में नहीं आ सकी है। मुख्य कारण यह है कि खेल विभाग अब तक इसके लिए प्रशिक्षित कोच की नियुक्ति नहीं कर पाया है।

रॉक क्लाइंबिंग वॉल प्राकृतिक चट्टानों की तर्ज पर बनाई गई कृत्रिम संरचना होती है, जिस पर खिलाड़ियों को सुरक्षित तरीके से चढ़ने का प्रशिक्षण दिया जाता है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि स्टेडियम में बनी इस वॉल पर आज तक किसी खिलाड़ी को चढ़ाया ही नहीं गया। प्रतियोगिताओं का आयोजन तो दूर, खिलाड़ियों को इसके उपयोग की जानकारी देना भी जरूरी नहीं समझा गया। लंबे समय से उपयोग न होने के कारण अब इस वॉल की स्थिति भी खराब होने लगी है। इसमें लगे आर्टिफिशियल होल्ड टूटने और घिसने लगे हैं, जिससे विभाग की लापरवाही साफ झलकती है। कुछ वर्ष पूर्व एक एडवेंचर स्पोर्ट्स संस्था ने यहां रॉक क्लाइंबिंग शुरू करने की पहल भी की थी, लेकिन वह आगे नहीं बढ़ सकी। यह खेल जोखिम भरा होने के कारण बिना प्रशिक्षित कोच और सुरक्षा इंतजाम के खिलाड़ियों को अनुमति नहीं दी जा सकती।


शोपीस बनी गौलापार स्टेडियम की रॉक क्लाइंबिंग वॉल। ● अमृत विचार

**जल्द शुरू कराने की तैयारी: खेल उपनिदेशक**

रशिका सिद्धिकी ने बताया कि स्टेडियम में बनी रॉक क्लाइंबिंग वॉल को शुरू कराने के लिए विभाग स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। कहा कि यह साहसिक खेल होने के कारण प्रशिक्षित कोच और सुरक्षा मानकों का होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि पूर्व में कोच की उपलब्धता नहीं होने के कारण इस सुविधा का संचालन शुरू नहीं हो सका, लेकिन अब कोच की व्यवस्था और आवश्यक उपकरणों को दुरुस्त कराने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही खिलाड़ियों के लिए रॉक क्लाइंबिंग प्रशिक्षण शुरू करने का प्रयास किया जाएगा। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक इंतजाम पूरे करने के बाद ही इस गतिविधि को औपचारिक रूप से शुरू किया जाएगा।

**सुरक्षा उपकरणों के बिना संभव नहीं प्रशिक्षण**

रॉक क्लाइंबिंग के लिए विशेष प्रशिक्षण और उपकरणों की आवश्यकता होती है। इसमें रस्सी, हेलमेट, विशेष जूते, क्लाइंबिंग गियर, बेले डिवाइस, कैरबाइनर, चाक बैग और सुरक्षा मैट जैसे उपकरण जरूरी होते हैं। इनकी मदद से खिलाड़ियों को सुरक्षित तरीके से चढ़ाई कराई जाती है, ताकि फिसलने पर चोट से बचाव हो सके।


अवैध सागौन लकड़ी लदी कार के साथ वन विभाग की टीम।

**सागौन की लकड़ी बरामद, दो आरोपी फरार**

**हल्द्वानी :** वन विभाग की टीम ने शनिवार सुबह अवैध सागौन की कीमती लकड़ी बरामद की। हालांकि मौके का फायदा उठाकर दो आरोपी झाड़ियों में भागने में सफल रहे। उनकी तलाश में लगातार कार्रवाई की जा रही है। शनिवार सुबह करीब छह बजे मुखबिर की सूचना पर शांतिपुरी-किच्छा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गश्त के दौरान वन विभाग की टीम ने एक संदिग्ध हुंडई सैंट्रो कार का पीछा किया। कुछ दूरी पर वाहन को ओवरटेक कर रोक लिया गया। जांच के दौरान कार के अंदर अवैध सागौन की लकड़ी बरामद हुई, जिसे किच्छा के रास्ते उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था। कार में सवार समीर उर्फ छम्मी और आकाश सिंह वाहन छोड़कर पास की झाड़ियों में फरार हो गए। वन विभाग की टीम ने कार और उसमें लदी लकड़ी को कब्जे में लेकर लालकुआं वन परिसर की डॉली रेंज में सुरक्षित रख दिया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में नवीन सिंह पवार, राज कुमार, सुरेश चंद्र परगांई और राजेंद्र सिंह लटवाल शामिल रहे।

### डंपर की चपेट में आया डिलीवरी बॉय, घायल

**हल्द्वानी :** पंचायत घर चौराहे के पास एक डिलीवरी बॉय तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आ गया। हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम हरिपुर लालमंडी निवासी 31 वर्षीय कुलदीप सिंह, एक निजी कंपनी में डिलीवरी बॉय के रूप में कार्यरत हैं। बीते शनिवार को स्कूटी से आरटीओ रोड की ओर से घर लौट रहे थे। पंचायत घर चौराहे से आरटीओ रोड की तरफ जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। डंपर का अगला टायर कुलदीप के दाहिने पैर पर चढ़ कर कुचल गया। कुलदीप को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि कुलदीप के पिता त्रिलोक सिंह रौतेला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# रुसी बाईपास में बनेगा कूड़ा निस्तारण प्लांट, प्रशासन ने जमीन की आवंटित

## आठ वर्ष बाद रास्ता हुआ साफ, नैनीताल में प्लांट निर्माण के लिए नगर पालिका को पांच नाली भूमि मिली

- नगर पालिका जल्द तैयार करेगा नई डीपीआर
- भूमि के अभाव में लंबे समय से लटकी थी यह योजना

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी नैनीताल में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार कूड़ा निस्तारण प्लांट के निर्माण की दिशा में ठोस पहल शुरू हो गई है। जिला प्रशासन ने नगर पालिका को रुसी बाईपास क्षेत्र में प्लांट निर्माण के लिए पांच नाली भूमि आवंटित कर दी है। इसके साथ ही इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का रास्ता साफ हो गया है। नगर पालिका जल्द ही नई डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार कर निर्माण कार्य शुरू करेगी। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा के अनुसार, नए सिरे से डीपीआर बनाई जा रही है और जल्द ही प्लांट निर्माण का कार्य धरातल पर शुरू कर दिया जाएगा।

दरअसल नैनीताल में कूड़ा निस्तारण प्लांट का निर्माण वर्ष 2018 तक होना था। केंद्र सरकार और नैनीताल हाईकोर्ट दोनों ने इस परियोजना के लिए समय-सीमा तय की थी, लेकिन भूमि के अभाव में यह योजना लगातार लटकी रही। कई बार समय सीमा खत्म होने के बावजूद भी काम शुरू नहीं हो सका। नगर पालिका द्वारा लगातार उठाए गए मुद्दों के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर एक टीम गठित की गई, जिसने रुसी बाईपास क्षेत्र में पांच नाली भूमि का चयन किया।


एआई से प्रतीकात्मक फोटो। ● अमृत विचार

### कचरे की गंभीर समस्या

नैनीताल जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल में कूड़ा प्रबंधन एक बड़ी चुनौती है। रोजाना लगभग 18 टन कूड़ा निकलता है, जो पर्यटन सीजन में बढ़कर 25 टन प्रतिदिन हो जाता है। स्थानीय प्लांट न होने के कारण पूरा कचरा हल्द्वानी भेजा जाता है, जिससे नगर पालिका को हर महीने लगभग चार लाख रुपये का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है।

"पूर्व में नारायणनगर में स्थानीय विरोध के चलते कार्य रुक गया था। अब रुसी बाईपास क्षेत्र में भूमि चयनित हो चुकी है। जल्द ही नई डीपीआर तैयार कर प्लांट निर्माण का काम शुरू किया जाएगा। –**रोहिताश शर्मा**, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका नैनीताल

### पहले प्रोजेक्ट की ठोकरें

नगर पालिका का कूड़ा निस्तारण प्लांट बनाने के लिए लगभग 2 से 2.5 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट पहले ही स्वीकृत हो चुका है। यह प्लांट पहले नारायणनगर क्षेत्र में बनने वाला था, लेकिन स्थानीय निवासियों के विरोध के चलते कार्य रोक दिया गया। विरोध का मुख्य कारण यह था कि नियमों के अनुसार कूड़ा निस्तारण प्लांट आबादी के पास नहीं बनाया जा सकता। नारायणनगर में प्रस्तावित प्लांट पर विरोध के कारण प्रशासन को नई जगह खोजनी पड़ी, जिसमें लगभग एक साल का समय लग गया।

### केंद्र और हाईकोर्ट के निर्देश भी बेअसर

केंद्र सरकार ने 2016 में सभी नगर निकायों को 2018 तक प्लांट बनाने के निर्देश दिए थे। नैनीताल हाईकोर्ट ने भी 2019 तक सभी नगर पालिकाओं में प्लांट लगाने को कहा था। इसके बावजूद नैनीताल समेत कई शहर इस दिशा में पिछड़ गए।

### अब आगे होगा क्या?

रुसी बाईपास में भूमि मिलने के बाद अब नई डीपीआर तैयार होगी। तकनीकी स्वीकृतियां ली जाएंगी इसके बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। यदि इस बार काम समय पर पूरा होता है, तो नैनीताल को कूड़ा प्रबंधन की बड़ी समस्या से राहत मिल सकती है।

### पहले की महत्वाकांक्षी योजनाएं अधर में

पहले प्रस्तावित प्लांट में आधुनिक तकनीक के जरिए ग्राफीन उत्पादन और कचरे से ईंधन निर्माण की योजना भी बनाई गई थी। इससे नगर पालिका को सालाना करोड़ों रुपये का राजस्व मिलने की संभावना थी। हालांकि, देरी के कारण यह महत्वाकांक्षी योजना अब अधर में है। प्लांट स्थल पर पहले ही चारदीवारी और बेस निर्माण के साथ कचरा पृथक्करण के लिए मशीनें खरीदी जा चुकी हैं, लेकिन प्रोजेक्ट रुकने के कारण करोड़ों की मशीनें फिलहाल उपयोग में नहीं हैं।

# दुर्गम पहाड़ों में बागवानी से दी रोजगार की नई दिशा

- शिक्षक भवदेव त्रिपाठी का प्रयास लाया रंग

संवाददाता, भीमताल


शिक्षक भवदेव त्रिपाठी।

**अमृत विचारः** कोरोना काल जहां एक ओर लोगों के लिए चुनौतीपूर्ण समय लेकर आया, वहीं कुछ लोगों ने इस कठिन दौर को अवसर में बदलकर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किए। ऐसा ही सराहनीय कार्य ओखलकाण्डा विकासखंड के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय, मटेला में कार्यरत शिक्षक भवदेव त्रिपाठी ने किया है।

उन्होंने अपने बड़े भाई जगदीश चंद्र के सहयोग से गांव के दूरस्थ तोक काफली में आधुनिक बागवानी की शुरुआत कर एक नई दिशा दिखाई है। दरअसल, मटेला गांव का काफली तोक मुख्य मोटर मार्ग से लगभग 3 से 4 किलोमीटर दूर स्थित है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और रोजगार के अभाव के कारण यहां के अधिकांश लोग वर्षों पहले ही पलायन कर चुके हैं। स्थिति यह है कि कभी 20-25 परिवारों की आबादी वाले इस क्षेत्र में वर्तमान में मात्र 3-4 परिवार ही रह गए हैं। ऐसे में यहां किसी भी प्रकार की आर्थिक गतिविधि शुरू करना एक बड़ी चुनौती थी। भवदेव त्रिपाठी ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए वर्ष 2022 में बागवानी के क्षेत्र में कदम रखा। उन्होंने इंडोडच हॉर्टीकल्चर एंड टेक्नोलॉजीज प्रालि के सहयोग से एम-9 रूटस्टॉक पर आधारित हाई-डेंसिटी सेब के लगभग 250 पौधे लगाए। आधुनिक तकनीक से लगाए गए ये पौधे अब अच्छी तरह विकसित हो रहे हैं और उनसे उन्हें संतोषजनक आय भी प्राप्त होने लगी है। केवल सेब ही नहीं, बल्कि उन्होंने अपने बाग में आयातित चांडलर प्रजाति के अखरोट के पौधे भी लगाए हैं। यह प्रजाति उच्च गुणवत्ता और बेहतर उत्पादन के लिए जानी जाती है। वर्तमान में ये पौधे भी सफलतापूर्वक विकसित हो रहे हैं, जिससे भविष्य में आय की संभावनाएं और बढ़ गई हैं। भवदेव त्रिपाठी बताते हैं कि उन्हें बचपन से ही बागवानी का शौक रहा है। उनका मानना है कि पहाड़ों में वैज्ञानिक तरीके से बागवानी को बढ़ावा दिया जाए, तो यह न केवल स्थानीय लोगों की आय बढ़ा सकती है, बल्कि पलायन की समस्या को भी काफी हद तक कम कर सकती है।

# खतरा बन चुके पेड़ों को काटने की मांग

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मालधन चौड़ क्षेत्र में आबादी के बीच खड़े जर्जर और जोखिम भरे पेड़ों को हटाने की मांग को लेकर भाजपा नेताओं ने वन विभाग से कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इन पेड़ों को नहीं हटाया गया, तो यह किसी भी समय मानव जीवन के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं।


रामनगर में डीएफओ से मुलाकात करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने तराई पश्चिमी वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी प्रकाश आर्या से मुलाकात कर तत्काल कार्रवाई की मांग उठाई। शिष्टमंडल ने डीएफओ को बताया कि मालधन क्षेत्र में कई पेड़ जर्जर स्थिति में खड़े हैं, जो कभी भी गिरकर बड़ा हादसा कर सकते हैं। ये पेड़ आबादी के बेहद करीब हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। विशेष रूप से बारिश और आंधी के दौरान इनके गिरने का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में हुई एक घटना का भी जिक्र किया, जिसमें एक पेड़ गिरने से एक मकान को नुकसान पहुंचा था। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद भी पीड़ित परिवार को अब तक मुआवजा नहीं मिला है, जिससे लोगों में नाराजगी है। जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत ने कहा कि जो पेड़ पूरी तरह असुरक्षित और खतरनाक स्थिति में हैं, उन्हें चिन्हित कर जल्द हटाया जाए। जिन लोगों को नुकसान हुआ है, उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। इस संबंध में डीएफओ प्रकाश आर्या ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कहा कि प्राथमिकता के आधार पर ऐसे पेड़ों का निरीक्षण कर उचित निर्णय लिया जाएगा। मंडल अध्यक्ष प्रेम आर्य, जितेश टम्टा, महेश पंडित और विक्रम कुमार रहे।

# क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** गैबुआ-पत्तापानी बैलपड़ाव में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सियासी माहौल गरमा गया। कार्यक्रम से पहले ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए बाजपुर-बैलपड़ाव तिराहे पर मुख्यमंत्री का पुतला फूंका और क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।


बैलपड़ाव में शनिवार को विरोध स्वरूप पुतला दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश भर में सरकारी स्कूल बंद किए जा रहे हैं, जबकि सरकार निजी स्कूलों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक और मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने दावा किया कि विरोध की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। पूर्व कनिष्ठ प्रमुख एवं कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष ने स्वास्थ्य, चिकित्सा सेवाओं और शिक्षा व्यवस्था की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। कांग्रेस नेता पीयूष बिष्ट ने आरोप लगाया कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्राधिकरण लागू कर जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाया है। जिपंस. अर्णव कंबोज ने भी क्षेत्र कहा कि जनता भाजपा सरकार से त्रस्त हो चुकी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में प्राथमिक विद्यालय बंद हुए हैं और सरकारी अस्पतालों की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। इस दौरान भगवान सिंह रौतेला, रोहित बुढलाकोटी, जया कर्नाटक, महेश कांडपाल, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश बधानी, कुंदन नेगी, हेमू पलड़िया, भास्कर पलड़िया रहे।

### स्कूल के उद्घाटन को नहीं पहुंचे सीएम धामी

**कालाढूंगी :** गैबुआ–पत्तापानी बैलपड़ाव में मुख्यमंत्री धामी का प्रस्तावित कार्यक्रम रद्द हो गया। शनिवार को उन्हें एक निजी स्कूल के उद्घाटन को बैलपड़ाव पहुंचना था। विधायक बंशीधर भगत ने बताया कि पश्चिम बंगाल चुनाव के सिलसिले में सीएम को अचानक दिल्ली रवाना होना पड़ा, जिस कारण उनका कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा।

# बजट की दूसरी किस्त जारी न होने से शिक्षकों में रोष

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पिछले वित्तीय वर्ष में राज्य के प्राथमिक विद्यालयों को मिलने वाले विद्यालय विकास अनुदान की दूसरी (अंतिम) किस्त जारी न होने से प्राथमिक शिक्षकों में गहरा रोष व्याप्त है।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में विद्यालयों के विकास को विभिन्न मदों में धनराशि दो किस्तों में जारी की जाती है। इसमें बजट का आधा हिस्सा पहली किस्त के रूप में और शेष राशि दूसरी किस्त के रूप में दी जाती है। इस बार शिक्षक दूसरी किस्त का इंतजार करते रह गए, लेकिन बजट जारी नहीं किया गया, जबकि माध्यमिक विद्यालयों के लिए दूसरी किस्त जारी कर दी गई है। इससे प्राथमिक शिक्षकों में नाराजगी और बढ़ गई है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन ने इसे प्राथमिक विद्यालयों के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया बताते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त की है। संगठन का कहना है कि प्रारंभिक शिक्षा के प्रति इसी प्रकार की उदासीनता के कारण समाज का रुझान सरकारी विद्यालयों से लगातार कम हो रहा है।

प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने कहा कि बजट जारी न होने से उन शिक्षकों के सामने गंभीर समस्या आ गई है, जिन्होंने दूरस्थ एवं विषम क्षेत्रों में होने के बावजूद हर वर्ष की तरह इस बार भी अग्रिम भुगतान की उम्मीद में कार्य करा दिया है।

# चूनाखान में टेनिस प्रतियोगिता शुरू

**कालाढूंगीः** चूनाखान स्थित ऑप्टिमम टेनिस अकादमी में ऑल इंडिया टेनिस संघ के तत्वावधान में मेंस ओपन टेनिस प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग राउंड का शुभारंभ हो गया है। प्रतियोगिता के संचालन के लिए अंपायर दिव्यांशु, रोहित और संजय (लखनऊ) अकादमी पहुंच चुके हैं। पहले दिन के मुकाबलों में इशांत पात्रा ने प्रेम यादव को 6-2, 6-4 से हराया। अखिल जांगू ने अंकुर शर्मा को 6-3, 7-5 से, आर्यवीर शर्मा ने आदित्य को 6-3, 6-1 से, नमय रात्रा ने प्रणब राजेश को 6-2, 6-2 से हराया। उत्तराखंड के मानस तिवारी ने तुषार बघेल को 6-2, 6-4 से हराया, जबकि यशप्रीत सिंह ने अनिकेत सिंह को 7-5, 6-4 से हराया। टूर्नामेंट डायरेक्टर डीएस रावत ने बताया कि प्रतियोगिता में फैन स्पोर्ट्स क्लब एवं अवनीश रस्तोगी का सहयोग रहा।

# टेलेंट शो महासंग्राम में शालू रहीं अव्वल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** राइका छोई रामनगर की छात्रा शालू सैनी ने उत्तर भारत के टैलेंट शो महासंग्राम (टीवी शो) के ग्रैंड फिनाले में अपनी चित्रकला की प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चंडीगढ़ में सीजन 12 की चित्रकार विजेता का खिताब जीता।


पुरस्कार प्राप्त करतीं शालू अतिथियों के साथ। ● अमृत विचार

इस टैलेंट शो में उत्तर भारत के कई शहरों में पिछले 6 महीनों से ऑडिशन राउंड आयोजित किए गए थे, जिनमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई और ग्रैंड फिनाले तक पहुंचने का मौका पाया। शालू सैनी ने भी छह महीने में चार राउंड पार कर ग्रैंड फिनाले में अपनी जगह बनाई। फिनाले में मात्र 12 प्रतिभागियों में से उन्होंने गणपति जी का एक्रेलिक चित्र बनाकर अपनी शानदार सफलता दर्ज की। टैलेंट शो के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर वरुण बंसल ने शालू सैनी को चेक, मेमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। छात्रा के मार्गदर्शक शिक्षक अमरजीत सिंह चौधरी ने बताया कि ग्रैंड फिनाले 2026, सीजन 12, रयत बहुर यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में आयोजित किया गया था, जो 24 मार्च से 4 अप्रैल 2026 तक चला। शालू सैनी ने अब तक अपने छह साल के चित्रकला सफर में लगभग 30 राज्यस्तरीय और अन्य पुरस्कार व सम्मान प्राप्त किए हैं। शालू ने अपनी इस जीत का पूरा श्रेय अपने गुरु अमरजीत सिंह चौधरी और माता-पिता को दिया, जिन्होंने उन्हें हमेशा मार्गदर्शित और हर परिस्थिति में सहयोग किया। विद्यालय और क्षेत्र में शालू की इस कामयाबी को लेकर खुशी का माहौल है। विद्यालय की एसएमसी अध्यक्ष सरोज जोशी ने शालू सैनी और शिक्षक अमरजीत सिंह चौधरी को बधाई दीं।

# नैनीताल में वाल्मीकि सभा के चुनाव आज

**नैनीतालः** वाल्मीकि सभा के पंचवर्षीय चुनाव रविवार को नगर पालिका सभागार में कराए जाएंगे। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और उपसचिव पदों के लिए 2200 लोग अपने नेता को चुनेंगे।

अध्यक्ष पद के लिए गिरीश भैया और मनोज पवार, उपाध्यक्ष पद के लिए अमित सहदेव, संजय सौदा, अजय और राजा भाई, सचिव पद के लिए राहुल पुजारी और दिनेश कटियार, तथा उपसचिव पद के लिए रवि कुमार और अभिषेक मुल्तानिया ने दावेदारी की है। चुनाव प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी, जबकि नतीजे शाम 6 बजे घोषित किए जाएंगे। चुनाव अधिकारी के रूप में महेश कुमार, प्रदीप सहदेव और कमल कटियार नियुक्त किए गए हैं।

जाम का झाम | अपर माल रोड में दिनभर जाम में फंसे रहे पर्यटक और स्थानीय नागरिक

# नैनीताल में पर्यटन सीजन से पहले ही जाम का संकट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटन सीजन शुरू होने से पहले ही यातायात व्यवस्था लड़खड़ाती नजर आने लगी है। वीकेंड पर पर्यटकों की भारी भीड़ के कारण शहर में जगह-जगह जाम की स्थिति रही, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार को अपर माल रोड दिनभर जाम में फंसा रहा।

संकरी सड़कों और बढ़ते वाहनों के दबाव के चलते यातायात बार-बार बाधित होता रहा।पर्यटक पहली बार नैनीताल आने वाले पर्यटकों को शहर के ट्रैफिक सिस्टम से अनजान होने के कारण अधिक कठिनाई हुई।


शहर की माल रोड में पर्यटकों के वाहनों से लगी लंबी कतार। ● अमृत विचार

नैनीताल में वीकेंड के दौरान लगभग 8 हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे, जिन्होंने 12 पत्थर, हिमालय दर्शन, केव गार्डन, वॉटरफॉल चिड़ियाघर, हनुमानगढ़, लवर्स पॉइंट सहित अन्य स्थलों का भ्रमण किया। पर्यटन सीजन से पहले जाम की स्थिति से पुलिस की तैयारियों पर सवाल उठ रहे हैं। शहर में कोई विस्तृत और प्रभावी ट्रैफिक प्लान नजर नहीं आया। हालात को संभालने के लिए कैंचीधाम से आने वाले वाहनों को ज्योलिकोट मार्ग से डायवर्ट किया गया और जब शहर की पार्किंग फुल हुई, तो वाहनों को ऋषि बाईपास पर रोकने की व्यवस्था की गई। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट ने बताया कि ईस्टर वीकेंड के कारण लगभग 4 दिन की छुट्टियां हैं और होटल ऑनलाइन लगभग 70 फीसदी तक भरे हैं, जिससे पर्यटन कारोबार में रौनक रही। स्थानीय लोगों ने ठोस ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान बनाने की मांग की।

### पर्यटकों की भीड़ से रानीखेत रोड पर लंबा जाम

**रामनगर :** छुट्टियों और वीकेंड के चलते रामनगर में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क घूमने पहुंचे सैलानियों के कारण शहर की सड़कों पर दबाव बढ़ गया है, जिससे रानीखेत रोड पर लंबा जाम लग गया। पिछले दो से तीन दिनों के अवकाश और स्कूलों की छुट्टियों का असर अब शहर की सड़कों पर साफ दिखाई दे रहा है। सुबह से ही बड़ी संख्या में पर्यटक अपने परिवार के साथ कॉर्बेट पार्क की ओर रुख कर रहे हैं, जिसके चलते प्रमुख मार्गों पर वाहनों का दबाव अचानक बढ़ गया है। जाम की स्थिति ऐसी है कि वाहन रेंग-रेंग कर आगे बढ़ रहे हैं और कई स्थानों पर लोगों को घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी दिनेश ठाकुर ने बताया कि छुट्टियों की वजह से भीड़ काफी बढ़ गई है, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था उतनी प्रभावी नजर नहीं आ रही। उन्होंने कहा कि वे काफी देर से जाम में फंसे हुए हैं।

# आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 8 को

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर द्वारा राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय, मक्खनपुर भगवानपुर (हरिद्वार) और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा प्रदेश के कुल 28 परीक्षा केन्द्रों में 8 अप्रैल, बुधवार को प्रातः 10 बजे से आयोजित की जाएगी।

परिषद के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 हेतु कुल 1885 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1699 अभ्यर्थी अर्ह हैं। वहीं, राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु कुल 395 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 37 अभ्यर्थी अर्ह पाए गए। परीक्षा आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान करने हेतु परिषद के सभागार में एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त प्राचार्य, परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक और उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने प्रवेश परीक्षा का परिचय और उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। संयुक्त सचिव सीपी रतूड़ी ने परीक्षा आयोजन में प्राचार्यों की भूमिका पर, जबकि उप सचिव सुषमा गौरव ने केन्द्र व्यवस्थापकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। बैठक का संचालन डॉ. राम चन्द्र पाण्डेय ने किया।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more 9582831744, 9258116087 8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

सिटी ब्रीफ

### आज से शुरू होगी इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग

**हल्द्वानी :** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के दिशा-निर्देश पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट लीग आज शुरू होगी। इस लीग में अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, हरिद्वार, नैनीताल और टिहरी की छह टीमें भाग लेंगी। जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि यह लीग 5 से 11 अप्रैल तक तीन मैदानों पर खेली जाएगी। जीएनजी मैदान हल्द्वानी, कॉर्बेट मैदान चकलुवा और एमएस मैदान गौलापार। सेमीफाइनल और फाइनल मैच रुद्रपुर में आयोजित होंगे।

### दो सड़कों के लिए 1.56 करोड़ स्वीकृत

**धानाचूली :** भीमताल विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ ब्लॉक में सुरमाने बैंड-मल्ला गहना और शीतला-छतोला मोटर मार्ग के डामरीकरण और सुधार के लिए 1.56 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।



मंत्री राम सिंह कैड़ा ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और जल्द ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इन सड़कों की खराब स्थिति से ग्रामीणों को लंबे समय से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। कार्य शुरू होने के बाद ग्रामीणों को यातायात और आवागमन में सुविधा मिलेगी।

# दो राज्यों के बाद हल्द्वानी में वारदात, गिरफ्तार

## मुखानी थानाक्षेत्र में की दो चोरियां, हिमाचल में तोड़े 9 घरों के ताले, पुलिस ने हरियाणा व हिमाचल भेजी सूचना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हरियाणा और हिमाचल में ताबड़तोड़ चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर चोर ने ही मुखानी थानाक्षेत्र में दो वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस की पहुंच से दूर रहने के लिए शातिर न सिर्फ वारदातों को अकेले अंजाम देता था, बल्कि उसका कोई दोस्त भी नहीं है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की कड़ी से कड़ी जोड़ कर अंतरराज्यीय चोर के घर तक पहुंची और गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से करीब 9 लाख रुपये से अधिक कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी मिली है।

शनिवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि एसओजी और मुखानी पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए सफलता हासिल की। पहला मामला सत्यानंद कॉलोनी, बिठौरिया नंबर-1 का है, जहां जनवरी में घर से नगदी और चांदी के जेवर चोरी किए गए थे। दूसरा मामला हरि शिव विहार, हिम्मतपुर मल्ला का है। यहां भी घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी की गई थी।

जांच में पुलिस ने घटनास्थलों के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संदिग्ध की पहचान की। इसके बाद लगातार दबिश, सर्विलांस और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर 3 अप्रैल को गुसाईपुर तिराहे के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुंशी राम उर्फ सोनू (41 वर्ष) निवासी बेहट, सहारनपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले भी कई राज्यों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से सोने-चांदी के आभूषणों और करीब 22 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।



कई राज्यों में चोरी करने वाला शातिर (नकाब में), गिरफ्तारी की जानकारी देते एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार



मोबाइल स्नेचिंग में पकड़ा गया आरोपी।

### तीसरी फेल का झपटमार गैंग, दिन में मजदूरी रात में वारदात

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा और हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र में मोबाइल लूट की ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम देने वाला तीसरी फेल सरगना का झपटमार गैंग था। सरगना अपने नाबालिग गुर्गों के साथ मिलकर लोगों को लूटता था। दिन में सभी मजदूरी करते थे और रात में हाईस्पीड केटीएम बाइक पर सवार होकर घटनाएं करते थे। शनिवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी ने बताया कि 3 अप्रैल को लाइन-17, लाल मस्जिद क्षेत्र निवासी टैक्सी चालक जुबैर आलम से बाइक सवार तीन युवकों ने मोबाइल लूट लिया था। हल्द्वानी रोडवेज बस अड्डे के पास भी एक का मोबाइल लूटने का मामला सामने आया था। जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए। जिसके बाद 4 अप्रैल को गौला पार्किंग से दो नाबालिगों सहित तीन आरोपियों को दबोच लिया गया। पूछताछ में एक आरोपी ने अपना नाम फैजान अली निवासी गौला गेट, जवाहर नगर बताया। फैजान तीसरी फेल है और दिन में एल्युमिनियम का काम करता है। जबकि अन्य दो नाबालिग हैं। आरोपियों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और लत पूरी करने के लिए रात सूनसान इलाकों में राहगीरों को निशाना बनाते थे। इनके पास से करीब दो लाख रुपये कीमत के छह मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई एक केटीएम बाइक बरामद की है। कार्रवाई करने वाली टीम में एसएचओ डी.एस. फर्त्याल, एसआई जगवीर सिंह, एएसआई हेमंत प्रसाद, कांस्टेबल हरीश रावत और दिलशाद अहमद शामिल रहे।

उसने अकेले हिमाचल में 9 वारदातों को अंजाम दिया है। एसएसपी ने बताया कि उनकी टीम ने हरियाणा और हिमाचल पुलिस को आरोपी के पकड़े जाने की सूचना दी है। एसएसपी ने पुलिस टीम को 1500 रुपये नगद पुरस्कार दिया है। टीम में थानाध्यक्ष सुशील जोशी, उप निरीक्षक वीरेंद्र चंद, उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल इसरार नबी, हेड कांस्टेबल कुंदन कठायत (एसओजी), कांस्टेबल धीरज सुगड़ा, बलवंत सिंह, रविंद्र खाती, अरविंद बिष्ट और अनिल गिरी (सर्विलांस टीम) शामिल रहे।

# अचानक चल पड़ा रेल का डिब्बा, दुर्घटना टली

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन की पिट लाइन में मरम्मत कार्य के दौरान गाड़ी का डिब्बा अचानक डेढ़ सौ मीटर बिना इंजन के चलने के बाद पटरी से उतर गया, लेकिन सौभाग्य से कोई बड़ी घटना नहीं हुई।सूत्रों के अनुसार, रेलवे स्टेशन की पिट लाइन में मरम्मत कार्य के दौरान प्रातः साढ़े आठ बजे एक गाड़ी के पीछे जुड़ा जनरेटर एंड गार्ड डिब्बा अपनी जगह से लगभग डेढ़ सौ मीटर ढलान की ओर अपने आप चल पड़ा।

इस अप्रत्याशित घटना से मौके पर रेल कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। रेल कर्मी तुरंत डिब्बे के पीछे दौड़े और उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पिट लाइन में उक्त डिब्बे की मरम्मत का कार्य चल रहा था, तभी वह धीरे-धीरे पीछे की ओर खिसकना शुरू हुआ। डिब्बे के पीछे की ओर लुढ़कने के बाद रेलवे कर्मचारियों ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद डिब्बा नियंत्रित नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि लुढ़कता हुआ डिब्बा आगे जाकर पॉइंट (टर्नआउट) के पास पटरी से उतर गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे प्रशिक्षित रेल कर्मियों ने डिब्बे को उठाकर पुनः पटरी में लगाने का कार्य शुरू किया। लगभग दो घंटे तक रेल कर्मी उक्त डिब्बे को पटरी में लाने में जुटे रहे और अंततः यह सफल हो सका। स्थानीय लोग मानते हैं कि यदि डिब्बे की रफ्तार थोड़ी अधिक होती तो रेलवे लाइनों को नुकसान पहुंच सकता था।



पटरी से उतरे कोच को वापस चढ़ाते रेलकर्मी। ● अमृत विचार

# राज्य के विकास को कार्य करना प्राथमिकता: भावना

- उत्तराखंड आवास सलाहकार परिषद में उपाध्यक्ष बनीं भावना
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जताया आभार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार द्वारा उत्तराखंड आवास सलाहकार परिषद में उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) नियुक्त होने पर भावना मेहरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनका एवं भाजपा संगठन का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि संगठन में कार्य करने का उनका लंबा अनुभव रहा है और वे 'टीम उत्तराखंड' की तर्ज पर कार्य करते हुए जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य के समग्र विकास को आगे बढ़ाने के लिए सभी मिलकर एकजुट होकर कार्य करेंगे, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। इस अवसर पर उनके आवास पर बधाई देने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी।



भावना मेहरा को मिठाई खिलाकर बधाई देता विधायक सरिता आर्या।

### आवास के लिए आखिरी दिन 34 आवेदन जमा

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा अतिक्रमण मामले में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए शनिवार को आवेदन जमा करने का आखिरी दिन था। नगर निगम में शनिवार को कुल 34 लोगों ने फॉर्म जमा किए। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि कैंप और नगर निगम में जमा कुल आवेदनों की संख्या 6988 है।

बताया कि फॉर्म जमा करने के लिए दो दिन का अतिरिक्त समय दिया गया था, जिस दौरान पहले दिन 15 लोगों ने फॉर्म जमा किए, जबकि अंतिम दिन 34 फॉर्म जमा हुए। नगर आयुक्त ने कहा कि सभी आवेदनों की स्क्रूटनी की जाएगी। पीएम आवास का लाभ देने के लिए सभी आवेदकों के दस्तावेजों की जांच की जाएगी। बनभूलपुरा में आवेदन जमा करने के लिए 20 मार्च से 1 अप्रैल तक कैंप लगाया गया था। छूटे लोगों को दो दिन निगम में फॉर्म जमा करने का मौका दिया गया।

# जिले में छह नए गौ-सदन को मिली मंजूरी

- जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में हुई बैठक
- जल्द भूमि चयन कर एस्टिमेट तैयार करने के दिए निर्देश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय गौशाला स्थापना एवं संचालन अनुश्रवण प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए कई अहम निर्णय लिए गए।

समिति ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर 6 नए गौ-सदनों की स्थापना और संचालन को स्वीकृति प्रदान की। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द भूमि चयन कर एस्टिमेट तैयार करते हुए निर्माण प्रक्रिया शुरू की जाए। बैठक में मालधन चौड़, गौलापार और श्री कैंचीधाम क्षेत्र में प्रस्तावित तीन गौशालाओं की डीपीआर तैयार कर उनका बजट जिला खनिज न्यास निधि से स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को पत्रावली शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत ने अब तक कैचर-लिफ्टिंग वाहन की खरीद न किए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही मालधन चौड़ में गौशाला निर्माण तेजी से पूरा कर ग्रामीण क्षेत्रों के निराश्रित पशुओं को वहां स्थानांतरित करने के निर्देश दिए।

भूमि चिह्नीकरण को लेकर जिलाधिकारी ने गौलापार में बड़ी गौशाला के लिए उप जिलाधिकारी हल्द्वानी को भूमि चयन के निर्देश दिए। वहीं भीमताल में गौशाला स्थापना के लिए उप जिलाधिकारी नैनीताल और श्री कैंचीधाम के खैरना क्षेत्र में गौशाला निर्माण के लिए उप जिलाधिकारी कैंचीधाम को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने नगर निकायों और जिला पंचायत को आपसी समन्वय से नए गौ-सदनों के प्रस्ताव तैयार कर कार्रवाई करने को कहा।

गौलापार में गौसदन निर्माण के लिए जिला पंचायत नैनीताल, भीमताल के लिए नगर पालिका भीमताल और कैंचीधाम के लिए नगर पालिका भवाली को कार्यदायी संस्था नामित किया गया। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.सी. जोशी, नगर आयुक्त हल्द्वानी परितोष वर्मा, उप जिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खालिक सहित विभिन्न नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी आदि मौजूद रहे।



गौशाला स्थापना एवं संचालन अनुश्रवण प्रबंधन समिति की बैठक लेते डीएम रयाल।

### हेल्पर को चाकू मारने का लगाया आरोप

**नैनीताल:** मालरोड स्थित एक रेस्टोरेंट में कार्यरत कर्मचारियों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। एक शेफ ने अपने ही साथी हेल्पर पर चाकू से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मूल रूप से अल्मोड़ा निवासी प्रेम राम मालरोड क्षेत्र के एक रेस्टोरेंट में शेफ के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि सुबह ड्यूटी के दौरान उनका रेस्टोरेंट में काम करने वाले एक हेल्पर से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान हेल्पर ने किचन में रखा धारदार चाकू उनकी ओर फेंक दिया, जिससे बचाव करते समय प्रेम राम की दो उंगलियों और आंख में चोट लग गई।

# डीएम ने कराई फसल की क्रॉप कटिंग

- हरिपुरा तुलाराम में डीएम ने खुद भी की फसल की क्रॉप कटिंग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने शनिवार को ग्राम हरिपुरा तुलाराम राजस्व गांव में रबी फसल की क्रॉप कटिंग प्रयोग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल कटाई प्रयोग को मौके पर जाकर संपन्न कराया।

जिलाधिकारी ने किसान नागेंद्र सिंह पुत्र गोपाल सिंह के खेत में 43.3 वर्ग मीटर के प्लॉट पर क्रॉप कटिंग कराई। उन्होंने किसानों से उनकी फसल, उत्पादन और खेती के तरीकों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि क्रॉप कटिंग प्रयोग के आधार पर ही जिले में फसलों की औसत उपज, कुल उत्पादन और उत्पादकता के आंकड़े तैयार किए जाते हैं। इसलिए यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निर्धारित मानकों के अनुसार की जानी चाहिए।

जिलाधिकारी ने किसानों को फसल क्षति से बचाव के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार कुलदीप पाण्डे, कानूनगो बृजेश कुमार, राजस्व उप निरीक्षक अरुण वर्मा, अपर सांख्यिकी अधिकारी महेन्द्र सिंह डांगी एवं मीना नेगी, बीमा कंपनी एजेंट हेम सिंह नेगी आदि थे।



फसल की क्रॉप कटिंग का निरीक्षण करते डीएम ललित मोहन रयान। ● अमृत विचार

### 84 लोगों का सत्यापन 2 वाहन किए गए सीज

**हल्द्वानी :** पुलिस ने "ऑपरेशन प्रहार" के तहत शुक्रवार देर रात जिले में सघन अभियान चलाया। यह अभियान एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर चलाया गया।

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के नेतृत्व में सभी थाना प्रभारियों, क्षेत्राधिकारियों और पुलिस टीमों को हिस्सों में बांट कर जिले में एक साथ कार्रवाई की गई। पुलिस ने होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट्स की चेकिंग, रैश ड्राइविंग पर कार्रवाई, बिना नंबर प्लेट वाहनों की जांच, अवैध शराब और हथियारों के खिलाफ अभियान तथा संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन भी किया गया। इस दौरान 45 बार, होटल, रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। 84 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। एमवी एक्ट में 8 चालान करते हुए 2 वाहन सीज कर दिए गए।

# ढाबे में बिक रही थी शराब, संचालक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रामपुर रोड स्थित पंचायत घर क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ प्रधानों का विरोध रंग लाया। पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में एक ढाबे से भारी मात्रा में शराब बरामद करते हुए संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार, पंचायत घर और गन्ना सेंटर के पास प्रस्तावित शराब दुकानों को लेकर पहले से ही ग्राम प्रधानों में आक्रोश था। इसी बीच क्षेत्र में एक ढाबे से चोरी-छिपे शराब बेचे जाने की शिकायत सामने आई। जिस पर प्रधानों ने पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कराई।

टीपी नगर पुलिस और ग्राम प्रधानों की मौजूदगी में ढाबे पर छापेमारी की गई। इस दौरान ढाबे के अंदर एक काउंटर में बेहद चालाकी से छुपाकर रखी गई शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से 20 पव्वे अंग्रेजी शराब और 59 पाउच देशी शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान ढाबा संचालक प्रताप सिंह निवासी मधुबन विहार, रामपुर रोड को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। छापेमारी का नेतृत्व चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने किया।

इधर, ग्राम प्रधानों ने पंचायत घर क्षेत्र में प्रस्तावित दो शराब दुकानों का भी कड़ा विरोध जताया। उनका कहना है कि प्रस्तावित स्थलों के 50 मीटर के दायरे में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सहित कई निजी स्कूल संचालित हैं। ऐसे में यहां शराब दुकान से छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा पर खतरा बढ़ सकता है। प्रधानों ने चेतावनी दी कि यदि प्रस्ताव वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस दौरान प्रधान मनीष सिंह, किशन सिंह दरम्वाल, नरेश सिंह, अर्चना और बीडीसी सदस्य भूपेंद्र रहे।

### बरेली रोड के ढाबे पर आबकारी का छापा, शराब और बीयर बरामद

**हल्द्वानी :** बरेली रोड स्थित एक ढाबे पर आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अवैध शराब और बीयर बरामद की है। कार्रवाई के दौरान कुल 109 पव्वे देसी और विदेशी शराब व बीयर जब्त की गई। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में लगातार अवैध शराब की बिक्री को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। इसी के तहत शनिवार को हल्द्वानी आबकारी टीम ने सघन दबिश और चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान संदिग्ध स्थानों और व्यक्तियों के ठिकानों पर गहन तलाशी ली गई। छापेमारी के दौरान ढाबे से अवैध शराब बरामद होने पर आरोपी राजेंद्र प्रसाद के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र बिष्ट, उप निरीक्षक रुचिका कांडपाल, कैलाश जोशी आदि थे।



शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया ढाबा संचालक। ● अमृत विचार

### राज्य आंदोलनकारियों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**हल्द्वानी:** उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन में भूमिका निभाने वाले आंदोलनकारियों ने शनिवार को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राज्य निर्माण में अहम योगदान देने के बावजूद आंदोलनकारियों को आज भी उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में आंदोलनकारियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तर्ज पर सुविधाएं देने, 10 प्रतिशत शैक्षिक आरक्षण सुनिश्चित करने और चिह्नीकरण से वंचित आंदोलनकारियों के लंबित आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण की मूल भावना के अनुरूप निर्णय लिए जाने चाहिए, ताकि आंदोलनकारियों को उनका उचित सम्मान मिल सके।

क्रिकेट

पंकज पांडे की घातक गेंदबाजी, आखिरी ओवर तक चला मुकाबला

# राजू इलेवन ने मां बाराही इलेवन को 10 रन से हराया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** गौलापार स्टेडियम में खेले गए क्रिकेट लीग मुकाबले में राजू इलेवन ने मां बाराही इलेवन को 10 रन से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। मुकाबला अंतिम ओवर तक बेहद रोमांचक बना रहा।

टॉस जीतकर मां बाराही इलेवन ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजू इलेवन की टीम 19.2 ओवर में 167 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की शुरुआत कमजोर रही, लेकिन विशाल भुड्डी ने 39 गेंदों में 46 रन (6 चौके, 1 छक्का) की शानदार पारी खेलकर टीम को संभाला। उनके साथ नीरज बलियान ने 28 गेंदों में 41 रन बनाए। मध्यक्रम में कैलाश बिष्ट (18) और पंकज पांडे (14) ने तेज रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। मां बाराही इलेवन की ओर से अजय प्रसाद ने 4 ओवर में 32 रन देकर 4 विकेट झटके। रविकांत मिश्रा ने 2 विकेट लिए, जबकि भास्कर भट्ट और भीम सैनी को भी 2-2 सफलता मिली।

168 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मां बाराही इलेवन ने तेज शुरुआत की। भास्कर भट्ट ने 23 गेंदों में 34 रन बनाए, जबकि गौरव मटपाल (18) और किशन बिष्ट (27) ने टीम को मुकाबले में बनाए रखा। नवीन सिंह बिष्ट ने 22 रन बनाकर पारी संभालने की कोशिश की। हालांकि, मध्य और अंतिम ओवरों में राजू इलेवन के गेंदबाजों ने शानदार वापसी की। पंकज पांडे और सूरज सिंह नायल ने 3-3 विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया। लगातार गिरते विकेटों के कारण मां बाराही इलेवन की टीम 20 ओवर में 157/8 रन ही बना सकी।

राजू इलेवन ने 10 रन से मुकाबला अपने नाम किया।



टॉस के दौरान मौजूद टीमों के कप्तान। ● अमृत विचार

### यशिका बिष्ट ने हासिल की पांचवीं रैंक

**हल्द्वानी :** सीनियर खिलाड़ी यशिका बिष्ट ने खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग नेशनल वूमेन लीग में ऑल इंडिया में पांचवीं रैंक हासिल कर जिला नैनीताल और उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। कोच विनोद लखेरा ने बताया कि यह प्रतियोगिता 26 मार्च से 31 मार्च तक चेन्नई स्थित विनायक मिशन रिसर्च फाउंडेशन में वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन की ओर से आयोजित की गई थी।यशिका बिष्ट की इस उपलब्धि पर शिवानी गुप्ता, विपिन डोगरा, देवेंद्र सिंह रावत, सुमन शाह, शालिनी भट्ट, प्रकाश पांडे सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी।

# देवताओं के स्वरूप को नचाने पर लगाएं रोक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** देवी-देवताओं के स्वरूप को सड़कों और मंचों पर नचाने की प्रथा के विरोध में करणी सेना ने शनिवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने इसे धार्मिक भावनाओं और आस्था से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

करणी सेना का कहना है कि शोभायात्रा, जागरण, कीर्तन, शादी-बारात और अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भगवानों के दिव्य स्वरूप बनाकर उन्हें नचाया जाना सनातन परंपरा और मर्यादा के खिलाफ है। जोगेंद्र राणा जोगी ने कहा कि देवी-देवता हमारे आराध्य हैं और उनके स्वरूप का अपमानजनक प्रदर्शन स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि झांकियों में देवी-देवताओं को सुंदर रथ पर सम्मानपूर्वक विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाए, जिससे समाज में श्रद्धा और सम्मान की भावना बढ़े। ज्ञापन में प्रशासन से इस प्रथा पर सख्ती से रोक लगाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। करणी सेना ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन समय रहते कदम नहीं उठाता है, तो संगठन स्वयं इस प्रकार की गतिविधियों का विरोध करेगा। इस दौरान महंत हिरागिरी महाराज, विजय जोशी, गोविन्द अधिकारी, सुरेश सिंह, वीरेंद्र बिष्ट आदि रहे।

# गेहूं खरीद नीति दरकिनार, एक जगह पर खोले सात केंद्र

## खरीद नीति के तहत दो क्रय केंद्रों के बीच आठ किमी की दूरी का है मानक, खरीद नीति को लेकर किसानों में पनप रहा आक्रोश

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** विगत वर्ष गेहूं की खरीद शून्य होने और अन्य वर्षों में गेहूं की खरीद कम होने के चलते इस बार बगवाड़ा मंडी में एक साथ विभिन्न एजेंसियों के सात क्रय केंद्र खोले गये हैं। शासन से आयी खरीद नीति के अनुसार एक क्रय केंद्र से दूसरे क्रय केंद्र के बीच की दूरी 8 किमी. होनी चाहिए। हालांकि इस व्यवस्था को लेकर किसानों में आक्रोश भी व्याप्त है।

यहां बता दें एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो गयी है। यह खरीद 30 जून तक होगी। इसको लेकर विगत दिनों शासन से खरीद नीति जारी हुई। इस नीति के तहत कहा गया है कि क्रय केंद्र खोलते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि एक ही स्थान पर आवश्यकता से अधिक संख्या में क्रय केंद्र संचालित न किए जाएं। ऐसी स्थिति में उत्पन्न न होने पाए कि किसानों को अपने क्षेत्र से बहुत दूर गेहूं विक्रय के लिए ले जाना पड़े। कारण इससे डिस्ट्रेस सेल के अवसर उपलब्ध होंगे। नीति में कहा गया है कि क्रय केंद्रों का स्थान निर्धारित करते समय यह अवश्य ध्यान में रखा जाए कि प्रत्येक ग्राम में यथासंभव 8 किमी. की परिधि में कम से कम एक क्रय केंद्र अवश्य खोला जाए।


बगवाड़ा मंडी में खुला क्रय केंद्र। • अमृत विचार

### क्या बोले किसान

गांव से एक किमी या आधा किमी की दूरी पर ही किसानों को यह सुविधा मिलनी चाहिए। इसके अलावा ग्राम प्रधान को सरकारी भूमि पर इसकी व्यवस्था करनी चाहिए थी। अगर किसान एक साथ गेहूं की ट्राली लेकर बगवाड़ा मंडी में पहुंचेगा तो व्यवस्था बिगड़ सकती है। सात क्रय केंद्र की जगह अगर तीन क्रय केंद्र बनाते तो किसान हित में ठीक होता।
**-विक्रम जीत सिंह विर्क**, किसान

न्याय पंचायत स्तर पर प्रशासन को किसान हित में क्रय केंद्र खोलने चाहिए थे। लेकिन बगवाड़ा मंडी में एक साथ सात क्रय केंद्र खोलना किसान हित में नहीं है। अगर एक साथ कई गांवों के किसान बगवाड़ा मंडी पहुंचेंगे तो इससे अव्यवस्था हो सकती है। किसान हित में संबंधित गांव में ही क्रय केंद्र खोले जाने चाहिए थे।
**-तजेंदर सिंह विर्क, केंद्रीय अध्यक्ष**, तराई किसान संगठन

विगत तीन वर्षों में गेहूं की खरीद शून्य होने के कारण इस बार बगवाड़ा मंडी में क्रय केंद्रों का सेंट्रलाइज्ड सिस्टम किया गया है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में विवाद और घपले के चलते मीटिंग में इस तरह की व्यवस्था की गयी है। इस सिस्टम से किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। अगर किसानों को कोई असुविधा होगी तो व्यवस्था की जाएगी। **-पंकज उपाध्याय**, एडीएम, ऊधमसिंह नगर

लेकिन इस बार बगवाड़ा मंडी में सात क्रय केंद्र खोले गये हैं। इसमें मलसा गिरधरपुर, बगवाड़ा, रुद्रपुर देहात, भगवानपुर, भमरौला, फौजी मटकोटा, किरतपुर गांव के क्रय केंद्र शामिल हैं।


खटीमा में तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण को ज्ञापन सौंपते ग्राम प्रधान।

### गेहूं क्रय केंद्रों को मंडी के बजाय गांव में स्थापित किया जाए

**खटीमा :** ग्राम प्रधान संघ ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों को मंडी समिति से हटाकर ग्राम स्तर पर स्थापित करने की मांग की है। एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण को सौंपते हुए ग्राम प्रधानों ने कहा कि वर्तमान में व्यवस्था के अनुसार सरकारी गेहूं की खरीद केंद्र मंडी समिति में केंद्रित है। इससे किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस दौरान संघ अध्यक्ष आशा बिष्ट, मंजीत सिंह राना, दीपा देवी, गीता देवी, मो रफीक, लक्ष्मण सिंह राना, प्रेम प्रकाश पासी, लक्ष्मी पांडे, मानवेंद्र सिंह, दीपक मुंडेला, राकेश बिष्ट, नरेंद्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।


किच्छा में निरीक्षण के दौरान निर्देश देतीं आरएमओ लता मिश्रा। • अमृत विचार

### आरएमओ ने मारा क्रय केंद्रों पर छापा, लापरवाही पर दी सख्त चेतावनी

**किच्छा :** संभागीय विपणन अधिकारी (आरएमओ) लता मिश्रा ने किच्छा मंडी स्थित गेहूं तोल केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की धांधली या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में कुल 108 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ किसानों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निरीक्षण के दौरान आरएमओ ने नमी मापक यंत्र और कांटों की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को सभी विभागीय सुविधाएं समय पर मिलनी चाहिए। आरएमओ ने चेतावनी दी कि नियमों के उल्लंघन पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसएमआई रूपनारायण मिश्रा सहित अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# अधिकांश केंद्र मंडी में शिफ्ट करना अन्याय


खटीमा में पत्रकारों से रूबरू होते विधायक भुवन कापड़ी। • अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** गेहूं क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं को लेकर विधायक भुवन कापड़ी ने कहा कि सरकार द्वारा खटीमा क्षेत्र में 35 गेहूं क्रय केंद्र खोले गए हैं लेकिन इनमें से 75 प्रतिशत केंद्रों को मंडी में शिफ्ट कर दिया गया है जबकि इन्हें गांवों में स्थापित किया जाना चाहिए था।

पत्रकारों से विधायक कापड़ी ने कहा कि मंडी में मात्र 15 से 20 ट्रॉलियों के खड़े होने की ही व्यवस्था है। ऐसे में जब 25 से 27 क्रय केंद्र मंडी में संचालित होंगे तो किसानों की फसल की खरीद कैसे संभव हो पाएगी। उन्होंने कहा कि धान सीजन के दौरान जब केवल 5 से 6 क्रय केंद्र मंडी में लगाए जाते थे तब भी एक किलोमीटर लंबी लाइनें लग जाती थीं और किसान अपनी उपज लेकर घंटों इंतजार करने को मजबूर रहता था। ऐसे में

- **बंद किए गए केंद्रों को शुरू करे सरकार : कापड़ी**

वर्तमान व्यवस्था किसानों के लिए और अधिक परेशानी पैदा करेगी। उन्होंने कहा कि मंडी में संचालित सभी क्रय केंद्रों को गांवों में ही स्थापित किया जाए ताकि किसानों को उनके नजदीक सुविधा मिल सके। उन्होंने क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि 64 गांवों के लिए मात्र 35 केंद्र पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में संचालित अशोक फार्म, कुआं खेड़ा, भुड़िया थारू, मझोला सहित कई गांवों में बंद किए गए क्रय केंद्रों को पुनः शुरू किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार की खरीद नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार केवल पांच लाख कुंटल गेहूं खरीदने का लक्ष्य रख रही है जबकि धान की खरीद 65 लाख कुंटल तक की जाती है।

# गंगाशील रॉयल सिटी अस्पताल को देना पड़ेगा 7.38 लाख का हर्जाना

- **कोविड-19 काल में उपचार नहीं करने का था आरोप**
- **अस्पताल पर लापरवाही, महिला की मौत का ठहराया जिम्मेदार**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कोविड-19 काल में बरेली के अस्पताल प्रबंधन पर वेंटिलेटर की आड़ में लाखों रुपये ऐंठने और उपचार नहीं करने का आरोप लगाते हुए जिला उपभोक्ता फोरम ने परिवादी अस्पताल प्रबंधन को 7.38 लाख रुपये का हर्जाना देने का आदेश दिया। याचिकाकर्ता ने अस्पताल प्रबंधन को पत्नी की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए याचिका दायर की थी।

याचिकाकर्ता किच्छा निवासी प्रभुनाथ सिंह ने बताया कि कोविड-19 आपदा काल में उसकी पत्नी चिंता देवी कोरोना ग्रसित थी। पत्नी का उपचार रुद्रपुर के अग्रसेन हॉस्पिटल में चल रहा था, लेकिन वेंटिलेटर बेड खाली नहीं होने के कारण डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। 27 अप्रैल 2021 को एंबुलेंस के माध्यम से पत्नी को गंगाशील रॉयल सिटी तुलसी नगर बरेली अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर पंकज पटेल द्वारा 60 हजार रुपये चौबीस घंटे का चार्ज बताया और फौरन पैसा जमा कराने को कहा। रकम की व्यवस्था कराने के बाद अस्पताल प्रबंधन बार-बार पैसा जमा कराता रहा और वेंटिलेटर का एक बैड तो दिया, लेकिन उपचार शुरू नहीं किया। आरोप था कि प्रबंधन ने उपचार की आड़ में भी पैसों की डिमांड शुरू कर दी। लाखों रुपये जमा करने के बाद भी उपचार शुरू नहीं हुआ और रेफर दस्तावेज भी तैयार नहीं किए। आखिरकार दिल्ली से आए बेटे के कहने पर पत्नी को दोबारा रुद्रपुर लाया जा रहा था कि पत्नी ने एंबुलेंस में दम तोड़ दिया। याचिकाकर्ता का यह भी आरोप था कि अस्पताल प्रबंधन ने वेंटिलेटर और उपचार की आड़ में पैसों को महत्व दिया। प्रकरण की सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष राजीव कुमार खरे और सदस्य नवीन चंद्र चंदोला ने आदेश दिया कि अस्पताल प्रबंधन 2.13 लाख रुपये उपचार खर्च, पांच लाख रुपये शारीरिक कष्ट और 25 हजार रुपये वाद व्यय का हर्जाना देना होगा।

## 5.03 करोड़ का गन्ना भुगतान किया

**किच्छाः** मुख्यमंत्री और गन्ना मंत्री के निर्देश के क्रम में किच्छा चीनी मिल ने किसानों के बकाया भुगतान की प्रक्रिया तेज कर दी है। चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने बताया कि 31 जनवरी 2026 तक खरीदे गए गन्ने का 5 करोड़ 3 लाख 7 हजार रुपये का भुगतान समितियों को आरटीजीएस के माध्यम से भेज दिया गया है। इस सत्र में अब तक कुल 93 करोड़ 78 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। ताजा भुगतान में किच्छा, हल्द्वानी, पंतनगर, सितारगंज और गदरपुर की गन्ना समितियां शामिल हैं।


त्रिलोक सिंह मर्तोलिया।

# संदिग्धों की तलाश में रात भर जागती रही पुलिस

- **208 संदिग्धों की गतिविधियों को किया नियंत्रण**
- **किसी का काटा चालान तो किसी पर हुआ मुकदमा**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** घनी आबादी का फायदा उठाकर छिपे अपराधियों और संदिग्धों की तलाश में शुक्रवार की देर रात्रि जिला पुलिस ने सघन अभियान चलाया और 208 संदिग्धों की गतिविधियों को पकड़ा। वहां कई लोगों के खिलाफ बीएनएसएस सहित पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की। पुलिस ने अभियुक्तों को हिदायत देकर भी छोड़ा।

यहां बता दें कि एसएसपी अजय गणपति कुंभार के आदेश पर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार चलाते हुए जिले भर में सत्यापन अभियान की मुहिम छेड़ी। जिसके तहत 16 व्यक्तियों पर बीएनएसएस, 64 व्यक्तियों पर पुलिस एक्ट, तीन पेशेवर अपराधियों के अलावा 208 व्यक्तियों का सत्यापन कर गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण किया। एसएसपी ने बताया कि जसपुर में 10, कुंडा में सात, काशीपुर में 14, आरटीआई काशीपुर में छह, बाजपुर में आठ, केलाखेड़ा में पांच, गदरपुर में पांच, दिनेशपुर में दस पर कार्रवाई, 65 का सत्यापन हुआ। इसके अलावा पंतनगर में 34 का सत्यापन, ट्रांजिट कैंप में एक पर कार्रवाई व 12 व्यक्तियों का सत्यापन, रुद्रपुर में दो पर कार्रवाई, 15 का सत्यापन, किच्छा में चार पर कार्रवाई, चार का सत्यापन, पुलभट्टा में दो पर बीएनएसएस, दो पर पुलिस एक्ट, तीन का सत्यापन, सितारगंज में एक पर कार्रवाई, चार का सत्यापन, नानकमत्ता में तीन पर कार्रवाई, चार का सत्यापन, खटीमा में छह पर कार्रवाई और 22 का सत्यापन किया।

एसएसपी ने बताया कि सत्यापन अभियान के तहत अपराधियों, असामाजिक तत्वों, दुराचारियों एवं शांति व्यवस्था भंग करने वालों को चिह्नित किया गया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत अभियान लगातार जारी रहेगा।


देर रात्रि अभियान के तहत चेकिंग करते थाना प्रभारी। • अमृत विचार


थाना प्रभारी से मिलतीं पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा। • अमृत विचार

### दो बच्चे लापता, मीना ने उठाया बरामदगी का मुद्दा

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में पिछले कई दिनों से लापता दो बच्चों की बरामदगी का मुद्दा उठाते हुए पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने पीड़ित परिवार के साथ थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय से मुलाकात की। बताया कि पिछले कुछ दिनों से राजा कॉलोनी स्थित एक घर के दो नाबालिग बच्चे लापता हैं और गुमशुदगी दर्ज कराने के बाद भी बच्चों का कोई सुराग नहीं लगा। जिस कारण परिवार सहमा हुआ है। आरोप था कि पुलिस भी मामले में गंभीर नहीं है।

# पिपलिया इलेवन ने सितारगंज को हराया

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** हेमवती नंदन बहुगुणा क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत शनिवार को नाकआउट दौर के दो मैच हुए। पिपलिया इलेवन ने सितारगंज और इलेवन स्टार बरा ने अलीनगर को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में खेले गए पहले मैच में बल्लेबाजी करते हुए पिपलिया इलेवन ने नितिन रावत के ताबड़तोड़ 69 रनों की अर्धशतकीय पारी की मदद से निर्धारित दस ओवरों में छह विकेट पर 137 रन बनाए। सितारगंज के सजोरे ने तीन विकेट लिए। जवाब में सितारगंज की टीम आठ विकेट खोकर 111 रन ही बना सकी। खालिद ने 30 रनों का योगदान किया। पिपलिया के अनमोल आर्या ने तीन विकेट चटकाए।

दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इलेवन स्टार बरा ने आठ विकेट पर 141 रन बनाए। लविश गंगवार ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। अलीनगर के अर्श खान ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अलीनगर सात विकेट खोकर 103 रन ही बना पाया। आकिब ख़ान ने 30 रनों का स्कोर किया।


मैच के दौरान शॉट लगाता खिलाड़ी। • अमृत विचार

# राजीव नवोदय के पांच बच्चे सेंटर फॉर एक्सीलेंस के लिए चयनित

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा की महत्वाकांक्षी एवं अभिनव योजना के अंतर्गत राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के पांच मेधावी विद्यार्थियों का चयन सेंटर फॉर एक्सीलेंस देहरादून के लिए किया गया है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

इस योजना के अंतर्गत राज्यभर से कक्षा 11 उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के 50 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को चयनित कर देहरादून स्थित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आवासीय शिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को अवंती फेलोशिप योजना से जोड़ते हुए एक वर्ष तक इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं जेईई व नीट की सुनियोजित तैयारी कराई जाएगी। इसके साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा नियमित कक्षाओं के अतिरिक्त रेमेडियल कक्षाएं, व्यक्तिगत मार्गदर्शन तथा संदेह समाधान सत्र भी आयोजित किए जाते हैं। जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक नींव सुदृढ़ हो सके। राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के पांच विद्यार्थियों आरती, शशि भट्ट, गर्विदर सिंह, वंश ठाकुर और दिव्यांशु श्रीवास्तव का चयन मेंटर निर्मल न्योलिया के मार्गदर्शन में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों का आवासीय शिक्षण अप्रैल माह से प्रारंभ हो चुका है। बच्चों के चयनित होने पर खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप, उप प्राचार्य प्रमोद कुमार पांडे सहित शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

दुखद

हाईवे के बीचों बीच लगा रखी थी बैरिकेडिंग, सीमेंट की बैरिकेडिंग से टकराई बाइक

# युवक की दर्दनाक मौत का कारण बना किच्छा हाईवे का फ्लाईओवर

संवाददाता, रुद्रपुर


सुखदेव ( फाइल फोटो)।

**अमृत विचारः** माना जाता है कि हाईवे राहगीरों के लिये सुविधा के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन किच्छा का नवनिर्मित हाईवे फ्लाईओवर एक नौजवान की मौत का कारण बन गया। शुक्रवार की देर रात्रि बाइक से घर लौट रहे बाइक सवार युवक हाईवे के बीचों बीच बनाए गए सीमेंट के बैरिकेडिंग से टकराया और लहूलुहान होकर हाईवे पर ही तड़पता रहा। सही वक्त पर उपचार नहीं मिलने के कारण बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल को पोस्टमार्टम हाउस भेजा। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में को कोहराम मच गया।

यहां बता दें कि किच्छा हाईवे स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के सामने एनएचएआई ने नवनिर्मित फ्लाईओवर का निर्माण किया था। फ्लाईओवर किच्छा हाईवे से रामपुर हाईवे पर उतरता है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही ट्रायल के तौर पर हाईवे फ्लाईओवर को खोल दिया गया था। ज्यादातर लोगों को यही पता था कि फ्लाईओवर यातायात के लिए खुल चुका है। शुक्रवार की रात्रि सवा 11 बजे बंगाली कॉलोनी बिलासपुर का रहने वाला 28 वर्षीय सुखदेव विश्वास जो कि सोलर प्लांट लगाने का काम करता था। वह संजय नगर खेड़ा स्थित अपनी बहन से मिलकर घर लौट रहा था।


हाईवे पर कुछ इस तरह से रखा है खतरनाक बैरिकेडिंग। • अमृत विचार

### डेढ़ घंटे तक तड़पता रहा सुखदेव

**रुद्रपुर :** मृतक युवक के परिजनों का कहना था कि हादसे का कारण एनएचएआई है। जिस वक्त युवक बैरिकेडिंग से टकराया। इससे सिर पर गंभीर चोट लग गयी और युवक लहूलुहान हालत में हाईवे पर तड़पता रहा। परिवार का कहना था कि डेढ़ घंटे तक युवक तड़पता रहा और समय रहते घायल को उपचार मिल जाता। शायद युवक की जान बच सकती थी। हादसे की भनक इस वजह से भी नहीं हुई। कारण हाईवे बंद हो चुका था और फ्लाईओवर पर आवाजाही बिल्कुल ठप पड़ी हुई थी। बताया यह भी जा रहा है कि जिस फ्लाईओवर के शुरूआती रास्ते से युवक बाइक ले गया था। उसके 500 मीटर दूर जाकर सीमेंट का बैरिकेडिंग लगा हुआ था और हाईवे पर अंधेरा होने के साथ ही रिफ्लेक्टर भी नहीं लगाया था।

युवक ने अपनी बाइक का रुख राधा स्वामी सत्संग भवन स्थित नवनिर्मित फ्लाईओवर की ओर मोड़ दिया। युवक को यह एहसास नहीं था कि हाईवे के बीचों बीच एनएचएआई ने फ्लाईओवर का यातायात रोकने के लिए सीमेंट के बने विशालकाय बैरिकेडिंग बना रखी थी। तेज रफ्तार होने के कारण युवक को बैरिकेडिंग दिखाई नहीं दी और बाइक बैरिकेडिंग से टकरा गई। जिससे युवक लहूलुहान होकर नीचे गिर गया और हाईवे पर तड़पता रहा। कई घंटे के बाद पैदल जा रहे एक राहगीर ने हादसे की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर शनिवार की सुबह पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### होने वाली थी शादी

चार भाइयों में सबसे छोटा भाई सुखदेव ही था। पारिवारिक जिम्मेदार निभाने वाले भाई भी सुखदेव की जल्द शादी करना चाहते थे। कारण युवक सोलर पैनल लगाने का काम करता था और अच्छा खासा कमा भी लेता था। जिस कारण गुरुवार को युवक दिनेशपुर स्थित लड़की देखने गया था और रिश्ता भी पक्का हो चुका था। दोनों परिवार की सहमति के बाद शादी की तिथि भी घोषित होने वाली थी, लेकिन घर में शहनाई बजने से पहले ही मौत का मातम छा गया।

### एनएचएआई अधिकारी हैं मौत के जिम्मेदार

कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि सुखदेव की मौत के जिम्मेदार रुद्रपुर के सत्ताधारी नेता और एनएचएआई विभाग के अधिकारी है। नेताओं के इशारे पर ही फ्लाईओवर को खोला गया।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स की बेमियादी हड़ताल जारी


खटीमा में मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे डिप्लोमा इंजीनियर्स।

**खटीमाः** डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ की विभिन्न मांगों के समाधान हेतु अनिश्चितकालीन हड़ताल आज भी जारी रही। डिप्लोमा इंजीनियर अपनी मांगों के समर्थन में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहें। इस दौरान हड़ताली डिप्लोमा इंजीनियरों ने जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार से अविलंब समाधान की मांग की। लोनिवि विश्राम गृह खटीमा में महासंघ से जुड़े इंजीनियर्स 27 सूत्रीय मांगों के समाधान हेतु बिना काम पर नहीं लौटने की बात कर रहे थे। हड़ताल पर आनंद बल्लभ जोशी, कमल किशोर जोशी, पीयूष कुमार, प्रेम प्रकाश तिवारी, कुंदन सिंह, आदर्श, संजय, शैलेश पांडे, सुभाष आर्य, कल्पना उपाध्याय, विनोद कुमार, यशपाल सिंह, दीप चंद्र पंत, आशा मेहरा मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### आईएमटी के छात्र-छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**काशीपुर** : बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद गुड़िया लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा विधि तृतीय सेमेस्टर में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। छात्र आकाश कोहली, नेहा कांबोज, पुष्कर सिंह और कुमारी सोनाक्षी ने संयुक्त रूप से 9 .20 एसजीपीए यानी 84 .50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कुमारी स्वाति सक्सेना ने 82 .50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा जबकि शिवानी रहेजा, प्रवीण कुमार गुप्ता, राघव अग्रवाल व साक्षी ने संयुक्त रूप से 8 .80 एसजीपीए यानी 80 .50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 74 प्रतिशत छात्र- छात्राओं ने तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया ने हर्ष व्यक्त किया है।

### हेमपुर डिपो के पास झाड़ियों में लगी आग

**काशीपुर** : शुक्रवार की शाम हेमपुर डिपो के पास झाड़ियों व पेड़ों में आग लग गई थी। सूचना पर फायर स्टेशन काशीपुर से एक फायर यूनिट घटनास्थल पर पहुंची। आग हेमपुर डिपो के पास झाड़ियों और पेड़ों में लगी थी, जो तेजी से आर्मी कैंट की ओर बढ़ रही थी। फायर यूनिट ने आग बुझाना शुरू किया। वाहन में पानी समाप्त होने पर आर्मी कैंट से पानी भर कर लगातार पंपिंग कर आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। इसके बाद मानपुर रोड स्थित नगर निगम के डंपिंग यार्ड में आग लगी थी। फायर स्टेशन की यूनिट ने मौके पर पहुंचकर कूड़े के ढेर में लगी आग बुझायी और तेजी से रिहायशी मकानों की ओर बढ़ने से रोक लिया। टीम में चालक सुमित कुमार, फायरमैन कृपाल सिंह, फायरमैन पंकज कुमार, महिला फायरमैन नमिता, फायरमैन आकाश गैरोला आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

**काशीपुर** : एक व्यक्ति ने उसकी नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम परमानन्दपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 31 मार्च को उसकी 14 वर्षीय पुत्री को एक किशोर बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। आरोप लगाया कि इस सब में उसके दोस्त ने भी साथ दिया। कहा कि जब उसने किशोर के घर पर जाकर अपनी पुत्री के बारे में पूछताछ की तो उसकी मां ने हमसे कहा कि तुम्हारी लड़की हमारे पास है लेकिन हम तुम्हारी लड़की को वापस नहीं करेंगे।

### करन बने भाजयुमो के काशीपुर जिला महामंत्री

**काशीपुर** : भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विपुल मैंदोली की संस्तुति पर करन भारद्वाज को काशीपुर जिला महामंत्री नियुक्त किया है। करन ने बताया कि वह बाल्यकाल से आरएसएस के स्वयंसेवक हैं। एबीवीपी में एक दशक तक संगठन की जिम्मेदारी निभाई है। प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में काशीपुर से लेकर उत्तराखंड में वर्ग एवं प्रदेश राष्ट्रीय अधिवेशनों में संगठन का कार्य किया है। छात्र राजनीति में भी अच्छा कार्य किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विपुल मेंदोली आदि का आभार प्रकट किया है।

### जसपुर में आज निकलेगी शोभायात्रा

**जसपुर** : नगर में रविवार को कश्यप समाज द्वारा शोभा यात्रा निकाली जाएगी। समाज के सोनू कश्यप ने जानकारी देकर बताया कि शोभा यात्रा रविवार की सुबह ठाकुरद्वारा बस स्टैंड के पास से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगी। यात्रा को लेकर तैयारियां कर ली गई हैं। उन्होंने समाज के लोगों से यात्रा में हिस्सा लेने की अपील की है।

# चैती मेला पार्किंग कर्मचारियों ने की भाजपा नेता से मारपीट

## गुस्साए समर्थकों ने पार्किंग के बाहर किया प्रदर्शन, ठेका निरस्त करने की मांग की

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में चैती मंदिर स्थित पार्किंग स्थल पर प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पार्किंग पर्ची को लेकर चैती मेला पार्किंग कर्मचारियों ने बाउंसरों के साथ मिलकर एक भाजपा नेता की पिटाई कर दी। आक्रोशित लोगों ने पार्किंग के बाहर प्रदर्शन कर मेला प्रशासन से ठेका निरस्त करने की मांग की। वहीं भाजपा नेता ने राजकीय चिकित्सालय में अपना मेडिकल कराकर पुलिस में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

बीते दो अप्रैल को झूले के पास पकोड़ी का ठेला लगाने वाली महिला ग्राम धरमपुरा, टांडा, जिला रामपुर (यूपी) निवासी सुषमा पत्नी अनिल कुमार अपने ठेले को समेट ही रही थी। कि तभी 8-10 महिला बाउंसरों ने उसके बाल पकड़कर उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी थी। इस मामले में उसके द्वारा कोतवाली आईटीआई पुलिस में तहरीर देने पर पुलिस ने सात आरोपी महिला बाउंसरों को गिरफ्तार किया था। उन्हें बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। अभी यह मामला थमा भी नहीं था कि शुक्रवार की रात चैती मेला पार्किंग पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा में कार्यालय प्रभारी धर्मवीर पासी जब पार्किंग से अपना टू-व्हीलर लेने गए, तो पार्किंग के कर्मचारियों और वहां मौजूद बाउंसरों ने उनसे डबल पर्ची मांगी। जिसका भाजपा नेता पासी द्वारा डबल पर्ची औचित्यहीन बताते हुए इसका विरोध किया गया। जिस पर बौखलाए वहां मौजूद 10-15 कर्मचारी व बाउंसर उन्हें जबरन उठाकर पार्किंग के पीछे अंधेरे में ले गए। जहां उन्होंने लात-घूसों व डंडों से बुरी तरह पिटाई कर दी। उन्हें पार्किंग से बाहर धक्का दे दिया। गंभीर रूप से घायल भाजपा नेता ने राजकीय चिकित्सालय में अपना मेडिकल करवाकर उपचार कराया। इधर भाजपा नेता के साथ मारपीट की घटना की सूचना भाजपा नेताओं व बजरंग दल नेता सतेंद्र शर्मा को मिली। तो उन्होंने शुक्रवार को अपने दर्जनों समर्थकों के साथ चैती मेला पहुंच बैरिकेटिंग लगाकर ठेकेदार के कर्मचारियों व बाउंसरों की तानाशाही एवं गुंडागर्दी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन कर ठेका निरस्त करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने यह भी मांग की है कि प्रशासन ऐसे मामलों को तुरंत संज्ञान में लेते हुए लोगों को सुरक्षा मुहैया कराए। ताकि इस तरह की पुनरावृत्ति न हो। उधर, भाजपा नेता धर्मवीर पासी ने अपने मेडिकल के साथ आईटीआई पुलिस में तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। इधर आईटीआई कोतवाली प्रभारी रवि सैनी ने बताया कि इस मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी योजनाओं का प्रचार किया जाए

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत विधानसभा काशीपुर के भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में श्री अग्रवाल सभा भवन में दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान का समापन हुआ।

समापन कार्यक्रम में पदाधिकारियों एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और उनके व्यापक लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण और सेवा भाव के साथ जनता के बीच जाकर इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय और सशक्त भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह मानस, नगर निगम महापौर दीपक बाली, राम मेहरोत्रा, खिलेंद्र चौधरी, आशीष गुप्ता, पूर्व मेयर ऊषा चौधरी, भाजपा नगर मंडल पूर्व अध्यक्ष अभिषेक गोयल, जिला उपाध्यक्ष लविश अरोड़ा, जिला उपाध्यक्ष सृष्टि आहूजा, जिला उपाध्यक्ष मोहन बिष्ट, पार्षद वैशाली गुप्ता, पार्षद सुरेश सैनी, धीरज वर्मा, कविता यादव, राजकुमार यादव, पार्षद अनीता कंबोज, जिला कोषाध्यक्ष राजीव ठकराल मौजूद रहे।


काशीपुर में समापन कार्यक्रम का शुभारंभ करते भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार


बरहैनी में सुखदेव सिंह नामधारी को सम्मानित करते मंडल अध्यक्ष कन्नू जोशी।

### संगठन की मजबूती व चुनावी रणनीति पर मंथन

**बाजपुर** : पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। नई सड़क बरहैनी स्थित गोपाल बालिका में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा और आगामी चुनावी चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य वक्ता एवं उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ताओं के समर्पण में निहित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएं। 24 घंटे तक चले इस गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम को कुल सात सत्रों में विभाजित किया गया था, जिसमें संगठन की कार्यप्रणाली, बूथ स्तर पर मजबूती और जनसंपर्क बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए आगामी चुनावों के लिए सक्रिय होने के टिप्स दिए। कार्यक्रम के समापन पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कन्नू जोशी, महामंत्री वीरेंद्र सिंह बिष्ट, कुंदन सिंह, डॉ. मोहन चंद्र पांडे, कोमल सैनी और प्रमोद भट्ट मौजूद रहे।

# नई शराब की दुकान पर फूटा गुस्सा

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में दुकान खुलने का विरोध करते महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : चैती चौराहे के पास खुल रही नई शराब की दुकान का महिलाओं ने जमकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि शराब की दुकान खुलने से इस मार्ग पर अराजकता का माहौल हो जाएगा।

चैती चौराहा के पास देशी शराब की दुकान से चंद कदमों की दूरी पर अंग्रेजी शराब की नई दुकान खोली जा रही है। शनिवार की शाम को 15-20 महिलाएं दुकान पर पहुंच गई और दुकान खोलने का विरोध करने लगी। महिलाओं ने कहा कि यहां पर वर्ष 2026-27 के लिए नई शराब की दुकान खोली गई है। जबकि पास में ही मां बाल सुंदरी देवी मंदिर, छठ पूजा घाट के अलावा एक स्कूल के साथ ही महाविद्यालय है। महिलाओं का कहना था कि शासन-प्रशासन का कहना है कि किसी भी धार्मिक स्थल व शिक्षण संस्थान के आसपास शराब की दुकान नहीं खोली जाएगी। राज्य को नशा मुक्त बनाया जाएगा। बावजूद इसके नियमों की अनदेखी करके नई दुकान खोली जा रही है। इस दौरान मौके पर पहुंचे आबकारी इंस्पेक्टर दिवाकर चौधरी से महिलाओं की कहासुनी हो गई। आबकारी इंस्पेक्टर ने आक्रोशित महिलाओं को समझाया कि दुकान नियमानुसार खोली जा रही है। विरोध करने वालों में मुख्य रूप से निशा चौहान, भावना बिष्ट, निशा सय्यद, रजनी ठाकुर, हेमा यादव, अर्चना शर्मा, बबीता रावत, आरेंद्र सिंह वर्मा, अनिल यादव, विवेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बच्चों के विवाद में बड़ों में खूनी संघर्ष

**काशीपुर (अमृत विचार):** दभौरा मुस्तहकम क्षेत्र में बच्चों के मामूली विवाद ने हिंसक मोड़ ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई झड़प में लाठी-डंडे और धारदार हथियार चलने से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रथम पक्ष के तारुख ने जमशेद, जावेद समेत अन्य पर तलवार और चाकू से जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। वहीं, दूसरे पक्ष के जावेद आलम का आरोप है कि कासिम और उसके परिजनों ने उनके परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट और गाली-गलौज की। पुलिस ने दोनों ओर से नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और घायलों का उपचार जारी है।

# देशभक्ति गीतों पर जमकर झूमे दर्शक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** म्यूजिकल कार्यक्रम एक सुरीली शाम-गीत संगीत के नाम में गीतकारों ने पुराने और देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

स्थानीय महिमा रिजॉर्ट बाजपुर रोड में म्यूजिक लवर्स क्लब काशीपुर की ओर से म्यूजिकल कार्यक्रम एक सुरीली शाम- गीत संगीत के नाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर दीपक बाली और राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सायरा बानो ने संयुक्त रूप से किया। संस्था की गायिका गौरी शर्मा ने सत्यम शिवम सुंदरम गीत गाकर समां बांध दिया। महापौर दीपक बाली ने रिमझिम गिरे सावन गीत गाकर दर्शकों की तालियां बटोरीं। संस्था के संस्थापक रिजवान एहसन ने तुम भी चलो हम भी चलें गीत गाकर उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी का सम्मान और अभिवादन किया गया। संस्था संरक्षक मंडल सदस्य मुक्ता सिंह ने कहा म्यूजिक लवर्स क्लब काशीपुर एक ऐसा मंच है जो संगीत प्रेमियों को एक साथ लाता है। हमारा उद्देश्य संगीत को बढ़ावा देना और कलाकारों को प्रोत्साहित करना है। ललित मोहन पंत, लक्षिका शर्मा, रोहिणी शाह, सुधा शर्मा, डॉ. जावेद असलम, राहुल शर्मा, शरद अरोड़ा आदि के गीतों पर दर्शक झूम उठे। वहां पर डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, संस्था के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, मोहम्मद शाकिर सिद्दीकी, मोहम्मद नफीस सिद्दीकी, देव शाह, अबरार खान, अमन बाली, कुलदीप श्रीवास्तव, प्रियंका अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान महापौर को स्मृति चिन्ह देते क्लब के पदाधिकारी।


काशीपुर में दर्जा मंत्री सीमा चौहान का स्वागत करते महापौर व पार्षद। ● अमृत विचार

### दर्जा मंत्री सीमा चौहान का किया स्वागत

**काशीपुर** : महापौर दीपक बाली ने शनिवार को पार्षदों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दर्जा मंत्री सीमा चौहान के आवास पर पहुंचकर बधाई दी और उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। महापौर बाली ने कहा कि सीमा चौहान पार्टी की जुझारू और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें जिम्मेदारी सौंप कर एक अच्छा काम किया है और इससे पार्टी को और मजबूती मिलेगी। इस मौके पर भाजपा नेत्री मंजू यादव, सुधा शर्मा, मुकेश चावल, चौधरी समर पाल सिंह, पार्षद दीपा पाठक, अनीता कंबोज, सीमा सागर, पुष्कर बिष्ट, सौरभ शर्मा, बीना नेगी, वैशाली गुप्ता, अशोक सैनी, अनिल कंबोज, रवि सैनी आदि मौजूद रहे।

# मेरे बाबा गदाधारी, ये कमाल हो गया...

● श्रीबालाजी घाटा मंदिर में लक्खा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** श्रीहनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मोहल्ला बांकेनगर स्थित संकटमोचन श्रीबालाजी घाटा मंदिर में एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान विकास अग्रवाल और मानसी अग्रवाल ने ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया। भजन संध्या के मुख्य आकर्षण देश के प्रसिद्ध गायक रामकुमार लक्खा रहे, जिन्होंने "मेरे बाबा गदाधारी ये कमाल हो गया" और "जय बोलो हनुमान की" जैसे लोकप्रिय भजनों से समां बांध दिया।


बालाजी घाटा मंदिर में भजनों की प्रस्तुति देते गायक रामकुमार लक्खा। ● अमृत विचार

स्थानीय गायक गोपाल कृष्ण 'पाली' और मानव जिंदल ने भी शानदार प्रस्तुतियाँ देकर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया।

इस अवसर पर किसान नेता जगतार सिंह बाजवा, पूर्व दर्जा मंत्री राजेश कुमार, भाजपा नेता गौरव शर्मा और कांग्रेस नेत्री भूपेंद्र कौर बेदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता 'छन्नू' ने अतिथियों का आभार जताया।

# श्रीराम इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों का दबदबा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा जारी परीक्षा परिणामों में श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, काशीपुर के छात्र-छात्राओं का दबदबा रहा।

बीसीए प्रथम सेमेस्टर में चांदनी ने 8.4 सीजीपीए के साथ प्रथम स्थान, कोमल बुधौरी व मयंक मंडौलिया ने 8.3 सीजीपीए प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा रिया शर्मा ने 7.96 सीजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। बीसीए तृतीय सेमेस्टर में भानु तिवारी ने 77.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अमन सिंह रावत ने 77.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और पूजा सुयाल ने 76.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीसीए पंचम सेमेस्टर में अंजली कुमारी ने 82.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अनीशा आर्या ने 81.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अनुप्रेक्षा नेगी ने 80.60 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएड तृतीय सेमेस्टर में दृष्टि बिष्ट ने 89.26 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, अभिलाषा राणा ने 89.05 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और कविता बिष्ट ने 88.42 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।


बाजपुर में एसडीएम डॉ .अमृता शर्मा से वार्ता करते किसान। ● अमृत विचार

### उर्वरक की कालाबाजारी रोकने के लिए नए नियम लागू

**बाजपुर** : जनपद में उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। मुख्य कृषि अधिकारी बीकेएस यादव के निर्देशों का हवाला देते हुए एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा ने बताया कि अब विक्रेताओं को खाद की बिक्री के कड़े नियमों का पालन करना होगा। नए आदेश के अनुसार, अब किसानों को यूरिया खरीदने के लिए आधार कार्ड और खतौनी दिखाना अनिवार्य होगा। यदि कोई किसान पांच बोरी से अधिक यूरिया खरीदता है, तो विक्रेता को उसका नाम, मोबाइल नंबर और पता रजिस्टर में दर्ज करना होगा। इसके अलावा, किसानों को खाद के साथ जबरन अन्य कीटनाशक या उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर करने (टैगिंग) पर विक्रेता का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। एसडीएम ने चेतावनी दी कि खाद की कालाबाजारी या जनपद की सीमा से बाहर अवैध बिक्री पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सीएससी संचालक ने हड़पे 50 हजार

**बाजपुरः** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकरपुर में एक सीएससी केंद्र संचालक पर धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित महिला ने संचालक पर खाते से निकाले गए 95 हजार रुपयों में से 50 हजार रुपये हड़पने और डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। ग्राम चकरपुर निवासी सिम्मी रानी ने बताया कि उसकी बहन कुसुम बीमार है, जिसके इलाज के लिए पैसों की सख्त जरूरत थी। बैंक खाते से 95 हजार रुपये निकालने के लिए उसने नजदीकी सीएससी केंद्र संचालक से संपर्क किया। आरोप है कि संचालक ने फिंगर लगवाकर रकम ट्रांसफर करने का झांसा दिया। आरोपी ने सिम्मी को 25 हजार रुपये नकद दिए और 20 हजार रुपये उसके खाते में ट्रांसफर किए।

# बाइक से टकराकर पैदल जा रही वृद्धा की मौत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** पैदल जा रहे वृद्ध दंपति को बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में इलाज के दौरान वृद्ध महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।


लीलावती (फाइल)।

आईटीआई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा पांडे निवासी लीलावती (65) अपने पति जागन सिंह (70) के साथ बीती शुक्रवार की सुबह लगभग नौ बजे साइकिल लेकर पैदल गांव के पास जंगल से मवेशियों के लिए घास काटने जा रहे थे। इसी दौरान महुआखेड़ा गंज स्थित हिमालयन फूड फैक्ट्री के पास तेज रफ्तार बाइक चालक ने दंपति को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से लीलावती व जागर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां लीलावती ने देर शाम लगभग साढ़े नौ बजे इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि पति जागन सिंह के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। तब परिजनों ने उन्हें मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी भी हालत गंभीर बनी हुई है।

# बाजपुर से सैकड़ों प्रधान दिल्ली रवाना


बाजपुर से दिल्ली जाते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड में आगामी चुनावों को देखते हुए कांग्रेस ने अपनी जमीनी पकड़ मजबूत करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सीडब्ल्यूसी सदस्य गुरदीप सिंह सप्पल के बुलावे पर शनिवार को बाजपुर क्षेत्र के सैकड़ों ग्राम प्रधान दिल्ली के लिए रवाना हुए।

किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी की अगुवाई में रवाना हुए इस दल में पार्टी समर्थित प्रधान शामिल हैं। लाडी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना के स्वरूप में बदलाव और बजट में कटौती से ग्रामीण प्रतिनिधि आहत हैं। कांग्रेस अब 'गांव की सरकार' को अपने पक्ष में करने के लिए प्रदेश स्तर पर अभियान चला रही है। दिल्ली में राष्ट्रीय सचिव इन प्रधानों को चुनाव पूर्व पार्टी की मजबूती के लिए विशेष ''टिप्स'' देंगे। इस दल में मुख्य रूप से किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गुरमुख सिंह गोरखा, शहीद भगत सिंह के प्रपौत्र विश्वजीत सिंह बंटी और कई अन्य वरिष्ठ नेता व ग्राम प्रधान शामिल रहे।

**ब्रीफ न्यूज**

### वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता सलीम अहमद का निधन



सलीम (फाइल फोटो)।

**रानीखेत**: रानीखेत कांग्रेस परिवार के वरिष्ठ एवं सम्मानित सदस्य व व्यवसायी शेख सलीम अहमद का लंबी बीमारी के बाद आज लगभग 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। स्व. शेख सलीम अहमद कांग्रेस संगठन के एक सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता थे। उनके निधन पर उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि इस कठिन समय में वह और कांग्रेस परिवार शोकाकुल परिवार के साथ है। रानीखेत कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति को प्रार्थना की।

### टीबी मुक्त अभियान के तहत लगा जांच शिविर

**बाजपुर**: राज्य को टीबी मुक्त बनाने के ''100 डेज कार्यक्रम'' के तहत ग्राम टांडा गोरु में स्वास्थ्य विभाग और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 111 ग्रामीणों की टीबी स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 76 लोगों के चेस्ट एक्सरे किए गए। सिविल जज योगेंद्र कुमार सागर के निर्देश पर पीएलवी टीम ने ग्रामीणों को बीमारी के लक्षणों और समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया। ग्राम प्रधान गुरप्रीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कैंप में विशेषज्ञों ने बताया कि टीबी का पूर्ण उपचार सरकारी अस्पतालों में मुफ्त उपलब्ध है। इस दौरान सीएचओ निशा जहां, एसटीएस अजीत कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# बायोफोर्टिफाइड मक्का किस्में हैं पोषण सुरक्षा में क्रांतिकारी कदम

## अल्मोड़ा स्थित वीपीकेएएस संस्थान में हुआ किसान विज्ञान मेले का आयोजन

**अल्मोड़ा, संवाददाता**



हवालबाग में शनिवार को आयोजित कृषि विज्ञान मेले में बीजों का लोकार्पण किया गया। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** 'खेती में नवीनता, पोषण में श्रेष्ठता' थीम पर भाकृअनुप-विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के प्रयोगात्मक प्रक्षेत्र हवालबाग में 52 वें कृषि विज्ञान मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान पर्वतीय क्षेत्रों में दलहनी मटर की वैज्ञानिक खेती का विमोचन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली ने महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट ने संस्थान के 100 वर्षों के गौरवशाली इतिहास और नई प्रजातियों के विकास की उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से वीएल त्रिपोषी और सुपोषिता जैसी बायोफोर्टिफाइड मक्का किस्मों को पोषण सुरक्षा की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया। उनके अनुसार, उर्वरकों की बचत करने वाले बैक्टीरिया और आधुनिक यंत्रों का विकास ''कम लागत, अधिक उत्पादन'' के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगा। संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्मी कांत ने संस्थान की शताब्दी यात्रा और पर्वतीय कृषि में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। बताया कि संस्थान ने उर्वरकों की खपत कम करने के लिए विशेष बैक्टीरिया खोजा है और मडुवा ट्रांसप्लांटर जैसे यंत्रों से खेती को सुगम बनाया है। उन्होंने हींग और किनोआ जैसी नई फसलों पर किए जा रहे प्रयोगों को भविष्य की आय का साधन बताया गया। यहां कार्यक्रम में उप महानिदेशक डॉ. देवेंद्र कुमार यादव व डॉ. राजबीर सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ. यशपाल सिंह मलिक, निदेशक डॉ. अमित पांडे, डॉ. कामिनी बिष्ट, डा. अनुराधा, निधि सिंह, डा. निर्मल कुमार हेडाऊ आदि मौजूद रहे।

### मडुवा 410 का लोकार्पण हुआ

कृषि विज्ञान मेले के दौरान वीएल त्रिपोषी, वीएल सुपोषिता, वीएल मधुरिमा, वीएल मडुवा 410 का लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त संस्थान के प्रकाशनों नामतः पर्वतीय कृषि दर्पण, पर्वतीय क्षेत्रों की महत्वपूर्ण फसलों की उन्नत किस्मों के लिए प्रबंधन कृषि पद्धतियाँ, उत्तराखंड की पारंपरिक फसल भट (काली सोयाबीन) के मूल्य वर्धित उत्पाद एवं पर्वतीय क्षेत्रों में दलहनी मटर की वैज्ञानिक खेती का विमोचन किया गया।

### प्रदर्शनी से किसानों को दी जानकारी

किसान मेले में आयोजित प्रदर्शनी में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनेक संस्थानों, कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान मेले में पहुंचे किसानों प्रदर्शनी के माध्यम से खेती की तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही वैज्ञानिकों ने किसानों को पर्वतीय कृषि से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। वहीं, कृषकों की विभिन्न समस्याओं का कृषि वैज्ञानिकों द्वारा त्वरित समाधान किया गया।

### अल्मोड़ा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रिमझिम बारिश

**अल्मोड़ाः** नगर और आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को मौसम का मिजाज अनिश्चित बना रहा। दिनभर कभी हल्की बारिश तो कभी धूप निकलने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित होती रही। इसके साथ ही ठंडी हवाओं के चलने से वातावरण में ठंडक बढ़ गई, जिससे लोगों को ठंड का एहसास हुआ।

शुक्रवार रात से ही आसमान में बादल छाने लगे थे और शनिवार सुबह हल्की बारिश के साथ दिन की शुरुआत हुई। सुबह करीब नौ बजे तक रुक-रुक कर बारिश होती रही, जिसके बाद कुछ समय के लिए मौसम साफ हुआ और हल्की धूप निकल आई। हालांकि, दोपहर बाद फिर से मौसम ने करवट ली और घने बादलों के साथ बारिश शुरू हो गई। अचानक हुई बारिश के कारण बिना तैयारी के घर से निकले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोग बारिश से बचने के लिए दुकानों और शेड का सहारा लेते नजर आए। वहीं, करीब तीन बजे के बाद एक बार फिर मौसम साफ हुआ और धूप निकलने से बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई। मौसम में आए इस बदलाव के चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। शनिवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा, जो शुक्रवार की तुलना में चार डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स का वादाखिलाफी का आरोप



अल्मोड़ा में शनिवार को भी डिप्लोमा इंजीनियर्स ने प्रदर्शन किया। ● अमृत विचार

- 27 सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई न होने से बढ़ा आक्रोश

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा में विभिन्न विभागों के डिप्लोमा इंजीनियर्स का आंदोलन शनिवार को भी जारी रहा। शक्ति सदन में एकत्र होकर इंजीनियर्स ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और अपनी मांगों की अनदेखी पर नाराजगी जताई।

डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के नेतृत्व में जल संस्थान, जल निगम, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, आवास और कृषि विभाग के कर्मचारी इस हड़ताल में शामिल हैं। आंदोलनकारियों का कहना है कि उनकी 27 सूत्रीय मांगों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे उनमें आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इंजीनियर्स ने आरोप लगाया कि सरकार लगातार आश्वासन तो दे रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा। पिछले 13 दिनों से चल रही इस हड़ताल के कारण निर्माण कार्य और कई आवश्यक सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। आंदोलनकारियों ने साफ कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

**ये रहे मौजूद**

यहां इं. शमशाद अंसारी, मंडल उपाध्यक्ष लोनिवि इं. रिनी पांडे, महामंत्री इं. हिमांशु जोशी, इं. जीएस मेहरा, इं. सूरज सिंह रावत, इं. हितांशी नैलवाल, इं. मयंक जोशी, इं. अर्जुन सिंह नेगी, इं. स्वाति पटवाल, इं. रितिक चौहान, इं. विशाखा पंत वर्मा, इं. दीपक टम्टा, इं. कोकिला तिवारी, इं. अनिल बिष्ट, इं. शेखर पांडे, इं. शुभम जोशी आदि रहे।

# शारदा में बहे तीन बच्चों का रेस्क्यू किया

**संवाददाता टनकपुर**



टनकपुर शारदा घाट में बच्चों को जल पुलिस ने नदी से डूबने से बचाया।

**अमृत विचार** : मां पूर्णागिरि दर्शन के लिए अपने परिवार के साथ आए तीन बच्चे शारदा घाट में स्नान के दौरान संतुलन खोकर नदी की तेज धारा में बहने लगे। सूचना मिलने ही जल पुलिस के जवानों ने सक्रियता दिखाते हुए तीनों को नदी से सकुशल बाहर निकाल लिया।

शनिवार को 17 वर्षीय शिवानी पुत्री घनश्याम, निवासी गड़िया रंगीन, शाहजहांपुर और 12 वर्षीय माही अवस्थी और उसका भाई 11 वर्षीय हर्षल पुत्र रजनीश, निवासी प्रीतिनगर ताड़ीखाना, सीतापुर रोड लखनऊ शारदा घाट में स्नान कर रहे थे। इस दौरान तीनों पानी के बहाव में आकर तेजी से बहने लगे। स्वजनों के शोरगुल के पास जल पुलिस के जवानों ने नदी में छलांग लगाकर तीनों को बाहर निकाल लिया। टीम में राकेश गिरी, अनिल कुमार, नीरज बोहरा रविंद्र कुमार शामिल रहे।

### 920 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**अल्मोड़ाः** एसएसपी चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर चले अभियान के तहत पुलिस ने लमगड़ा में नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम धौलकड़िया तिराहे के पास चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान बिना नंबर की नई स्कूटी पर सवार एक व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 920 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 1.84 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी बलवंत सिंह निवासी ग्राम कोटला थाना मुक्तेश्वर नैनीताल को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ थाना लमगड़ा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई है। साथ ही स्कूटी को भी सीज कर दिया गया है।

# गोविंद पिलख्वाल को राज्यमंत्री बनाने पर जश्न

- अल्मोड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

**संवाददाता, अल्मोड़ा**



अल्मोड़ा के चौघानपाटा में मिष्ठान वितरण करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भाजपा की ओर से शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष गोविंद पिलख्वाल को राज्य सरकार में "हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद" का उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया। ढोल-नगाड़ों के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस नियुक्ति से अल्मोड़ा का मान बढ़ा है और यह संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि गोविन्द पिलख्वाल का वर्षों का संघर्ष और समर्पण इस जिम्मेदारी के रूप में सामने आया है। वहीं विधायक मोहन सिंह मेहरा ने कहा कि समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलने से संगठन और अधिक मजबूत होता है, जिसका लाभ आगामी चुनावों में मिलेगा। मेयर अजय वर्मा ने पिलख्वाल को कर्मठ नेता बताते हुए कहा कि उनकी नई भूमिका क्षेत्र के विकास को गति देगी। पूर्व विधायक कैलाश शर्मा ने इसे अल्मोड़ा के लिए गर्व का क्षण बताया और कहा कि उनके अनुभव का लाभ पूरे प्रदेश को मिलेगा।

कार्यक्रम में मेयर अजय वर्मा, दर्जा मंत्री गंगा बिष्ट, दुग्ध संघ अध्यक्ष गिरीश खोलिया, बिट्टू कर्नाटक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, राजीव गुरुरानी, जिला महामंत्री प्रकाश भट्ट ,दर्शन रावत, लता बोहरा, चंद्रा जोशी, मनोज जोशी, सुनील बिष्ट, विनीत बिष्ट, नवीन बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, भीमा पवार, पीयूष कुमार, रजा अली, वीरेंद्र आर्य, आशीष कुमार, जगदीश नगरकोटी, किशन बिष्ट, शरद गुरुरानी, इंदर भंडारी, पूरन सिंह रावत, आनंद भोज, देवेंद्र भट्ट, अर्जुन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी प्रासंगिक : लखेड़ा

**संवाददाता, रानीखेत**

**अमृत विचारः** स्वर्गीय जय दत्त वैला, स्वर्गीय संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 'स्वामी विवेकानंद का युवाओं को संदेश' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. प्रकाश लखेड़ा, सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट (चम्पावत) ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं के चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और नैतिक मूल्यों के विकास में उनके विचार आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो. पी.एन. तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों के बौद्धिक और नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. बृजेश जोशी ने संचालन किया। आयोजन में डॉ. पूजा और डॉ. धीरज सिंह खाती का सहयोग रहा। डॉ. निर्मला जोशी, डॉ. प्राची जोशी, डॉ. भारत पांडे, डॉ. पारुल भारद्वाज, डॉ. दीपाली कनवाल, डॉ. कोमल गुप्ता, डॉ. राहुल चंद्रा, डॉ. आस्था अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# सीएम घोषणाओं के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

- प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने पर जोर
- कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश

**संवाददाता, अल्मोड़ा**



विकास भवन में आयोजित बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा सोमेश्वर एवं जागेश्वर क्षेत्र की सीएम घोषणाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।

शनिवार को जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को मुख्यमंत्री घोषणाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए। उन्होंने लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रगति से संबंधित अद्यतन जानकारी नियमित रूप से पोर्टल पर अपलोड की जाए और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की निरंतर समीक्षा की जाए तथा कार्यों में आ रही बाधाओं का समयबद्ध समाधान किया जाए। साथ ही, विभागों को निर्धारित प्रारूप में समय से सूचनाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, ताकि उच्च स्तरीय बैठकों में सटीक जानकारी प्रस्तुत की जा सके। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण केएन तिवारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रेणु भंडारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**अल्मोड़ा**: जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने शनिवार को स्यालीधार स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन का गहन परीक्षण किया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयर हाउस में सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं नियमित जांच पर विशेष ध्यान देने को कहा। जिलाधिकारी ने सुरक्षाकर्मियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए उनकी सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए।

# होटल-रेस्टोरेंट्स में सघन निरीक्षण अभियान चलाया

**संवाददाता, चम्पावत**

**अमृत विचारः** जनपद चम्पावत में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश तथा जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट के नेतृत्व में चम्पावत क्षेत्र के विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट और मिष्ठान भंडारों में व्यापक स्तर पर निरीक्षण अभियान चलाया गया।

अभियान का उद्देश्य व्यावसायिक गतिविधियों में घरेलू रसोई गैस के अवैध उपयोग पर रोक लगाना और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना था। निरीक्षण दल ने शहर के प्रमुख प्रतिष्ठानों—नेहा स्वीट्स, तिवारी स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट, चंचल स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट, बालेश्वर स्वीट्स और फूडीज सहित अन्य दुकानों का निरीक्षण किया। इसके अलावा तड़ागी टी स्टॉल, कार्की स्वीट्स, तड़ागी रेस्टोरेंट, पुनेठा स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट और सेवेन चीज पिज्जा समेत कई प्रतिष्ठानों की भी सघन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान गैस चूल्हों और सिलेंडरों की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया गया तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप उपयोग करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण अभियान के दौरान क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक मनोज शाह, पूर्ति निरीक्षक संजय कुमार और पूर्ति निरीक्षक भावना जोशी मौजूद रहे।

**बैठक** | रेडक्रॉस सोसाइटी की बैठक, स्ट्रेचर, व्हीलचेयर और शव वाहन खरीदने का लिया निर्णय

# वॉलिंटियर व ऑक्सीजन सहायता व्यवस्था पर जोर

**संवाददाता, अल्मोड़ा**



अल्मोड़ा में आयोजित बैठक में मौजूद सोसाइटी के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा में रेडक्रॉस सोसाइटी अल्मोड़ा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में जिलाधिकारी अंशुल सिंह के साथ हुई बैठक पर चर्चा की गई और विभिन्न कार्यों में उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर ण् सहमति बनी।

नगर के कचहरी बाजार स्थित स्व. जनरल बीसी जोशी सभागार में आयोजित बैठक में रेडक्रॉस के कार्यों में आमजन की भागीदारी बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने और टैक्सी चालकों को सीपीआर प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया। साथ ही संस्था द्वारा 15 स्ट्रेचर, 2 व्हीलचेयर और सीपीआर प्रशिक्षण के लिए एक डमी खरीदने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। नगर में शव वाहनों की कमी को देखते हुए रेड क्रॉस द्वारा एक शव वाहन खरीदने तथा इसके लिए बैंकों और दानदाताओं से सहयोग लेने का निर्णय लिया गया। आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रत्येक खंड में रेडक्रॉस की स्वयंसेवी आपदा टीम गठित करने पर सहमति बनी, जो स्थानीय आपदा प्रबंधन टीम के साथ मिलकर कार्य करेगी। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज स्थित ऑक्सीजन प्लांट से मरीजों के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। साथ ही भविष्य में रक्तदान, चिकित्सा और प्रशिक्षण शिविरों की संख्या बढ़ाने तथा दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले सहायता प्रस्तावों पर प्रभावी कार्ययोजना बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सोसाइटी के चेयरमैन आशीष वर्मा, राज्य उपाध्यक्ष मनोज सनवाल, कोषाध्यक्ष दीप जोशी, युवा रेडक्रॉस अध्यक्ष अमित साह मोनू, सचिव मनोज भंडारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### पंचेश्वर टैक्सी स्टैंड का हाईटेक शौचालय शुरू

**लोहाघाटः** जनसुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में प्रशासन ने एक और कदम उठाया है। मनीष कुमार के निर्देशों के अनुपालन में लोहाघाट के पंचेश्वर टैक्सी स्टैंड स्थित हाईटेक शौचालय को पूर्ण रूप से संचालित कर दिया गया है। इससे यात्रियों और पर्यटकों को बड़ी राहत मिली है।

हाल ही में शौचालय के बंद होने संबंधी प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी सौरभ नेगी ने कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि हाईटेक शौचालय को पूरी तरह सुचारू कर आमजन के उपयोग के लिए खोल दिया गया है। जिलाधिकारी ने नगरपालिका प्रशासन को शौचालय की नियमित निगरानी और साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

# कमी छिपाने को मलबा डालने का आरोप

**संवाददाता, बागेश्वर**



बागेश्वर में संघर्ष वाहिनी के सदस्यों से वार्ता करते जिला पूर्ति अधिकारी।

**अमृत विचारः** जौलकांडे ट्रेक रूट का मामला एक बार फिर विवादों में आ गया है। ग्रामीणों ने कार्य में अनियमितता और चार लाख रुपये के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने एक और वीडियो वायरल किया है।

ग्रामीणों ने बताया कि उनकी मांग पर जिलाधिकारी और क्षेत्रीय विधायक ने पर्यटन विभाग के माध्यम से लघु सिंचाई विभाग को ट्रेक मार्ग की मरम्मत के लिए चार लाख रुपये स्वीकृत किए थे। आरोप है कि विभाग ने कार्य किए बिना ही बोर्ड लगा दिया। इसका वीडियो वायरल होने के बाद सामाजिक कार्यकर्ता नरेश उप्रेती, देवीदत्त तिवारी समेत अन्य लोगों ने शिकायत की, जिसके बाद विभाग ने कुछ कार्य कराया। इधर, जिला पर्यटन अधिकारी पीके गौतम ने एक साक्षात्कार में कहा कि विभाग ने गलती से बोर्ड दूसरे स्थान पर लगा दिया था, जिससे ग्रामीणों को संदेह हुआ। यह बयान सामने आने के बाद मामला फिर गर्मा गया। ग्रामीणों ने नया वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि बोर्ड लगाए गए स्थान पर मलबा डाल दिया गया है। साथ ही समीप की पहाड़ी की मिट्टी रास्ते में डालने से पहाड़ कमजोर होने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने विधायक पार्वती दास से मामले की जांच कराने की मांग की है। उधर, जिला पर्यटन अधिकारी पीके गौतम ने मामले की जांच के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखने की बात कही है।



साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय
सार-सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय

कबीर दास जी कहते हैं, इस संसार में ऐसे सज्जनों की जरूरत है, जैसे अनाज साफ करने वाला सूप होता है, जो सार्थक को बचा लेता है और निरर्थक को उड़ा देता है।



# मानव व्यक्तित्व का आधार है दिनचर्या

अनुशासनविहीन जीवन में स्वस्ति और लोकमंगल नहीं होते। प्रकृति स्वयं अनुशासन में गतिशील है। मनुष्य के लिए इसी अनुशासन का पालन उपयोगी दिनचर्या है। इसका संबंध स्वस्थ मन से है। स्वस्थ बुद्धि से है और निर्मल आत्मा से भी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मस्त व्यक्तित्व के धनी हैं। उच्च कोटि के संसद विज्ञ, 5 बार के सांसद व दूसरी बार मुख्यमंत्री हैं। व्यवहार में अनुशासित अखिल भारतीय स्तर पर चर्चित जनप्रिय राजनेता हैं। योगी हैं। सो अनुशासन में रहते हैं और अपने परिचितों से भी अनुशासित रहने की अपेक्षा करते हैं। वे हमारे प्रति शुभेक्षु हैं। हम लोग भिन्न-भिन्न विषयों पर चर्चा करते रहे हैं। वे योग विज्ञानी भी हैं। योग का हमारा ज्ञान किताबी है, लेकिन उनका ज्ञान अनुभव अनुभूति और व्यावहारिक जीवन से भरा पूरा है।

चार दिन पहले आकाशवाणी का 89 वां स्थापना वर्ष मनाया गया था। उसमें पद्म पुरस्कार प्राप्त लोगों को सम्मानित किया गया था। आकाशवाणी के वरिष्ठ महानुभाव भी सम्मानित किए गए थे। पद्मश्री में मेरा भी नाम था। योगी जी ने उस कार्यक्रम में मेरी दिनचर्या पर चर्चा की। उन्होंने कुछ पुरानी बातें खोलीं और याद कराया कि हमारी दिनचर्या अनुशासित नहीं थी। उन्होंने मुझे याद कराया की देर रात तक जागना स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं होता। मैंने उनसे बताया के दिन भर राजनीतिक कारणों से व्यस्तता रहती है और रात में लिखने-पढ़ने का समय मिलता है। उन्होंने हंसते हुए कहा था कि यही दिनचर्या उलट दी जाए और सुबह जल्दी उठा जाए और रात्रि में जल्दी सोया जाए। इन्हीं पुरानी बातों को उन्होंने आकाशवाणी के कार्यक्रम में फिर से दोहराया।

दिनचर्या व्यक्तित्व का आधार है। दिनचर्या का अनुशासन प्रायः हमारा निर्णय होता है। इसमें थोड़ी सी चूक भी क्षतिकारी होती है। दिनचर्या पर देशकाल का भी प्रभाव पड़ता है। ठंडी जलवायु वाले देशों में शरीर के ताप को विशेष स्तर पर बनाए रखने की आवश्यकता होती है। ऐसे देशों में अधिक ऊष्मा देने वाली दिनचर्या चलती है। आदर्श दिनचर्या पर प्राचीन भारत में अच्छा और परिश्रम हुआ है। अच्छी दिनचर्या में अच्छी नींद, अच्छा जागरण और अच्छे आहार की आवश्यकता होती है। उसे कालखंड में अन्न की विशेष महत्ता पर जोर दिया गया है। अन्य भौतिक पदार्थ है। प्राचीन अनुभूति में वह दिव्य है। तैत्तरीय उपनिषद के एक सुंदर मंत्र में कहते हैं, "कि यह व्रत संकल्प है कि अन्न की निंदा न करें। अन्न ही प्राण है। प्राण ही अन्न है। शरीर भी अन्न है। शरीर और प्राण का अंतरसंबंध है। अन्न ही अन्न में प्रतिष्ठित है, जो यह जान लेता है उसकी दिनचर्या आदर्श हो जाती है।" उपनिषद में कहते हैं कि "आहार का अर्थ अन्न है।" आहार साधारण खाद्य वस्तु नहीं है। आहार का संबंध अनुशासित दिनचर्या से भी है। व्यापक अर्थों में अनुशासित दिनचर्या के पांच द्वार हैं। देखना भी एक आहार है। देखे गए दृश्य चित्र को प्रसन्न या अप्रसन्न करते हैं। सुंदर दर्शन में मन प्रसन्न होता है। अभद्र दर्शन में मन अप्रसन्न होता है। इसलिए देखने में भी संयम की आवश्यकता है। पढ़ना भी एक आहार है। अनुशासित दिनचर्या वाला ज्ञानवर्धक अध्ययन मन स्वस्थ रखता है। निराश करने वाली सूचनाएं कष्ट पहुंचाती हैं।

> इस समय आधी दुनिया युद्ध में है। समाचार माध्यमों में धुआं ही धुआं है। बारूदी वातावरण है। यह निराश करता है। गंध भी आहार है। किसी बाग या उपवन में गंधमादन हवा आती है। चित्त गंधमादन हो जाता है। ज्ञानवर्धन सुना या रुचिपूर्ण सुनना, गीत सुनना काव्य सुनना, नदी के पास खड़े होकर नाद सुनना आनंददायक है। दुनिया का सारा ज्ञान देखने और सुनने से प्रकट हुआ है। वैदिक साहित्य सुना हुआ है। स्पर्श भी आहार है। किसी प्रियजन का स्पर्श आनंददाई है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

इस समय आधी दुनिया युद्ध में है। समाचार माध्यमों में धुआं ही धुआं है। बारूदी वातावरण है। यह निराश करता है। गंध भी आहार है। किसी बाग या उपवन में गंधमादन हवा आती है। चित्त गंधमादन हो जाता है। ज्ञानवर्धन सुना या रुचिपूर्ण सुनना, गीत सुनना काव्य सुनना, नदी के पास खड़े होकर नाद सुनना आनंददायक है। दुनिया का सारा ज्ञान देखने और सुनने से प्रकट हुआ है। वैदिक साहित्य सुना हुआ है। स्पर्श भी आहार है। किसी प्रियजन का स्पर्श आनंददाई है। दृश्य, श्रव्य, नाक, स्पर्श और रसना पांच द्वार हैं। इनसे हम कुछ न कुछ लिया करते हैं। जीवनचर्या के अनुशासन में इन पांचों द्वारों की भूमिका है।

भारतीय ज्ञान परंपरा में 10 दिशाएं हैं। काल गणना भी है। वासना भी जन्म और जीवन के साथ आई है। वासना का अनुशासन प्रार्थना है। जीवन ऊर्जा का अधोगामी प्रवाह वासना है। वासना भी एक दिशा है, लेकिन इसका कार्यव्यवहार दुखदायी है। लोकमंगल के विपरीत भी है। जीवन ऊर्जा की दूसरी दिशा प्रार्थना है। वासना और प्रार्थना दोनों में ही हमारी चेतन ऊर्जा ही मुख्य कारक है। दोनों में स्वयं के प्रति आस्तिकता है, लेकिन प्रार्थना में प्रार्थना के प्रति गजब का विश्वास है। ऋग्वेद में प्रार्थना है-हे देवो! हमारा मन शुभ करो। यजुर्वेद में प्रार्थना है-तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु-हमारे मन को कल्याणकारी संकल्प से भरो। विरोधाभास ध्यान देने योग्य है। मन हमारा है, इसे शुभ या शिव बनाने की प्रार्थना हम दूसरे से क्यों करते हैं? प्रार्थना का अंतर्भूत तत्व ऐसा नहीं है। कोई देवता प्रार्थना सुनकर हमारा मन ठीक करे या न करे? लेकिन चित्त से उगी प्रार्थना हमारे चित्त के अणु-परमाणु को शिव तत्व से भर देती है। मैंने हजारों निबंध लिखे हैं। कोई पूछे कि इन सबका आधारभूत तत्व क्या है? मैं उत्तर देता हूं कि हमारा लेखन, भाषण और समूचा राजनैतिक कार्य-व्यवहार प्रार्थना ही है। सिर्फ प्रार्थना ही। प्रार्थना है कि हिंसा से भरे स्वजन संवेदनशील हों। पतंजलि का योग 'चित्तवृत्ति निरोध' है। श्रीकृष्ण का योग 'मनोनिग्रह' है। दोनों का मंतव्य एक है। श्रीकृष्ण 'अभ्यास और वैराग्य' का मंत्र देते हैं। पतंजलि की भाषा भी वही है "अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः- अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है।" (पतंजलियोगसूत्र 1.12) वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं "इन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः।" (वही 13) अभ्यास का संकल्प महत्वपूर्ण है। अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, "ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरुष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है।" (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, "असंयत के लिए योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है।" (गीता 6.36)

पतंजलि योग सूत्रं में दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है कि "रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रांति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं।" यहां 'रोग' ध्यान देने योग्य हैं। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान का प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-"बिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है।" आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं "जब मन और बुद्धि का समान योग रहता है, तब मनुष्य स्वस्थ रहता है, जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग।" रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामी है। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है।

पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है, लेकिन योग का विज्ञान पढ़ने से ही समझ में नहीं आता। यह पठनीय कम करणीय ज्यादा है। लेकिन हमारी लत है कि पठन-पाठन ही ज्यादा है, करणीय कम।

# पहाड़ों की धुंधली होती आवाजें

कुमाऊंनी भाषा ने उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान में लंबे समय से एक केंद्रीय स्थान बनाए रखा है। यह केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि सामाजिक स्मृतियों, लोक ज्ञान और सांस्कृतिक निरंतरता की एक महत्वपूर्ण वाहक भी है। हालांकि वर्तमान समय में यह भाषा एक गंभीर अस्तित्वगत संकट का सामना कर रही है। दैनिक जीवन में इसका उपयोग लगातार कम हो रहा है और युवा पीढ़ी के बीच इससे जुड़ाव या इसकी जानकारी भी तेजी से सीमित होती जा रही है।



अपूर्वा लोहुमी
असिस्टेंट प्रोफेसर

> सर्वप्रथम, कुमाऊंनी भाषा को प्राथमिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जाना चाहिए, जिससे बच्चों में अपनी मातृभाषा के प्रति जुड़ाव और गर्व की भावना विकसित हो सके।

दरअसल, भाषा किसी भी समुदाय की ज्ञान प्रणाली की नींव होती है। कुमाऊंनी भाषा में रची-बसी लोक कथाएं, गीत, कहावतें और पारंपरिक अभिव्यक्तियां इस क्षेत्र के पारिस्थितिक और सामाजिक अनुभवों का एक समृद्ध संग्रह प्रस्तुत करती हैं, इसलिए किसी भाषा का विलुप्त होना केवल शब्दों का खोना ही नहीं, बल्कि एक विशिष्ट ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक विश्व दृष्टिकोण का विघटन भी है। कुमाऊंनी भाषा के पतन के लिए कई सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक कारक जिम्मेदार हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण कारक है पलायन। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी केंद्रों की ओर लोगों के पलायन से उनके भाषाई व्यवहार में बदलाव आता है। शहरों में, हिंदी और अंग्रेजी जैसी प्रमुख भाषाएं सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक और आजीविका के साधन के रूप में कार्य करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप कुमाऊंनी जैसी क्षेत्रीय भाषाएं हाशिए पर चली जाती हैं। शिक्षा प्रणाली इस असंतुलन को और भी गहरा कर देती है। औपचारिक स्कूली शिक्षा में क्षेत्रीय भाषाओं को शायद ही कभी कोई स्थान दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप बच्चे मुख्य रूप से हिंदी और अंग्रेजी में ही भाषाई दक्षता हासिल कर पाते हैं। नतीजतन, कुमाऊंनी भाषा केवल घरेलू और अनौपचारिक परिवेश तक ही सीमित होकर रह जाती है और एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक इसका हस्तांतरण धीरे-धीरे बाधित हो जाता है।

इसके अतिरिक्त बदलती सामाजिक आकांक्षाएं भी इस समस्या को बढ़ाने में योगदान देती हैं। विशेष रूप से, अंग्रेजी भाषा को अक्सर आधुनिकता और प्रगति से जोड़कर देखा जाता है, जिसके चलते माता-पिता अपने बच्चों को इस भाषा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इससे भाषाओं के बीच एक प्रकार का पदानुक्रम निर्मित हो जाता है, जिसमें क्षेत्रीय भाषाओं को कम महत्व का समझा जाता है और परिणामस्वरूप वे धीरे-धीरे उपेक्षित होती चली जाती हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, कुमाऊंनी भाषा के पुनरुद्धार की संभावनाएं अभी भी मौजूद हैं। इसके लिए कई स्तरों पर प्रयासों की आवश्यकता है। सर्वप्रथम, कुमाऊंनी भाषा को प्राथमिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जाना चाहिए, जिससे बच्चों में अपनी मातृभाषा के प्रति जुड़ाव और गर्व की भावना विकसित हो सके। दूसरे, जनसंचार माध्यमों और डिजिटल मंचों का उपयोग करके कुमाऊंनी भाषा को समकालीन संदर्भों में जीवंत बनाए रखने में मदद मिल सकती है। सोशल मीडिया पर कुमाऊंनी भाषा में सामग्री तैयार करने और उसे साझा करने से यह भाषा युवा पीढ़ी के लिए अधिक प्रासंगिक और आकर्षक बन सकेगी।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# मन से मंजिल तक विचारों का सफर

विचार मानव मन की वह शक्ति हैं, जो हमारे व्यक्तित्व, व्यवहार और जीवन की दिशा तय करते हैं। यह किसी विषय पर गहराई से सोचने, सही-गलत में भेद करने या मानसिक रूप से किसी कार्य की योजना बनाने की प्रक्रिया है। विचार हमारे अपने नहीं, बल्कि मेहमान की तरह होते हैं, जो आते हैं और चले जाते हैं। उनका कोई घर नहीं है। वे बादलों की तरह भटकते हैं। विचार तरंगों की भांति हैं। वह मनुष्य के चित्त पर अपना प्रभाव शुभ या अशुभ के लिए छोड़ते हैं। बिना विचारों के न तो नवाचार संभव है, न ही आगे बढ़ना। जितने अधिक विचार उत्पन्न होंगे, उतनी ही नई संभावनाएं खुलेंगी। हर बड़ी खोज की शुरुआत एक छोटी-सी चिंगारी से होती है, पर वह चिंगारी अकेले नहीं, बल्कि अनगिनत छोटे-छोटे विचारों की भीड़ से जलती है। रचनात्मक लोग इसलिए हमेशा विचारों के दरवाजे खुले रखते हैं। वे डरते नहीं, बल्कि उन्हें न्योता देते हैं। ज्यादातर विचार अधूरे, कमजोर या बेकार लग सकते हैं, पर यही असफल प्रयास ही इतिहास की बड़ी सफलताओं की नींव बनते हैं। हर विचार, चाहे छोटा हो या बड़ा, एक संभावित बीज है। असफलता को डरने की बजाय सीखने का मौका समझें। अपने जूनियर या साथियों के विचारों को भी सम्मान दें। कभी-कभी वही अगला बड़ा कदम बन जाता है। विचार को शब्दों से आगे ले जाने से ही आपके विकास की नींव मजबूत बनती है। जब आप एक विचार को लिखते हैं, फिर उसे योजना में बदलते हैं और अंत में उसे लागू करते हैं, तभी वह प्रगति की धड़कन बनता है।



डॉ. नंदकिशोर शाह
लखनऊ

छोटे- छोटे कदम से बड़ी जीत हो सकती है। हर बात को ध्यान से सुनें, चाहे वह किसी भी स्तर का हो। विचार को कागज या नोट-ऐप पर लिखें। लिखने से वह स्पष्ट होता है। छोटा-सा प्रयोग करें, परिणाम देखें। टीम के साथ चर्चा करें, बहुमत से बेहतर समाधान निकलता है। विचार केवल मन में रहने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें पोषित करें, उन्हें परखें और सबसे जरूरी है कि उन पर अमल करें। तभी वह एक धड़कन, एक स्थायी ताल बन जाएगी, जो हर कदम को आगे बढ़ाएगी। मनुष्य के दिमाग में हर दिन लगभग 50 हज़ार विचार आते है। ये विचार अक्सर छोटे-छोटे, स्वचालित और अक्सर अनजाने होते हैं, जैसे सांस लेना या यादों का धुंधलापन। इसलिए, हर दिन आपके सिर में एक निरंतर विचार-धारा चलती रहती है, चाहे आप उसे महसूस करें या न करें। उनमें से सिर्फ 1-2 फीसदी स्मृति में टिकते हैं, जो भावनात्मक या महत्वपूर्ण होते है। बाकी बहुत से विचार क्षणिक फ्लैश की तरह गायब हो जाते हैं, जो भी विचार आते हैं, उन्हें कागज या नोट-ऐप में लिख दें। लिखते-लिखते अक्सर वो खुद ही साफ हो जाते हैं और दिमाग को बांध देते हैं। जिस विचार को हम अपनाते नहीं है, वह विचार बेकार ही है। व्यक्ति अपनी सोच का गुलाम होता है। आप जैसा सोचते हैं, वैसा ही बनते है। दुःख पर ध्यान देंगे, तो हमेशा दुःखी ही रहेंगे, सुख पर ध्यान देना शुरू करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# किन्नर पहचान और नया कानून

एक उभरता संवैधानिक द्वंद भारतीय समाज में किन्नर समुदाय सदियों से अपनी एक अनोखी और विशिष्ट जगह रखता है। शादी-व्याहा में मंगल गीत गाना हो, नवजात शिशु के जन्म पर नाच-गाकर बधाइयां देना या आशीर्वाद देना हो। यह इनका पारंपरिक पेशा रहा है। ज्योतिष गण भी बुध ग्रह की शांति के लिए इन हिजड़ों को दान-पुण्य करने, भोजन कराने और इनका आशीर्वाद लेने की सलाह देते हैं, लेकिन इसी समुदाय के साथ भेदभाव, अपमान, शिक्षा और नौकरी में बाधाएं तथा स्वास्थ्य सेवाओं में दिक्कतें भी कम नहीं हैं।

समाज की इन पारंपरिक रस्मों के साथ-साथ एक बहुत बड़ी और गंभीर समस्या भी उभरकर सामने आई है और वह है इनकी पहचान का प्रश्न। समाज में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां कुछ व्यक्तियों ने किन्नर होने का दावा कर आम लोगों से जबरन धन वसूला, अराजकता फैलाई और कानून-व्यवस्था को चुनौती दी। वहीं कुछ मामलों में बच्चों और किशोरों के अपहरण कर, उन्हें जबरन किन्नर बनाने जैसे गंभीर आरोप भी सामने आए हैं।

वहीं दूसरी तरफ, हमारे जो वास्तविक किन्नर समुदाय के भाई-बहन हैं, वे आज भी सामाजिक भेदभाव, सामाजिक बहिष्कार और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इन्हें संघर्ष करना पड़ता है और उनकी पहुंच सीमित है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 लेकर आई है। यह विधेयक 13 मार्च 2026 को लोकसभा में पेश हुआ, दोनों सदनों से पारित हुआ और 30 मार्च 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सहमति के साथ राजपत्र में प्रकाशित भी हो गया है।



आलोक तिवारी
वरिष्ठ पत्रकार

सरकार का दावा है कि यह कानून समाज में किन्नरों के नाम पर हो रहे दुरुपयोग को रोकने और वास्तविक किन्नर समुदाय को बेहतर सुरक्षा देने के लिए लाया गया है। इस कानून में प्रावधान है कि यदि किसी वयस्क या बच्चे को जबरन अंग-भंग, हार्मोनल प्रक्रिया या किसी अन्य तरीके से किन्नर बनाने की कोशिश की जाती है, तो 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान है। बच्चों के मामलों में सजा और भी कड़ी होगी। 2019 के मूल कानून में इस प्रकार के गंभीर अपराधों के लिए ऐसा विशिष्ट और कठोर प्रावधान नहीं था। किसी को जबरन किन्नर के रूप में प्रस्तुत कर भीख मंगवाने या श्रम कराने पर भी 5 से 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है। इस नए कानून का सबसे बड़ा और सबसे विवादित बदलाव ही पूरे मामले का केंद्र है, जिसने एक बड़ी बहस को जन्म दिया है। पहले 2019 के कानून में व्यवस्था यह थी कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को ट्रांसजेंडर या किन्नर मानता था, तो वह जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) के पास आवेदन देकर अपनी स्वयं की घोषणा के आधार पर पहचान प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता था। अर्थात यदि किसी ने कहा- स्वीकार किया कि वह किन्नर है, तो उसे मान लिया जाता था। सुप्रीम कोर्ट ने भी 2014 में NALSA (नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी) मामले में यही कहा था कि gender identity व्यक्ति की अपनी स्वीकृति और समझ पर आधारित होनी चाहिए।

> यह विधेयक 13 मार्च 2026 को लोकसभा में पेश हुआ, दोनों सदनों से पारित हुआ और 30 मार्च 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सहमति के साथ राजपत्र में प्रकाशित भी हो गया है। यह कानून भारत में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और राज्य के नियंत्रण के बीच चल रही बहस का नया अध्याय है।


NALSA मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि व्यक्ति की लिंग पहचान उसकी गरिमा, स्वायत्तता और वैयक्तिक स्वतंत्रता का हिस्सा है अर्थात व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने, अपनी पहचान तय करने और अपने जीवन के बारे में स्वयं निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार है। उसके यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत संरक्षित है। अब बदलाव यह है कि डीएम अकेले निर्णय नहीं करेगा। उसे मेडिकल बोर्ड (मुख्य चिकित्सा अधिकारी या उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता वाली टीम) की सिफारिश और जांच के बाद ही प्रमाण पत्र जारी करना होगा कि व्यक्ति किन्नर/ट्रांसजेंडर है या नहीं। आवश्यकता पड़ने पर अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों को भी शामिल किया जा सकता है। इस प्रकार स्व-घोषणा का प्रावधान समाप्त कर दिया गया है। एक तरफ समाज में हो रहे कानूनों और नियमों के दुरुपयोग को रोकना जरूरी है, दूसरी तरफ किसी नागरिक की गरिमा, निजता और स्वतंत्रता पर अनावश्यक नियंत्रण भी सरकार के अधिकार में नहीं होना चाहिए। यह कानून भारत में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और राज्य के नियंत्रण के बीच चल रही बहस का नया अध्याय है और समाज को अब इस पर गंभीर चिंतन और विमर्श करना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# समुद्र के समान है शरीर

मित्रों एवं परिचितों की लंबी सूची है। इन लोगों से मिलते-जुलते समय व्यतीत हो जाता है। हर तरह की बात होती है। हंसी-ठहाका भी होता है। इसके अलावा लंबा-चौड़ा परिवार है। परिवार में भी आपस में बातचीत होती है। समय कैसे बीत जाता है, पता नहीं चलता है।

वर्तमान युग में तो स्मार्ट फोन पर ढेरों मित्र हैं। आपस में संदेशों का आना-जाना होता है। पैसों की कमी नहीं। सारे भौतिक उपकरण घर में मौजूद है। घर के हर सदस्य के पास मोबाइल फोन है। कोई बात होती है, तो वह टेलीफोन से हो जाती है। दिन कैसे बीत गया यह पता नहीं चलता है। यह तो रहा बाहरी दुनिया का हालचाल। कभी खुद से मुलाकात करने की कोशिश करनी चाहिए। अंतर्मन से बात करनी चाहिए कि क्या भौतिक सुख-सुविधा के लिए ही जीवन मिला है? भौतिक पदार्थों का अत्यधिक उपयोग व्यक्ति को पंगु बनाता है। दोस्तों एवं ढेरों परिचितों का साथ तभी तक रहेगा, जब तक भौतिक संपन्नता रहेगी। दुर्भाग्यवश कोई ऐसी घटना घट गई, जो कष्टदायी है, तो मित्रों एवं परिचितों तथा मोबाइल पर बने फ्रेंड काम नहीं आएंगे। उस समय सब किनारा कस लेंगे। कहा भी गया है कि सुख के सब साथी होते हैं, दुःख में कोई नहीं होता है। ऐसी स्थिति में पता चलता है कि व्यक्ति बिल्कुल अकेला है। ढाढस देने वाला कोई नहीं है। अतः व्यक्ति को चाहिए कि वह अति भौतिकता के पीछे न भागे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

भौतिक आवश्यकताओं को तो पूरा करना चाहिए, लेकिन इसके लिए नैतिक तरीका भी अपनाना चाहिए। नैतिक तरीके से जब धन अर्जित होता है, तो उसका दुरुपयोग नहीं होता, जबकि अनैतिक तरीके से धनार्जन में विलासिता की आदत पड़ जाती है। बुरी लतें भी घेर सकती हैं। ऐसे माहौल में बाहरी मित्र बहुत जुट जाएंगे, लेकिन जब नैतिक दृष्टि से धनार्जन होगा, तो उससे परिवार में आत्मनिर्भरता तो आएगी ही, साथ ही मन को संतोष मिलेगा कि किसी दूसरे का हिस्सा नहीं लिया गया है। फिजूलखर्ची की आदत नहीं बनेगी। एकांत में बैठकर जब अंतरात्मा में झाकेंगे, तो सुख-शांति मिलेगी। केवल पैसा कमाने के लिए जीवन नहीं मिला है। मन को संतोष देने के लिए खुद आत्मा में झांकना चाहिए। हो सके तो ध्यान मन पर लगाना चाहिए।

संभव है कि बाहरी लोगों के साथ हंसी-मजाक से जो आनंद मिलता है, उससे कहीं अधिक अंतर्मन पर ध्यान लगाने से मिलने लगेगा। ऐसा महसूस होगा कि जैसे शरीर में अमृत की बरसात हो रही है। ऐसी स्थिति में भौतिक उपकरणों से जो सुख मिलता है, उससे कहीं अधिक अंतर्मन से साक्षात्कार करने से मिलने लगेगा। शरीर एक समुद्र के समान है। इसके मंथन से विष भी निकलता है और अमृत भी निकलता है। विष रूपी नकारात्मकता को त्याग कर अमृत रूपी आनंद का पान करना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# चाइनीज मांझे के प्रयोग पर प्रतिबंध की जरूरत

चाकू के प्रहार से तो कोई एक बार बच जाएगा, लेकिन चाइनीज मांझे की रगड़ से नहीं? खून का प्यासा ये मांझा लगातार निर्दोष राहगीरों का खून पी रहा है। ऐसी घटनाओं पर एकाध दिन तो खूब शोर मचता है, लेकिन थोड़े दिन बाद मुद्दा आया-गया हो जाता है। फिलहाल इस मसले को लेकर सरकार के एक धड़े ने अच्छी पहल आरंभ की है। चाइनीज मांझे से जुड़ी घटनाओं पर उत्तर प्रदेश सरकार ने कड़ा निर्णय लिया है। आरोपियों पर तुरंत एफआईआई दर्ज करने का आदेश पारित हुआ है। गौरतलब बीते दो सालों में पूरे देशभर में करीब 1590 घटनाएं विभिन्न प्रदेशों के पुलिस थानों में रिपोर्ट हुईं। इसमें मरने वालों की संख्या 65 फीसदी है और बाकी गंभीर रूप से घायलों की। मौत के मामलों में 90 फीसदी दोपहिया वाहन चालक हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक 2021 की तुलना में 2022-2023 में 18 फीसदी केसों में वृद्धि हुई। मांझे की घटनाओं पर उत्तर प्रदेश शासन का कड़ा रूख अख्तियार करना निश्चित रूप से स्वागत योग्य कहा जाएगा। बिलावजह बेकसूर लोगों की जान गंवाने की दिशा ये सुधारक कदम भी होगा। ऐसी पहल सभी राज्य हुकमतों को और केंद्र सरकार को बिना देर किए करनी चाहिए।



डॉ. रमेश ठाकुर
वरिष्ठ पत्रकार

दशक भर पहले तक चाइनीज मांझे का रिवाज नहीं था। पहले कच्चे सूत के धागे वाले मांझे का इस्तेमाल होता था, लेकिन पर जब से चाइनीज मांझे का प्रचलन आया, लोगों ने अपना लिया। अपनाने का कारण एक ये भी है कि चाइनीज मांझा, अन्य मांझों के मुकाबले मजबूत बहुत है। इसमें मेटल, नाइनॉल और कॉरबोनाइट का प्रयोग होता है, जिसकी रगड़ मात्र से हड्डी तक कट जाती है, जबकि पंतगबाजी के दौरान देशी मांझा टूट जाता है, लेकिन चाइनीज मांझे का कुछ नहीं बिगड़ता? लेकिन लोग इसके दुष्परिणामों को भूल जाते हैं। कुल मिलाकर चाइनीज मांझे से घटती खूनी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए इस मांझे की ब्रिकी और इस्तेमाल पर सख्ती और कड़े प्रावधान की अब दरकार है। मांझे की जानलेवा घटनाएं सिर्फ वसंत या किसी विशेष दिनों पर ही नहीं घटती, बल्कि चौबीसों घंटे और 12 महीने होती हैं। 2016 में एनजीटी ने भी समूचे भारत में बैन का आदेश दिया था, जो धरातल पर कारगर साबित नहीं हुए।

भारत में चाइनीज मांझे का इस्तेमाल अब चोरी-छिपे अन्य कार्यों में भी होने लगा है। पुलिस रिपोर्ट में इस तरह की बातें सिद्ध भी हुई हैं कि लोगों के मर्डर में क्रिमिनलों ने चाइनीज मांझे का प्रयोग किया। गला रेतने में ये धागा तलवार की धार से भी तेज होता है। वहीं, मछुआरों द्वारा मछली पकड़ने से लेकर किसानों का खेतों में आवारा पशुओं से फसलों के बचाव में भी मांझे का इस्तेमाल बेधड़क होने लगा है, जबकि ये मांझा सभी राज्यों में पूर्ण प्रतिबंध है, बावजूद इसके कहीं भी आसानी से उपलब्ध हो जाता है। साल 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई थी। मौखिक रूप से प्रदेशों को बचाव हेतु आदेशित भी किया था, लेकिन शीर्ष अदालत के आदेश को किसी ने गंभीरता से नहीं लिया। मध्य प्रदेश और इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यहां तक कह दिया है कि अगर कोई नाबालिग बच्चा मांझे से घायल हुआ, तो उसके अभिभावक जिम्मेदार होंगे। ये खूनी मांझा पर्यावरण को भी खासा नुकसान पहुंचाता है। पंतगबाजी के दौरान जो मांझा पेड़ों में फंस जाता है वह कई महीनों तक फंसा रहता है, उसमें बेजुबान पक्षी फंसकर मरते रहते हैं।

इंडियन वाइल्ड लाइफ की रिपोर्ट बताती है कि साल 2017-2025 के बीच गुजरात में 17000 हजार पक्षी मांझे में फंसकर हताहत हुए, जिनमें 1500 से अधिक पक्षियों की मौत हुई। वहीं, बेंगलुरु में पिछले साल सबसे ज्यादा पक्षी मरे, जिनमें 790 पक्षियों को रेस्क्यू करके बचाया भी गया। वाइल्ड लाइफ रिपोर्ट पूरे भारत में सालाना 5 लाख बेजुबान पक्षियों को इस अदृश्य मांझे में फंसकर घायल होने तस्दीक करती है। मांझे से उपजी हृदय विदारक घटनाओं के सिलसिले को कैसे रोका जाए, इसको लेकर केंद्रीय स्तर पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता अब महसूस होने लगी है। केंद्रीय स्तर पर इस मसल को कानूनी जद में लाना ही होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

ब्रीफ न्यूज

## रेलवे स्टेशन से 12 वर्षीय दिव्यांग बालक लापता

**किच्छा :** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक 12 वर्षीय शारीरिक रूप से अक्षम बालक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है।


लापता चंदन।

चार दिन बीत जाने के बाद भी बालक का कोई सुराग न लगने से परेशान परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई है। परिजनों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, उनका 12 वर्षीय पुत्र चंदन पैरों से विकलांग है और बोल व सुन पाने में भी असमर्थ है। बताया गया कि चंदन चार दिन पूर्व किच्छा रेलवे स्टेशन से लालकुआं जाने वाली ट्रेन में सवार हुआ था। वह पहले भी कई बार इस तरह ट्रेन में गया था, लेकिन हमेशा शाम तक घर लौट आता था। इस बार चार दिन का समय बीतने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला है। पुलिस ने सोशल मीडिया और पोस्टर के माध्यम से बालक की तलाश शुरू कर दी है।

## जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

**बागेश्वर :** जनपद में आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. निष्ठा शर्मा कोहली ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों और कर्मचारियों को आयुर्वेद के लाभों से जनता को जागरूक करने के निर्देश दिए। शनिवार को उन्होंने आयुष विंग घिंघारतोला, बागेश्वर का निरीक्षण कर ओपीडी की स्थिति और मरीजों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली।

# नकली एनसीईआरटी किताबों का आरोपी हुआ गिरफ्तार

## नकली किताबों की छपाई व खपाने का करता था काम, कॉपीराइटस का है मास्टरमाइंड, बरेली से निकला लिंक, कई अहम जानकारियां मिलीं

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** चर्चित एनसीईआरटी फर्जी किताब प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने पहली गिरफ्तारी करते हुए ऐसे अभियुक्त की गिरफ्तारी की है जो कॉपीराइट्स का खिलाड़ी है। प्रकरण में किताबों के कवर छपाई के साथ ही उसे गोदामों में खपाने का किरदार निभाता था। भोजीपुरा बरेली यूपी से मिले सुराग के बाद कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया और कई अहम जानकारी भी प्राप्त की है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया है।

यहां बता दें कि 16 मार्च की रात्रि को कोतवाली पुलिस को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ट्रक को पकड़ा था। चालक से हुई पूछताछ में पता चला कि ट्रक में एनसीईआरटी किताबें भरी हुई थीं। जब पुलिस ने गांव कीरतपुर कोलडा स्थित एक गोदाम में छापा मारा तो नकली एनसीईआरटी किताबों का जखीरा बरामद हुआ। 17 मार्च की दोपहर को एनसीईआरटी नई दिल्ली की टीम आयी और नकली किताबें होने की पुष्टि की। यह भी स्पष्ट किया कि किताबों पर एनसीईआरटी के स्थान पर एसीईआरटी अंकित है और उत्तराखंड शासन द्वारा गोदाम बनाने की कोई अनुमति नहीं दी गई।

प्रकरण में सहायक उत्पादन अधिकारी एनसीईआरटी के दीपक कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ और एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने फौरन एसपी सिटी को एसआईटी का प्रभारी बनाते हुए कोतवाल मनोज रतूड़ी को जांच अधिकारी बनाया। पंजीकृत मुकदमे में किताब माफिया हरार हर्रा मेरठ नि वासी संदीप कुमार, गोदाम स्वामी राजेश कुमार जैन और शाहरुख का नाम सामने आया, लेकिन तफ्तीश में नफीस खान उर्फ राजू निवासी बनवारीपुर मीरपुर थाना रोहटा मेरठ का नाम सामने आया। बहेड़ी, बरेली में हुई जांच के बाद पता चला कि नफीस कॉपीराइट्स का खिलाड़ी है और नकली एनसीईआरटी किताबों की छपाई और खपाने का किरदार निभाता था। 3 अप्रैल की शाम को मिली सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस की एसआईटी ने कोतवाली इलाके से अभियुक्त नफीस को गिरफ्तार कर कई अहम जानकारी प्राप्त की। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

### फरार नामजद आरोपी के बारे में मिली जानकारी

**रुद्रपुर :** नकली एनसीईआरटी किताब प्रकरण में जहां सहायक उत्पादन अधिकारी दीपक कुमार की तहरीर पर किताब माफिया संदीप कुमार, गोदाम स्वामी और शाहरुख के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज होते ही अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त से फरार है। सीओ सदर प्रशांत कुमार ने बताया कि पकड़े गए नफीस से फरार चल रहे अभियुक्त के संबंध में कई अहम जानकारी मिली है। एसआईटी की एक टीम लगातार फरार चल रहे अभियुक्तों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## दो बार कॉपीराइट्स प्रकरण में जेल जा चुका है नफीस

- 2020-2023 में मेरठ-भोजीपुरा में दर्ज है मुकदमे
- मथुरा में करता था छपाई, फिर खपाता था किताब

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कीरतपुर कोलडा में पकड़े गए नकली एनसीईआरटी किताबों का जखीरा प्रकरण में नफीस उर्फ राजू का नाम नया सामने आया है। नफीस कॉपीराइट का इतना बड़ा मास्टरमाइंड है कि खुली आंखों से भी असली और नकली की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। नफीस का यह कोई पहला अपराध नहीं है, बल्कि दो बार वह कॉपीराइट्स प्रकरण में जेल जा चुका है।

कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि नकली एनसीईआरटी किताब प्रकरण की जब तफ्तीश शुरू हुई तो मेरठ के रहने वाले नफीस खान उर्फ राजू का नाम प्रकाश में आया। पुलिस की एक टीम जब मार्च माह में भोजीपुरा और बरेली गई तो पता चला कि नफीस कॉपीराइट का मास्टरमाइंड है और वर्ष 2020 में मेरठ और 2023 में भोजीपुरा बहेड़ी बरेली से जेल भी जा चुका है। नफीस का एक संगठित गिरोह है। अभियुक्त देश के कई राज्यों में नकली किताबों का भंडारण करता है और मथुरा स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस से किताबों के कवर की छपाई करवाकर पहले भोजीपुरा स्थित गोदाम तक पहुंचाता है। फिर कीरतपुर गांव में बनाए गए गोदाम में रखता था।


गांव कीरतपुर कोलडा स्थित गोदाम में रखी फर्जी एनसीईआरटी की किताबें।

### खरीदारों को भी चिह्नित करेगी पुलिस

**रुद्रपुर :** कोतवाली पुलिस की एसआईटी ने साफ कर दिया है कि किताब माफिया के साथ उन खरीदारों को भी चिह्नित किया जाएगा जो एनसीईआरटी नियमों की अवहेलना कर माफियाओं से किताबों को खरीदते थे। इसके लिए पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त नफीस को रिमांड पर ले सकती है। पुलिस का दावा है कि किताब माफिया का नेटवर्क एक बड़ा व संगठित गिरोह है। जिसमें अभी कई लोगों के नाम सामने आ सकते हैं। इस प्रकरण में किताबों को खरीद कर बुक सेलर पर बेचने वाला भी हो सकता है। जिसको चिह्नित करने के बाद बुक सेलर के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

> नकली एनसीईआटी किताब प्रकरण एक गंभीर मामला है। एसआईटी ने अभी पहली गिरफ्तारी की है और नामजद अभियुक्तों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। प्रकरण की जांच हर बिंदु और हर पहलू पर हो रही है। एक यह संगठित अपराध है और जो शैक्षिक गुणवत्ता के साथ ही एनसीईआरटी नियमों की अवहेलना कर रहा है। यह अपराध कॉपीराइट अधिनियम के तहत आता है। नकली किताब गिरोह को चिह्नित कर पर्दाफाश किया जाएगा।
> –**अजय गणपति कुंभार**, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

छपाई के बाद छिपाई गई नकली एनसीईआरटी किताबों को पैक कर भरतपुर राजस्थान के अलावा देश के कई राज्यों में बनाए गए गोदामों में छिपाकर रखता और फिर नेटवर्क के माध्यम से किताबों को कई राज्यों में सप्लाई करता था। यह भी पता चला कि अभियुक्त किताब माफिया संदीप कुमार से परिवहन के लिए ही वार्ता करता था और माफिया के इशारे के अनुसार ही किस राज्य में गोदाम बनाना है। किताबों का जखीरा कब सप्लाई करना है यह सभी माफिया ही करवाता था।

# अमरपुर-चुकुम विस्थापन के लिए एडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** अमरपुर और चुकुम के विस्थापन एवं पुनर्वास की प्रक्रिया में तेजी आई है। राजस्व ग्राम अमरपुर एवं चुकुम के विस्थापन और पुनर्वास को लेकर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शैलेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय पुनर्वास समिति ने शनिवार को स्थलीय निरीक्षण एवं सत्यापन किया। इस दौरान समिति ने विस्थापन के लिए चयनित हाथी डंगर आम पोखरा रेंज, पश्चिम तराई डिवीजन की वन भूमि का भी निरीक्षण किया।

समिति ने ग्राम चुकुम में ग्रामीणों के साथ बैठक कर पुनर्वास प्रक्रिया पर चर्चा की और अब तक की प्रगति की जानकारी साझा की। ग्रामीणों ने बैठक में शीघ्र विस्थापन की मांग समिति के समक्ष रखी। अपर जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि ग्राम चुकुम और अमरपुर के विस्थापन के लिए वन विभाग से हाथी डंगर आम पोखरा रेंज में भूमि विनियम की सहमति प्राप्त हो गई है। इसके संबंध में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत आगे की कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उप जिलाधिकारी रामनगर गोपाल सिंह चौहान मौजूद रहे।



विस्थापन की संभावित भूमि का स्थलीय निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# जसपुर को जल्द मिलेगी सीवर लाइन की सौगात

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचारः** शहरवासियों को जल्द ही सीवर लाइन की सुविधा मिलने वाली है, लाइन बिछाने की कवायद शुरू कर दी गई है। भाजपा नेता एवं राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष विनय रुहेला की पहल पर स्टेट हाई पावर कमेटी ने प्रस्ताव को भारत सरकार के पास वित्तीय स्वीकृति के लिए भेजा है। सीवर लाइन बिछाने का काम इस साल शुरू हो सकता है।


विनय रुहेला।

राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष विनय रुहेला द्वारा बीते दिनों सीएम पुष्कर सिंह धामी को पत्र देकर जसपुर में सीवर लाइन बिछाने का कार्य कराने की सीएम की घोषणा को याद दिलाया गया। सीएम ने इस पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। विनय रुहेला ने बताया कि बीते 31 मार्च को शासन के उप सचिव प्रदीप कुमार शुक्ल ने उनके निजी सचिव को पत्र भेजकर अवगत कराया कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित स्टेट हाई पावर कमेटी की बैठक में समिति ने इस कार्य पर सैद्धांतिक सहमति जताते हुए प्रस्ताव को वित्तीय स्वीकृति के लिए भारत सरकार को भेजा है। रुहेला ने बताया कि सीवर लाइन बिछने से शहर के विकास को एक नई गति मिलेगी।

# लालकुआं रेलवे स्टेशन में काम के चलते कुछ ट्रेनों को किया निरस्त

- कुछ ट्रेनों को रि-शेड्यूलिंग, शॉर्ट-टर्मिनेट एवं शॉर्ट-ओरिजनेट के तहत चलाया जाएगा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** रेलवे प्रशासन द्वारा इज्जतनगर मंडल पर लालकुआं रेलवे स्टेशन यार्ड में प्री-नॉन इंटरलॉक एवं नॉन इंटरलॉक किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, रि-शिड्यूलिंग, शॉर्ट टर्मिनेट एवं शॉर्ट ओरिजनेट किया जायेगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर मंडल संजीव शर्मा ने बताया कि 55302/55301 लालकुआं-मुरादाबाद-लालकुआं सवारी गाड़ी 6 एवं 7 अप्रैल 2026 को निरस्त रहेगी। 55303 मुरादाबाद-लालकुआं सवारी गाड़ी 6 अप्रैल को निरस्त रहेगी। 55309/55310 लालकुआं-काशीपुर-लालकुआं सवारी गाड़ी 6 अप्रैल को निरस्त रहेगी। 55305/55306 काशीपुर-रामनगर-काशीपुर सवारी गाड़ी 6 अप्रैल को निरस्त रहेगी। जबकि कासगंज से 6 अप्रैल 2026 को चलने वाली 55307 कासगंज-रामनगर सवारी गाड़ी 165 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। 55304 लालकुआं-मुरादाबाद सवारी गाड़ी 5 अप्रैल, को काशीपुर में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी काशीपुर-लालकुआं के मध्य निरस्त रहेगी। 15061 कासगंज-लालकुआं एक्सप्रेस गाड़ी 5 एवं 6 अप्रैल को इज्जतनगर में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी इज्जतनगर-लालकुआं के मध्य निरस्त रहेगी। 55311 कासगंज-लालकुआं सवारी गाड़ी 6 अप्रैल को पंतनगर में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी पंतनगर-लालकुआं के मध्य निरस्त रहेगी। 15062 लालकुआं-कासगंज एक्सप्रेस गाड़ी का संचलन 6 अप्रैल को पंतनगर में शॉर्ट-ओरिजनेट कर किया जायेगा। यह गाड़ी पंतनगर-लालकुआं के मध्य निरस्त रहेगी। 55312 लालकुआं-कासगंज सवारी गाड़ी का संचलन 6 एवं 7 अप्रैल को इज्जतनगर में शॉर्ट-ओरिजनेट कर किया जायेगा। यह गाड़ी इज्जतनगर-लालकुआं के मध्य निरस्त रहेगी।


प्रधानाचार्य और शिक्षक के सेवानिवृति पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक।

### केएमआरआईसी के प्रधानाचार्य व गणित प्रवक्ता सेवानिवृत्त

**हल्द्वानी :** कुलोमणि महतोलिया राजकीय इंटर कॉलेज रौशिल (केएमआरआईसी) के गणित विभाग के प्रवक्ता प्रेम प्रकाश कांडपाल और प्रधानाचार्य रमेश चंद्र ने की सेवानिवृत्ति पर स्कूल में विदाई कार्यक्रम हुआ। प्रधानाचार्य ने कहा कि उन्हें अपने कार्यकाल में शिक्षकों व स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिला। वहीं, गणित के प्रवक्ता प्रेम प्रकाश ने भी स्कूल में बिताए गए समय को याद किया। शिक्षकों ने कहा कि प्रधानाचार्य व गणित के प्रवक्ता ने स्कूल के शैक्षिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्कूल के सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्रों ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# मुक्त विवि और बुंदेलखंड विवि के बीच एमओयू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के साथ शैक्षिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से शैक्षिक समझौता और विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुमाऊनी और बुंदेली भाषा, संस्कृति तथा शोध के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने कहा कि क्षेत्रीय भाषाओं के बीच आपसी जुड़ाव और मित्रभाव से ही भारतीय भाषाओं को वैश्विक पहचान मिल सकती है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय विभिन्न भारतीय और विदेशी भाषाओं में नए प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी कर रहा है। वक्ताओं ने कुमाऊनी और बुंदेली भाषाओं को लोकजीवन की अभिव्यक्ति बताते हुए इनके संरक्षण और अकादमिक महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही 'ज्ञानगृह' पत्रिका का लोकार्पण भी किया गया। इस मौके पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. श्रीहरि त्रिपाठी, डॉ. बिपिन प्रसाद, डॉ. सुनीता वर्मा, डॉ. प्रेमलता, डॉ. सुधा दीक्षित, डॉ. द्युति मालिनी, कला संकाय के शोधार्थी तथा पीजी और यूजी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


यूओयू में मूल्यांकन कार्य करते हुए शिक्षक। ● अमृत विचार

### मुक्त विश्वविद्यालय में तेजी से चल रहा केंद्रीय मूल्यांकन

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में इन दिनों केंद्रीय मूल्यांकन का कार्य तेजी से चल रहा है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. सोमेश कुमार ने बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों के परिणाम क्रमवार जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीएलआईएस, डीवीके, एमएलआईएस, सीआईएन, सीएसएल, सीवीके, सीवाईएस और डीएमए सहित कई पाठ्यक्रमों के परिणाम 26 मार्च से 2 अप्रैल के बीच घोषित कर दिए गए हैं। शेष पाठ्यक्रमों के प्रैक्टिकल और मूल्यांकन कार्य पूरा होते ही उनके परिणाम भी जल्द जारी कर दिए जाएंगे। मूल्यांकन को समयबद्ध बनाने के लिए कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने विशेष टीम गठित की है।


बाजपुर के ग्राम महेशपुरा में बच्चों को निशुल्क पुस्तकें बांटतीं ग्राम प्रधान भारती सैनी।

### प्राथमिक विद्यालय में निःशुल्क पुस्तक वितरण

**बाजपुर :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय महेशपुरा में शनिवार को एक सादे समारोह के बीच विद्यार्थियों को नि:शुल्क पुस्तकें वितरित की गईं। ग्राम प्रधान भारती सैनी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना रहा। नई किताबें पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान भारती सैनी ने अभिभावकों और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की असली नींव है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आर्थिक तंगी किसी भी बच्चे की पढ़ाई में बाधा नहीं बननी चाहिए। प्रधान ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। इस दौरान प्रधान पति लीलाधर सैनी, प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, पम्मी, वीरवती आदि मौजूद रहे।

आयोजन — राजकीय महिला पीजी कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन

# समूह नृत्य, नाटिका और मेहंदी में दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** हल्द्वानी स्थित राजकीय महिला पीजी कॉलेज में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन उत्साह के साथ हुआ। कार्यक्रम में समूह नृत्य, एकल नृत्य, लघु नाटिका, मेहंदी और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।

समूह नृत्य प्रतियोगिता में बबीता ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लघु नाटिका में झकास ग्रुप विजेता रहा। मेहंदी प्रतियोगिता में रीतिका आर्या ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं एकल नृत्य प्रतियोगिता में सौम्या रावल विजेता रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुमित हृदयेश ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन संजना सक्सेना और दिया ने किया, जबकि सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. विभा पांडे ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रश्मि पंत, डॉ. पूनम आर्या, डॉ. प्रदीप पांडे, डॉ. विवेक, डॉ. रेखा जोशी, डॉ. फकीर सिंह, डॉ. नेहा सिंह, चंपा जोशी आदि रहे।


राजकीय महिला पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यकर्म के दौरान मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

## राजमणि ने पंजाब में लहराया परचम

**बाजपुरः** क्षेत्र के भौना इस्लाम नगर देहात की छात्रा राजमणि माला ने अपनी प्रतिभा के दम पर पंजाब में आयोजित प्रतिष्ठित प्रतियोगिता "किसमें कितना है दम" (सीजन-12) के ग्रैंड फिनाले में रनर-अप का स्थान हासिल किया है। चंडीगढ़ की रायत बहारा यूनिवर्सिटी में आयोजित इस कार्यक्रम में राजमणि के शानदार प्रदर्शन ने निर्णायकों का दिल जीत लिया। डीएवी स्कूल बाजपुर में कक्षा-9 की छात्रा राजमणि, राजकुमार दिवाकर और भुवनेश्वरी दिवाकर की पुत्री हैं।


राजमणि माला।

# समरसता व संवैधानिक मूल्यों पर चर्चा

- दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में बाजपुर से जुटे सिख प्रतिनिधि

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** दिल्ली में सिख समुदाय को लेकर एक महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय "संविधान, धर्मनिरपेक्षता और सिख धर्म" रहा। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के सिख प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज में समरसता व संवैधानिक मूल्यों पर चर्चा की।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव गुरदीप सिंह सप्पल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में संविधान की मूल भावना और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उत्तराखंड प्रदेश गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरेंद्र सिंह ढिल्लों सहित अन्य वक्ताओं ने सिख धर्म की शिक्षाओं और संविधान के बीच की समानताओं को रेखांकित करते हुए एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

इस दौरान सिख नेताओं को सिरोपाओ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बाजपुर क्षेत्र से किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सोनू कंग, सतनाम सिंह, जयदीप प्रधान, राजू प्रधान, हरमन सिंह, वीरजोत, बंटी प्रधान और पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष हैरी सिंह आदि उपस्थित रहे।


दिल्ली में उत्तराखंड के प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श करते गुरदीप सप्पल।

**कैग ने जम्मू-कश्मीर में बजटीय उल्लंघनों को चिह्नित किया**

जम्मू। कैग ने जम्मू और कश्मीर में वित्तीय प्रबंधन के उल्लंघनों को उजागर किया है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा 34,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत राशि को निर्धारित बजटीय मानदंडों का उल्लंघन करते हुए वापस नहीं किया गया।

अमृत विचार
हल्द्वानी, रविवार, 5 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2670, राज श्री 2050, फ़ॉर्चून कि. 2780, रविन्द्रा 2670, फॉर्चुन 13kg 2440, जय जवान 2200, सचिन 2350, सूरज 2200, अवसर 2145, उजाला 2200, गृहणी 13 kg 2190, क्लासिक (kg) 2575, मोर 2405, चक्र टिन 2640, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2530, स्वास्तिक 2625

**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल–(प्रति कु0)**–डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 9000, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 9000, गौरी प्रीमियम 10800, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350,लाडली 4200

**दाल दलहन**– मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी**–पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260, रोज़ा 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना पक्के आभूषण 151300, सोना गिन्नी 147300, चांदी (पक्की) 2360 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### पुरी में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को वन मंजूरी

**भुवनेश्वर।** केंद्र सरकार ने पुरी में प्रस्तावित श्री जगन्नाथ अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा परियोजना के लिए वन मंजूरी के पहले चरण को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह हवाईअड्डा परियोजना वर्ष 2021 में ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा प्रस्तावित की गई थी। इसके तहत निर्माण के लिए लगभग 27 हेक्टेयर वन भूमि के उपयोग की सशर्त अनुमति दी गई है।

# ईंधन पर्याप्त : 46 हजार टन एलपीजी लेकर होर्मुज के पार आया ग्रीन सानवी

## सरकार ने कहा- घबराहट में न खरीदें, 2 अप्रैल को पहुंचे जहाज सीबर्ड से उतारी जा रही 44 हजार टन एलपीजी

नयी दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शनिवार को नागरिकों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की। सरकार ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से जुड़े व्यवधानों के बावजूद ईंधन की आपूर्ति पर्याप्त है। 'ग्रीन सानवी' नामक एलपीजी जहाज 46,650 टन रसोई गैस के साथ सुरक्षित रूप से होर्मुज पार कर चुका है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं। लोगों को केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और ऊर्जा की बचत करने की सलाह दी गई है।

सरकार ने घरेलू एलपीजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को प्राथमिकता दी है। जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोकको सख्ती बढ़ाई गई है। अब तक 3,700 से अधिक छापेमारी की गई है, एलपीजी वितरकों को लगभग 1,000 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं और अब तक 27 डीलरों को निलंबित किया जा चुका है।




● पेट्रोलियम मंत्रालय ने लोगों से कहा-एलपीजी और पीएनजी हमारी प्राथमिकता, केवल आधिकारिक सूचनाओं पर करें भरोसा

वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को पहले के स्तर के लगभग 70 प्रतिशत तक सीमित किया गया है, जबकि केरोसिन (मिट्टी का तेल) और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है ताकि दबाव कम किया जा सके। प्राकृतिक गैस के मामले में घरों और परिवहन क्षेत्र को पूरी आपूर्ति दी जा रही है, उद्योग और उर्वरक क्षेत्रों के लिए आपूर्ति धीरे-धीरे बढ़ाई जा रही है।

मंत्रालय ने बताया कि बढ़ती वैश्विक कीमतों से राहत देने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है और निर्यात पर शुल्क लगाया है।

इसी बीच लगभग आधे दिन की खाना पकाने की गैस की आपूर्ति ले जा रहा एक एलपीजी टैंकर होर्मुज को पार कर चुका है।

सरकार ने शनिवार को पश्चिम एशिया की स्थिति पर जानकारी देते हुए कहा कि 'ग्रीन सानवी' नामक एलपीजी जहाज 46,650 टन रसोई गैस और 25 नाविकों के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। ग्रीन सानवी इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को पार करने वाला सातवां भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर है। ग्रीन सानवी के गुजरने के बाद भी 17 भारतीय ध्वज वाले जहाज अभी जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए हैं। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि 'सी बर्ड' नामक एलपीजी टैंकर जहाज, जो लगभग 44,000 टन ईरानी रसोई गैस लेकर आया है, बीती दो अप्रैल को हमारे मंगलौरु बंदरगाह पर पहुंचा और फिलहाल उससे गैस उतारी जा रही है।

### रोजाना 15.2 लाख सिलेंडर दे रही एचपीसीएल

**मुंबई, एजेंसी।** सरकारी क्षेत्र की पेट्रोलियम उत्पाद वितरक कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि (एचपीसीएल) ने शनिवार को अपने ग्राहकों को आश्वस्त किया है कि पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद घरेलू एलपीजी की उसकी आपूर्ति सामान्य और पर्याप्त रूप से जारी है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि एलपीजी वितरण का काम इस समय सर्वोच्च प्राथमिकता है। कंपनी निर्बाध रूप से घरों तक प्रतिदिन 15,20,000 से अधिक सिलेंडरों की आपूर्ति कर रही है उसका जो सामान्य वितरण है। एचपीसीएल अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वेब पोर्टल और टोल-फ्री नंबर (1800-2333-555) के माध्यम से ग्राहकों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

### डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें

सरकार ने बयान जारी कर कहा है कि उपभोक्ता मौजूदा परिस्थितियों के बीच एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें और गैस बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल करें। सरकार ने नागरिकों को स्पष्ट सलाह दी है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें और गैस बुकिंग के लिए केवल डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें। वर्तमान में इंडस्ट्री के स्तर पर 94% एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन हो रही है। मांग को नियंत्रित करने के लिए, शहरी क्षेत्रों में बुकिंग का अंतराल 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 45 दिन तक कर दिया गया है।

# पश्चिम एशिया संकट लंबा चला तो भारत का निर्यात प्रभावित होगा: अग्रवाल

हैदराबाद,एजेंसी



● 'चिंतन शिविर-फार्मा निर्यात वृद्धि में बोले केंद्रीय वाणिज्य सचिव

केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि यदि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष जारी रहा, तो इसका असर भारत के अन्य देशों को होने वाले निर्यात पर भी पड़ेगा। 'चिंतन शिविर-फार्मा निर्यात वृद्धि' के अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण पिछले महीने आयात और निर्यात दोनों पर प्रभाव पड़ा, क्योंकि ऊर्जा आयात बाजार का एक प्रमुख हिस्सा है।

अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि पश्चिम एशिया भी एक महत्वपूर्ण बाजार है। हमारे निर्यात का लगभग 12-13 प्रतिशत हिस्सा इसी क्षेत्र में जाता है। इसलिए, इस पर सीधा असर पड़ेगा। अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो संभवतः दुनिया के अन्य हिस्सों में होने वाले हमारे निर्यात भी प्रभावित होंगे क्योंकि कुछ मूल्य श्रृंखलाएं फिर से सामान्य स्थिति में आ जाएंगी। हम इससे अवगत हैं।

एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि इस संकट का प्रभाव आने वाले कुछ हफ्तों में स्पष्ट हो सकेगा। सरकार की कोशिश है कि आपूर्ति श्रृंखला पर कम से कम असर पड़े, हालांकि आयात और निर्यात दोनों में कुछ कमी आ सकती है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए उद्योग को आत्मनिर्भर बनना होगा।

### दवा निर्यात फरवरी तक 28 अरब डॉलर के पार

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारत का दवा निर्यात पिछले वित्त वर्ष के फरवरी तक सालाना आधार पर पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ 28 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा। भारतीय दवा निर्यात संवर्धन परिषद के महानिदेशक के राजा भानु ने कहा कि वर्तमान में लगभग 60 अरब डॉलर वाले इस क्षेत्र के 2030 तक बढ़कर 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। उन्होंने 'चिंतन शिविर : औषधि निर्यात में वृद्धि'' के उद्घाटन सत्र में कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद दवा निर्यात ने अपनी वृद्धि की गति बनाए रखी है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान निर्यात 28 .29 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 5 .6 प्रतिशत अधिक है।

## ईरान संग भुगतान की समस्या नहीं, कच्चे तेल की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित: सरकार

नयी दिल्ली, एजेंसी

● प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने खारिज किया ईरानी तेल ले जा रहे टैंकर के चीन की ओर मुड़ने का दावा

केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि ईरान से कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान संबंधी कोई समस्या नहीं है और रिफाइनरियां उस देश के साथ ही दुनिया भर के विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से तेल हासिल कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में उन खबरों को खारिज किया, जिनमें दावा किया गया था कि ईरानी कच्चा तेल ले जा रहा एक तेल टैंकर अपने पहले से संकेतित गंतव्य भारत के बजाय चीन की ओर मुड़ गया है।

मंत्रालय ने कहा कि ये दावे उद्योग के उस सामान्य अभ्यास की अनदेखी करते हैं, जहां परिचालन लचीलेपन के आधार पर यात्रा के दौरान कार्गो अपना गंतव्य बदल सकते हैं। मंत्रालय ने इन दावों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया कि भुगतान बाधाओं के कारण कार्गो को गुजरात के वाडिनार के बजाय चीन की ओर मोड़ा गया था। मंत्रालय ने कह कि ईरानी कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान की कोई बाधा नहीं है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारत 40 से अधिक देशों से कच्चे तेल का आयात करता है, और कंपनियों के पास विभिन्न स्रोतों और भौगोलिक क्षेत्रों से तेल प्राप्त करने का पूर्ण लचीलापन है।

## स्वदेशी इस्पात से मिली है युद्धपोत आईएनएस तारागिरी को मज़बूती

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी क्षेत्र की स्टील उत्पादक महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारतीय नौसेना को सौंपे गये नये युद्धक पोत आईएनएस तारागिरी के लिए देश में ही विशेष प्रकार का इस्पात विकसित कर उसकी आपूर्ति की। नीलगिरी-श्रेणी (प्रोजेक्ट 17 ए) के चौथे स्टील्थ फ्रिगेट, इस युद्धपोत को शुक्रवार को नौसेना में शामिल किया गया। सेल की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार उसने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड को इस युद्ध पोत के निर्माण के लिए लगभग 4,000 टन विशेष ग्रेड के स्टील प्लेट की आपूर्ति की जो इस पोत की जरूरतों के लिए पूरी थी। इस विशेष इस्पात का उत्पादन सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्रों में किया गया है।

## एमएसएमई के लिए कर्ज की कमी 2030 तक 55 लाख करोड़ रहने का अनुमान

### विश्लेषण फर्म बी2के एनालिटिक्स ने जारी की ताजा रिपोर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी

देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएसमई क्षेत्र की इकाइयां) का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान 33 प्रतिशत से बढ़ कर 40 प्रतिशत तक पहुंच सकता है लेकिन इस क्षेत्र के लिए संगठित क्षेत्र से मिलने वाला वित्त पोषण इसकी कुल आवश्यकता से 33 प्रतिशत कम रहने का अनुमान है।




विश्लेषण फर्म बी2के एनालिटिक्स की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इस क्षेत्र को 2030 तक 162.92 लाख करोड़ रुपये के वित्त पोषण की जरूरत होगी और इस अवधि में इस क्षेत्र को औपचारिक स्रोतों से कर्ज 78.02 लाख करोड़ रुपये तक उपलब्ध हो सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार इसमें 56.98 लाख करोड़ रुपये का कर्ज प्राथमिकता क्षेत्र की ऋण सुविधाओं के तहत 18.57 लाख करोड़ रुपये अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से और 2.46 लाख करोड़ रुपये गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से मिलने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त ये इकाइयां 5 कर्ज की व्यवस्था अनौपचारिक स्रोतों से कर सकती है तथा कर्ज की लगभग 30 प्रतिशत व्यवस्था प्रवर्तक अपनी खुद की पूंजी से करेंगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके बावजूद 2030 तक एमएसएमई के लिए कर्ज की कमी 55.18 लाख करोड़ रुपये के विशाल स्तर तक रहने का अनुमान है। बी2के एलालिटिक्स के सीईओ रिताबन बसु के अनुसार कि हमारे अनुमान एमएसएमई के योगदान के विस्तार के मजबूत दीर्घकालिक वृद्धि रुझानों को दर्शाते हैं। इस क्षेत्र के विस्तार के साथ इकाइयों को औपाचारिक स्रोतों से कर्ज सुविधाओं में भी वृद्धि होने की उम्मीद है।

## चौथी तिमाही में जमा से अधिक रही बैंकों की ऋण वृद्धि

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** एलआईसी के नियंत्रण वाले आईडीबीआई बैंक का मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही में ऋण 16 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2.53 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा गया। एक साल पहले यह आंकड़ा 2.18 लाख करोड़ रुपये था। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी कुल जमा राशि 12 प्रतिशत बढ़कर 3.46 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 3.1 लाख करोड़ रुपये थी। इसी तरह, देश के दूसरे सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक के ऋण में मार्च तिमाही में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 29.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि 31 मार्च, 2025 के अंत तक उसका कुल अग्रिम 26.43 लाख करोड़ रुपये था।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# एलडीएफ सरकार की विदाई की उल्टी गिनती शुरू: मोदी

तिरुवल्ला (केरल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार की विदाई की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और केरल में भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में आयेगा। मोदी ने पथनमथिट्टा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राजग की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एलडीएफ सरकार की विदाई करने के लिए काफी उत्साह दिखाया है।

राज्य विधानसभा की 140 सीट के लिए नौ अप्रैल को चुनाव होगा। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर भाजपा राज्य की सत्ता में आती है, तो वह केरल में विकास सुनिश्चित करेगी, जैसा कि उसने गोवा और पूर्वोत्तर के सात राज्यों में से छह में किया है, जहां वह सत्ता में है और वहां ईसाई आबादी काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि केरल में अपार संभावनाएं हैं, फिर भी विकास की दौड़ में यह अन्य राज्यों से पीछे है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केरल के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की स्थिति खराब है, क्योंकि एलडीएफ और यूडीएफ ने इस पर ध्यान नहीं दिया। कहा कि जब केरल में भाजपा की 'डबल इंजन' वाली सरकार सत्ता में आएगी, तो सभी बाधाएं दूर हो जाएंगी और यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश में, अगर किसी समूह को राजग की नीतियों से सबसे ज्यादा फायदा होता है, तो वे मेरी माताएं, बहनें, बेटियां हैं। मोदी ने केरल से रोजगार के लिए युवाओं के पलायन का भी जिक्र किया और कहा कि यह राज्य की सबसे बड़ी समस्या है।



जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी का अभिनन्दन करते स्थानीय नेता।

## असम : उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.25 करोड़

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम में विधानसभा चुनावों भाग लेने वाले उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.25 करोड़ रुपये है। यह औसत पांच वर्ष पहले हुए विधानसभा चुनावों में भाग लेने वाले प्रत्याशियों की औसत संपत्ति से 54 प्रतिशत अधिक है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और असम इलेक्शन वॉच ने शनिवार को अपनी रिपोर्टों में कहा कि 2021 के असम विधानसभा चुनावों में प्रति उम्मीदवार औसत संपत्ति 2.10 करोड़ रुपये थी। उन्होंने इस बार चुनाव लड़ रहे सभी 722 उम्मीदवारों के स्व-घोषित शपथ पत्रों का विश्लेषण किया। पिछले चुनावों में 941 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इस बार उम्मीदवारों की कुल संपत्ति 2,352 करोड़ रुपये है। इनमें से 39% करोड़पति हैं जबकि पांच साल पहले यह 28 % था।

# असली अपराधी बच निकले, निर्दोषों को परेशान कर रही एनआईए : ममता

मालदा (बंगाल), एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि मालदा जिले के मोथाबाड़ी में न्यायिक अधिकारियों के घेराव और हिंसा के असली आरोपी फरार हो गए जबकि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) निर्दोष स्थानीय लोगों को पकड़कर परेशान कर रहा है।

वह मालदा के मानिकचक में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे एसआईआर के बाद 'विचाराधीन' मामलों की जांच कर रहे न्यायिक अधिकारियों के पास जाने के बजाय मतदाता सूची में नामों को दोबारा शामिल कराने के लिए न्यायाधिकरणों में आवेदन करें। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के संदर्भ में कहा कि दो सांप्रदायिक दलों ने न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया और भाग निकले। अब एनआईए स्थानीय युवाओं को परेशान कर रही है।



● बोलीं-मतदाता सूची में नाम शामिल कराने को न्यायाधिकरणों में करें आवेदन

जांच के नाम पर करीब 50 निर्दोष लोगों को उठा लिया गया है। जब बनर्जी ने सभा में मौजूद लोगों से पूछा कि किन-किन के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, तो बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ उठाए, जिसे देखकर उन्होंने आश्चर्य जताया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने मंच पर मौजूद पार्टी के स्थानीय नेताओं से कहा कि हमें राजनीतिक रैलियां और सभाएं करने की जरूरत नहीं है।

मेरी प्राथमिकता इन लोगों की मदद करना है, ताकि वे न्यायाधिकरणों में आवेदन देकर अपने नाम फिर से जुड़वा सकें।

## तमिलनाडु : एफसीआरए विधेयक दमनकारी, विदेश नीति विफल - स्टालिन

**नागरकोइल (तमिलनाडु), एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शनिवार को केंद्र द्वारा प्रस्तावित एफसीआरए संशोधन विधेयक 2026 को दमनकारी करार दिया। आरोप लगाया कि इसके जरिये अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से ईसाई सेवा संगठनों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने इस विधेयक को वापस लेने की मांग की। विधानसभा चुनाव के लिए यहां एक रैली को संबोधित करते हुए एम के स्टालिन ने मछुआरों के लिए सहायता राशि बढ़ाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली द्रविड़ शैली की सरकार मछुआरों की सच्ची मित्र और करीबी सहयोगी है। स्टालिन ने आरोप लगाया कि विदेश नीति की बागडोर अपने हाथों में रखने वाली भाजपा विदेश नीति में भी नाकाम रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि भारत का अपने छोटे पड़ोसी देशों पर भी कोई प्रभाव नहीं रह गया है। दावा किया कि यह खेदजनक है कि भाजपा सरकार तमिलनाडु के मछुआरों को भारतीय मछुआरे नहीं मानती और इसका परिणाम श्रीलंका की नौसेना द्वारा हमारे मछुआरों पर लगातार किए गए हमले हैं।

● बोले-मछुआरे कर रहे श्रीलंका के हमलों का सामना

## केरल में एलडीएफ और प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर बरसे राहुल गांधी

**अलप्पुझा, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया तथा उन पर अहंकार, राजनीतिक सुविधा एवं चुनिंदा चुप्पी साधने का आरोप लगाया। श्री गांधी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री ने केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन या उनके परिवार को कभी सार्वजनिक रूप से निशाना क्यों नहीं बनाया जबकि वह लगातार उन पर और कांग्रेस पर हमले करते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह चुप्पी भाजपा और एलडीएफ के कुछ वर्गों के बीच एक गुप्त समझौते का संकेत देती है। उन्होंने दावा किया कि एलडीएफ ने अपना वैचारिक स्वरूप खो दिया है और अब इसे सच्चा वामपंथी आंदोलन नहीं कहा जा सकता। अब इस मोर्चे में दो प्रकार के नेता हैं, एक वे जो आरएसएस और भाजपा के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार हैं और दूसरे वे जो अब भी वामपंथी विचारधारा में विश्वास रखते हैं लेकिन पार्टी के भीतर हाशिए पर चले गए हैं।

## कांग्रेस ने वायनाड पुनर्वास धनराशि का हिसाब सार्वजनिक किया

**कन्नूर (केरल), एजेंसी।** केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) प्रमुख सनी जोसेफ ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस को वायनाड पुनर्वास के लिए खोले गए खाते में लगभग 5 .38 करोड़ रुपये प्राप्त हुए और उसने इन धनराशि का उपयोग भूस्खलन पीड़ितों के लिए घर बनाने के मकसद से जमीन खरीदने में किया है। जोसेफ ने कहा कि उनके और विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित खाते में जितनी धनराशि प्राप्त हुई उसके अलावा युवा कांग्रेस ने भी पुनर्वास प्रयासों के लिए लगभग 1 .05 करोड़ रुपये एकत्र किए। केपीसीसी प्रमुख ने यहां प्रेसवार्ता में कह कि इकट्ठा की गई राशि का इस्तेमाल वायनाड में दो चरणों में जमीन खरीदने के लिए किया गया, ताकि जुलाई 2024 के भूस्खलन में अपनी संपत्ति खोने वालों के लिए घर बनाए जा सकें। इस भूस्खलन की घटना में 200 से अधिक लोगों की जान चली गई थी।

### त्रिभाषा फॉर्मूला हिंदी थोपने का तंत्र

**चेन्नई, एजेंसी।** स्टालिन ने सीबीएसई द्वारा हाल में जारी की गयी पाठ्यक्रम रूपरेखा का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि तथाकथित तीन-भाषा फॉर्मूला वास्तव में गैर-हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी के विस्तार का एक गुप्त तंत्र है। यह पाठ्यक्रम रूपरेखा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप है। यह शैक्षणिक सुधार नहीं है, बल्कि भाषा थोपने की एक सोची समझी कोशिश है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूस से जुड़े जहाजों की जब्ती का ब्रिटेन का प्रयास अस्वीकार्य

**मास्को।** रूस ने कहा है कि रूस से जुड़े जहाजों को जब्त करने का ब्रिटेन का कोई भी प्रयास अस्वीकार्य है। ब्रिटेन में रूस के राजदूत आंद्रेई केलिन ने रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से यह बात कही। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का ब्रिटिश जलक्षेत्र में हमारे देश से जुड़े नागरिक जहाजों को जब्त करने का घोषित इरादा रूस के प्रति एक और गहरा शत्रुतापूर्ण कदम है... हम हमारे देश से जुड़े जहाजों को जब्त करने के ब्रिटिश पक्ष के किसी भी प्रयास को अस्वीकार्य और अक्षम्य मानते हैं।" उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश सरकार ने मार्च में घोषणा की थी कि ब्रिटेन के सैन्य कर्मी अपने जलक्षेत्र से गुजरने वाले प्रतिबंधित जहाजों जब्त कर लेंगे। ब्रिटेन प्रतिबंधित जहाजों के लिए इंग्लिश चैनल सहित ब्रिटिश जलक्षेत्र को बंद करके और भी अधिक प्रतिबंध लगाएगा।

### रूस में नहीं हैं ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रूस दौरे की कथित खबरें सही नहीं हैं और उनकी चोटें उनके काम में बाधा नहीं डाल रही हैं। एक राजनयिक स्रोत से शनिवार को यह जानकारी मिली। मार्च में कुवैत के समाचार पत्र अल-जरीदा ने सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता हमले में घायल होने के बाद इलाज के लिए आपातकालीन स्थिति में रूस ले जाया गया था। सूत्रों ने बताया, नए सर्वोच्च नेता कुछ घंटों के लिए भी रूस में नहीं रहे हैं। उनको आई चोटें गंभीर नहीं हैं और वे कामकाज में कोई बाधा नहीं डाल रही हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे काफी नुकसान हुआ था और नागरिक हताहत हुए थे।

### ईरान संघर्ष के पीछे लंदन की नीतियां भी जिम्मेदार : केलिन

**मॉस्को।** ब्रिटेन में रूस के राजदूत एंड्रे केलिन ने कहा है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इज़रायल की आक्रामक कार्रवाई के पीछे आंशिक रूप से लंदन की नीतियां जिम्मेदार हैं। केलिन ने रूस की समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बातचीत में कहा कि दरअसल, ईरान और पूरे क्षेत्र में हुई दुखद घटनाएं कई मायनों में लंदन की नीतियों का परिणाम हैं, जिसने वॉशिंगटन में ईरान-विरोधी हॉक्स का साथ दिया और संयुक्त कार्य योजना के पतन में योगदान दिया।

# रिनी संपत वाशिंगटन मेयर बनने की दौड़ में शामिल

वाशिंगटन, एजेंसी

- मेयर के चुनाव में भाग लेने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार

तमिलनाडु में जन्मीं रिनी संपत वाशिंगटन डीसी के मेयर पद के चुनाव में हिस्सा लेने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन गई हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी की 31 वर्षीय सरकारी अनुबंधक का चुनाव अभियान बुनियादी चीजों को ठीक करो के विषय और एक नए डीसी के वादे पर आधारित है।

संपत ने अपनी चुनावी वेबसाइट पर कहा कि मैं कोई नेता नहीं हूं। मेरा किसी विशेष हित समूह से कोई संबंध नहीं है। अब समय आ गया है कि कोई बाहर का व्यक्ति हमारे शहर की बुनियादी सेवाओं को सुधारने पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करे। तमिलनाडु के थेनी में जन्मीं संपत सात साल की उम्र में अमेरिका आ गईं और एक दशक से अधिक समय से वाशिंगटन डीसी में रह रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि हमारे पास जीत की एक वास्तविक राह है। महज चार हफ्तों में मैं वाशिंगटन डीसी के इतिहास में मेयर पद के लिए चुनाव लड़ने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन चुकी हूं। यही वह उपलब्धि है जो एक सीमित संसाधनों वाला, जन-समर्थित अभियान हासिल कर सकता है।

## आधी सदी के बाद चांद के द्वार इंसान

ब्रह्मांड की असीम गहराइयों को मापने की मानवीय जिज्ञासा ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने आर्टेमिस-2 मिशन के जरिए चार जांबाज अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की ओर रवाना कर दिया है। यह मिशन न केवल विज्ञान और तकनीक की विजय है, बल्कि यह उस 50 साल लंबे इंतजार का अंत भी है जो 1972 के अपोलो 17 मिशन के बाद शुरू हुआ था। इस बार का सफर सिर्फ चांद को छूने का नहीं, बल्कि वहां स्थायी रूप से बसने और भविष्य में मंगल ग्रह तक पहुंचने की नींव रखने का है। फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से विशालकाय स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट के जरिए ओरियन कैप्सूल में सवार होकर चार अंतरिक्ष यात्री रीड वाइजमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैंसन करीब 10 दिनों की यात्रा पर निकले हैं। ये चांद के सबसे करीब से उसकी परिक्रमा कर पृथ्वी पर लौटेंगे।

## मिशन आर्टेमिस-2



### मिशन के मुख्य लक्ष्य

- प्रणालियों का सत्यापन : गहरे अंतरिक्ष में ओरियन अंतरिक्ष यान के लाइफ सपोर्ट, संचार और नेविगेशन सिस्टम की जांच करना।
- भविष्य की लैंडिंग की तैयारी : यह मिशन आर्टेमिस-3 और उसके बाद के मिशनों के लिए रास्ता साफ करेगा, जिसमें इंसान वास्तव में चांद की सतह पर कदम रखेगा।
- गहरे अंतरिक्ष का अनुभव : पृथ्वी की निचली कक्षा से बाहर निकलकर लंबी दूरी की यात्रा के दौरान विकिरण और सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के मानवीय स्वास्थ्य पर प्रभावों का अध्ययन।

### चांद की कक्षा में क्या करेंगे यात्री

- शुरुआती परीक्षण : पृथ्वी की कक्षा में पहले 24 घंटों के दौरान वे यान के टॉयलेट, पानी की व्यवस्था और हवा की शुद्धता की जांच करेंगे।
- चंद्रमा की परिक्रमा : यान चांद के दूर वाले हिस्से के ऊपर से गुजरेगा, जिसे पृथ्वी से कभी नहीं देखा जा सकता। यात्री वहां की हाई-रेज़ोल्यूशन तस्वीरें लेंगे और आंखों देखा विवरण साझा करेंगे।
- वैज्ञानिक प्रयोग : चालक दल ऑर्गन-ऑन-ए-चिप जैसे उपकरणों का उपयोग करके यह देखेंगे कि अंतरिक्ष का वातावरण मानव ऊतकों को कैसे प्रभावित करता है।

### मिशन का खर्च

- आर्टेमिस-2 का खर्च : अनुमान है कि इस एकल मिशन की लॉन्चिंग लागत 4.1 बिलियन डॉलर (करीब 34,000 करोड़ रुपये) से अधिक है। पूरे आर्टेमिस प्रोग्राम का बजट 2025 तक 93 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।
- तुलना : भारत के तीनों चंद्रयान मिशनों का कुल खर्च लगभग 2,000 करोड़ रुपये रहा है। नासा का एक आर्टेमिस-2 मिशन भारत के पूरे चंद्रयान कार्यक्रम से लगभग 17 गुना महंगा है।

### चांद की परिक्रमा

- यह चालक दल इस बार चंद्रमा की सतह पर नहीं उतरेगा, लेकिन वे चांद के सबसे करीब (लगभग 7,600 किमी की दूरी) से उसकी परिक्रमा करेंगे। यह मिशन साबित करेगा कि क्या हमारे आधुनिक लाइफ-सपोर्ट सिस्टम गहरे अंतरिक्ष की विकट परिस्थितियों में इंसानों को सुरक्षित रख सकते हैं।

### भारत और चंद्रमा

- भारत के चंद्र मिशनों ने पूरी दुनिया में अपनी धाक जमाई है। विशेष रूप से चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला देश बना दिया।
- अंतरिक्ष में भारतीय : भारत के राकेश शर्मा 1984 में अंतरिक्ष (सोवियत संघ के मिशन के तहत) जाने वाले पहले भारतीय थे, लेकिन वे चंद्रमा पर नहीं गए थे।
- भविष्य की योजना : भारत का गगनयान मिशन अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में भेजने की तैयारी कर रहा है, इसरो का लक्ष्य 2040 तक किसी भारतीय को चंद्रमा पर उतारने का है।

# भारत वैश्विक संकट के बीच में मजबूती से उभरा और इसका डटकर मुकाबला किया

## छत्तीसगढ़ में आईआईएम के दीक्षांत समारोह में पश्चिम एशिया संकट पर बोले विदेश मंत्री

रायपुर, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष की ओर इशारा करते हुए शनिवार को कहा कि वैश्विक सकंट के बीच भारत मजबूती से उभरा है और हालात का डटकर मुकाबला किया है। जयशंकर ने यहां स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने घरेलू और बाहरी दोनों तरह की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है।

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर फरवरी में हमले शुरू किए जाने से उत्पन्न पश्चिम एशिया संकट ने वैश्विक ईंधन आपूर्ति को प्रभावित किया है तथा हाइड्रोकार्बन की कमी पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण की व्यापकता के चलते संघर्ष का असर दूर-दराज के समाजों पर भी गहराई से पड़ा है। जयशंकर ने कहा कि अब हम दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि हाल ही में आए कई वैश्विक झटकों ने हमारी सहनशक्ति की परीक्षा ली है, और भारत उनसे मजबूती से उबरकर बाहर निकला है। हमने घरेलू और बाहरी, दोनों तरह की चुनौतियों का काफी हद तक सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने कहा कि ज्यादा समावेशी विकास, प्रतिनिधि राजनीति और निर्णायक नेतृत्व ने एक नई नींव रखी है।

विदेश मंत्री ने कहा कि अधिक समावेशी विकास, प्रतिनिधि राजनीति और निर्णायक नेतृत्व ने एक नई नींव रखी है, जिससे हम सभी अब ऊंची उम्मीदें रख सकते हैं। हमने न सिर्फ डिजिटल क्रांति को पूरे उत्साह के साथ अपनाया है, बल्कि असल में इसे अपने जीवन में एक मकसद के साथ लागू भी किया है। यहां तक कि कई विकसित समाजों ने भी ऐसा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि मैंने जिन वैश्विक रुझानों का जिक्र किया है, उनकी रोशनी में राष्ट्रीय क्षमताओं का निर्माण करना अब और भी ज्यादा जरूरी हो गया है। बड़े देशों के लिए तो यह बात खास तौर पर सच है। आप देखेंगे कि विकसित दुनिया में भी, वैश्वीकरण के पुराने मंत्रों की जगह अब आत्मनिर्भरता के प्रति एक नई जागरूकता ने ले ली है।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत में हमारे लिए, यह भावना आत्मनिर्भर भारत के रूप में व्यक्त होती है। इसका महत्व तब साफ नजर आता है जब बात भोजन, स्वास्थ्य या ऊर्जा सुरक्षा की हो, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा की। हमें यह कोशिश करनी चाहिए कि हम ज्यादा से ज्यादा क्षमताएं अपने नियंत्रण में सुरक्षित कर सकें। जयशंकर ने कहा कि जाहिर है, कुछ क्षेत्र दूसरों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल होंगे। ऐसे मामलों में, इसका हल भरोसेमंद या विश्वसनीय साझेदारियों तथा विविध स्रोतों से आपूर्ति में निहित है। लेकिन आखिरकार मजबूत राष्ट्रीय क्षमताओं का निर्माण करने की कोई अनदेखी नहीं कर सकता। जोखिम कम करने और असल में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने का यह सबसे असरदार तरीका है।



### खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती

जयशंकर ने कहा कि ऐसे में, दुनिया के सामने एक ऐसे माहौल में खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती खड़ी हो गई है जो लगातार अस्थिर और अप्रत्याशित होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के चलते अब जोखिमों से बचाव, जोखिम कम करने और विविधता लाने की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है, चाहे वह कोई व्यावसायिक फैसला हो या फिर विदेश नीति से जुड़ा कोई निर्णय। घरेलू प्राथमिकताओं की ओर रुख करते हुए, जयशंकर ने राष्ट्र-निर्माण में व्यापार और उद्यम की भूमिका पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जाहिर है, राष्ट्र-निर्माण एक बेहद जटिल कार्य है जिसके कई आयाम हैं।

### दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल कई मायनों में संरचनात्मक

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था बदल रही है, जिसमें देशों की सापेक्ष शक्ति और प्रभाव में स्पष्ट बदलाव देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल कई मायनों में संरचनात्मक है। विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया आज एक ऐसे माहौल में खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती का सामना कर रही है, जो लगातार अस्थिर और अप्रत्याशित होती जा रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में इस समय जो उथल-पुथल मची है, वह कई मायनों में ढांचागत भी है। वैश्विक व्यवस्था हमारी आंखों के सामने ही बदल रही है, जिसमें देशों की सापेक्ष शक्ति और प्रभाव में स्पष्ट बदलाव देखे जा सकते हैं। कुछ समाजों की राजनीति के लिए इन बदलावों को स्वीकार कर पाना मुश्किल हो रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, सैन्य क्षमताओं, कनेक्टिविटी और संसाधनों के क्षेत्र में हो रहे नए विकासों ने, लगातार बढ़ते प्रतिस्पर्धी माहौल में, जोखिम उठाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। आज हर चीज का लाभ उठाया जा रहा है और अगर उसे सीधे तौर पर हथियार नहीं बनाया जा रहा है, तो भी उसका इस्तेमाल एक हथियार की तरह ही किया जा रहा है।

# मलप्पुरम में शशि थरूर के सुरक्षाकर्मी और चालक पर हमला

मलप्पुरम (केरल), एजेंसी



- पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया, शशि थरूर सुरक्षित

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के सुरक्षाकर्मी और वाहन चालक पर वंडूर में पांच लोगों के समूह ने कथित तौर पर हमला किया, जिसके बाद एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। वंडूर पुलिस के अनुसार, मामला दर्ज कर लिया गया है और एक व्यक्ति हिरासत में है।

पुलिस ने बताया कि थरूर के सुरक्षाकर्मी रतीश केपी. की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे वंडूर के तिरुवाली के पास चेल्लीथोडे में हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना उस वक्त हुई जब चेल्लीथोडे पुल पर जाम था और थरूर कांग्रेस नेता ए. पी. अनिलकुमार के चुनावी अभियान कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। प्राथमिकी के मुताबिक, दो वाहनों में सवार आरोपियों ने सांसद के वाहन को रोक दिया। जब सुरक्षाकर्मी ने उन्हें हटाने का प्रयास किया तो उस पर और चालक पर कथित तौर पर हमला किया गया। पुलिस ने बताया कि सड़क संकरी थी और सुरक्षाकर्मी ने सांसद के काफिले के मार्ग को सुगम बनाने के लिए आगे चल रहे वाहन को केवल गति बढ़ाने के लिए कहा था।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर रात एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और शेष आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस बीच, थरूर ने एक्स पर पोस्ट किया कि इस घटना में उन्हें कोई चोट नहीं आई। थरूर ने कहा कि बीती रात को उनके सुरक्षाकर्मी पर हुए हमले की अप्रिय घटना के बाद उन्हें कई संदेश और फोन कॉल आए जिसमें उनकी सलामती के बारे में पूछा गया था। उन्होंने कहा कि उनके प्रति चिंता प्रकट करने वाले शुभचिंतकों के वह दिल से बहुत आभारी है।

# उज्बेक विश्वविद्यालयों में प्रवेश से पूर्व उनकी साख की जांच कर लें विद्यार्थी

**मॉस्को।** भारत ने उज्बेकिस्तान के विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक अपने छात्रों को उक्त संस्थानों की साख की जांच करने की सलाह दी है। साथ ही एफएमजीएल नियमों के संभावित उल्लंघन को लेकर चिंता व्यक्त की है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) द्वारा विदेश में चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले छात्रों को फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट लाइसेंशिएट्स (एफएमजीएल) प्रदान किया जाता है। ताशकंद स्थित भारतीय दूतावास ने छात्रों से आग्रह किया कि वे किसी भी व्यक्ति या एजेंट के बहकावे में न आएं और यह भी सुनिश्चित करें कि उज्बेकिस्तान के संस्थान अपनी क्षमता से अधिक छात्रों को प्रवेश तो नहीं दे रहे हैं। उज्बेकिस्तान के चिकित्सा महाविद्यालयों में दाखिले को लेकर कई शिकायतें मिलने के बाद भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को छात्रों के लिए एक परामर्श जारी किया।

- भारतीय दूतावास ने प्रवेश लेने के इच्छुक छात्रों को दी सलाह

भारतीय दूतावास के मुताबिक उज्बेकिस्तान में भारतीय समुदाय की अनुमानित संख्या 21,000 है, जिसमें देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत 16,300 छात्र शामिल हैं।

# एप्स्टीन यौन अपराध : पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** जेफ्री एप्स्टीन द्वारा 2008 से यौन शोषण का शिकार हुईं करीब 75 महिलाओं को 7.25 करोड़ डॉलर के उस मुआवजा कोष से सहायता जारी की सकती है, जिसे बैंक ऑफ अमेरिका ने पीड़ितों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकीलों के साथ समझौते के तहत स्थापित किया है। यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जेड एस राकोफ ने बृहस्पतिवार को इस समझौते को प्रारंभिक मंजूरी दे दी और अंतिम मंजूरी के लिए 27 अगस्त को सुनवाई तय की है। उन्होंने वकीलों को यह भी निर्देश दिया कि वे शुक्रवार तक उन प्रकाशनों की विस्तृत सूची पेश करें, जिनके जरिए एप्स्टीन के पीड़ितों को इस मुआवजा कोष की जानकारी दी जा सके। न्यायाधीश ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी पीड़िता सहायता से वंचित न रह जाए। एप्स्टीन द्वारा यौन शोषण का शिकार हुई महिलाओं के वकीलों ने बैंक के खिलाफ मुकदमा दायर करते हुए आरोप लगाया कि जून 2008 से लेकर जुलाई 2019 की शुरुआत में यौन अपराधों के आरोपों में एप्स्टीन की गिरफ्तारी तक, बैंक ने उससे जुड़े संदिग्ध वित्तीय लेन-देन पर ध्यान नहीं दिया, जबकि वह लगातार लड़कियों और महिलाओं का शोषण कर रहा था। एप्स्टीन की अगस्त 2019 में मैनहैटन की एक संघीय जेल में मौत हो गई थी, जिसे आत्महत्या करार दिया गया था। बृहस्पतिवार को हुई सुनवाई के दौरान वकील डेविड बोइस ने कहा कि पीड़ितों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकीलों का अनुमान है कि 60 से 75 महिलाएं दावे पेश करेंगी, जिनके आधार पर वे इस समझौता कोष से मुआवजा पाने की पात्र होंगी।

- यौन शोषण का शिकार हुईं करीब 75 महिलाओं के लिए 7.25 करोड़ डॉलर मुआवजा कोष की मंजूरी

# सीडीएस चौहान ने सीमा पर लिया सैन्य तैयारियों का जायजा

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को श्रीनगर में चिनार कोर के अंतर्गत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों का दौरा किया और सैन्य तैयारियों का जायजा लिया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने उत्तर कश्मीर में नियंत्रण रेखा के साथ सुरक्षा परिदृश्य और परिचालन स्थिति की समीक्षा की तथा उत्कृष्ट परिचालन तैयारी, सैद्धांतिक सामंजस्य और दृढ़ पेशेवर क्षमता की सराहना की। बारामूला में उन्हें भविष्य में सेनाओं की प्रौद्योगिकी समावेशन पर जानकारी दी गई। चिनार कोर के अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध का स्वरूप बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिसके कारण क्षेत्र-केंद्रित दृष्टिकोण से बहु-क्षेत्रीय अभियानों की ओर बदलाव आवश्यक है, जो एक सुदृढ़ और एकीकृत संरचना पर आधारित हो। उन्होंने संयुक्तता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि भूमि, वायु, समुद्री, साइबर, अंतरिक्ष और अन्य संबंधित क्षेत्रों में निर्बाध एकीकरण निर्णायक परिणाम प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है। उन्होंने भविष्योन्मुख युद्ध के लिए त्वरित संयुक्त प्रशिक्षण, सिद्धांतों का सामंजस्य तथा परस्पर क्रियाशील कमान और नियंत्रण संरचनाओं के विकास का आह्वान किया, ताकि सभी क्षेत्रों में समन्वित परिणाम हासिल किए जा सकें। जनरल चौहान ने उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए एक सुनियोजित रोडमैप की आवश्यकता पर बल दिया-जो प्रौद्योगिकी अनुकूलन, सुदृढ़ता और एकीकृत प्रयासों के माध्यम से सामूहिक तैयारी को बढ़ावा दे।

# पेशावर में अभिनेता राज कपूर की हवेली का एक हिस्सा ढहा

**पेशावर।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता राज कपूर की हवेली का एक हिस्सा पेशावर में कथित तौर पर हाल ही में हुई भारी बारिश और उसके बाद शुक्रवार रात आए भूकंप के कारण ढह गया। अधिकारियों एवं स्थानीय निवासियों ने इसकी जानकारी दी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित सदी पुरानी कपूर हवेली को पाकिस्तान सरकार ने वर्ष 2016 में राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया था। खैबर पख्तूनख्वा हेरिटेज काउंसिल के सचिव शकील वहीदुल्लाह ने बताया कि भूकंप के झटकों के बाद हवेली की दीवार का एक हिस्सा ढह गया, जिससे शेष ढांचे की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीदुल्लाह ने पुरातत्व विभाग और प्रांतीय सरकार से ऐतिहासिक इमारत के संरक्षण और पुनर्स्थापन के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की और चेतावनी दी कि लापरवाही जारी रही तो क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को अपूरणीय क्षति हो सकती है। हवेली पेशावर शहर के प्रसिद्ध किस्सा ख्वानी बाजार के मध्य स्थित है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज मेहनत का फल मिलेगा। दोपहर बाद व्यापार में लाभ के योग हैं। वैवाहिक संबंधों में स्पष्टता आवश्यक है।

**तुला** – आज चंद्र प्रभाव शुभ है। जीवन में आकर्षण और आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। किसी भी काम में जल्दबाजी से बचें।

**वृष** – आज धन की गति सुधरेगी। परिजनों से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। नक्षत्र परिवर्तन निर्णय-शक्ति बढ़ाएगा।

**वृश्चिक** – आज आध्यात्मिकता की ओर झुकाव रहेगा। विशाखा से ऊर्जा और साहस मिलेगा। पुराने अटके हुए कार्य पूर्ण होंगे।

**मिथुन** – आज का दिन संचार, मीडिया, मार्केटिंग कार्य के लिए अनुकूल रहेगा। मन-मस्तिष्क में नए विचार जन्म लेंगे।

**धनु** – आज के दिन भाग्य सहयोगी रहेगा। कारोबार संबंधी यात्राएं शुभ रहेंगी। आर्थिक लाभ और मित्रों का भरपूर साथ मिलेगा।

**कर्क** – आज व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। भावनाओं पर नियंत्रण रखें। निवेश पर विचार करें। परिवार से सहयोग मिलेगा।

**मकर** – आज करियर में उन्नति के योग हैं। वरिष्ठजनों का समर्थन मिलेगा। व्यापार में कार्यभार के साथ लाभ भी बढ़ेगा।

**सिंह** – आज आपकी कार्यक्षेत्र में नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। सामाजिक मान बढ़ेगा। अनावश्यक खर्च बढ़ सकता है।


**कुंभ** – आज के दिन शिक्षा, रणनीति और प्रतियोगिता आपके पक्ष में रहेगी। रचनात्मकता उच्च रहेगी। कार्यक्षेत्र में वर्कलोड बढ़ेगा।

**कन्या** – आज व्यापार में लाभ के प्रबल योग हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। जीवन हेतु लिए गए निर्णय प्रभावी रहेंगे।

**मीन** – आज का दिन नया कार्य शुरू करने के लिए उत्तम है। शारीरिक ऊर्जा बढ़ी हुई रहेगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 5 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 11.59 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 6 अप्रैल 00.08 तक तत्पश्चात अनुराधा।

### सुडोकू - 109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 |

### सुडोकू -110

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 3 | | 4 | | 6 |
| | | | | 9 | | | 1 | |
| | | 5 | | | 8 | | | |
| 7 | | 8 | | 6 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 2 | 9 | | |
| 2 | | | | 4 | 5 | | | 8 |
| | | | 3 | | | 5 | | |
| | 1 | | | 7 | | | | |
| 6 | | 9 | | 5 | | | 2 | |

# ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर के पास दिखा ड्रोन, सीएम ने दिए जांच के आदेश

**मालदा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर के पास शनिवार दोपहर मालदा के मालतीपुर में एक ड्रोन देखे जाने से सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा हो गई, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने तत्काल जांच के आदेश दिए। यह घटना उस समय हुई जब मुख्यमंत्री मालतीपुर में अपनी जनसभा को संबोधित करने के बाद हेलीकॉप्टर में सवार होने जा रही थीं। यह दिन में उनकी दूसरी रैली थी।

इससे पहले उन्होंने माणिकचक में सभा को संबोधित किया था और इसके बाद उन्हें गाजोल में तीसरी रैली के लिए रवाना होना था। जैसे ही वह हेलीपैड के पास पहुंचीं, हेलीकॉप्टर के सामने एक ड्रोन उड़ता हुआ दिखाई दिया। ड्रोन को देखते ही मुख्यमंत्री रुक गईं और माइक लेकर पुलिस को इस मामले पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

राष्ट्र सेवा | 15 दिन के भीतर 62 हजार से अधिक कार्यक्रम, 32 लाख से ज्यादा स्वयंसेवकों ने की भागीदारी

# राष्ट्रीय चेतना जगाने में आरएसएस ने दिखाई अद्भुत क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका ऑर्गनाइजर ने अपने नवीनतम संपादकीय में कहा है कि कुछ वर्गों द्वारा पहचान आधारित विभाजनों के जरिए समाज में खाई पैदा करने के प्रयासों के बावजूद संघ ने भारत की राष्ट्रीय चेतना को जागृत और विस्तारित करने की अद्भुत क्षमता दिखाई है।

यह प्रक्रिया विजयादशमी उत्सव से शुरू हुई, जिसके तहत अक्टूबर 2025 से सक्रिय स्वयंसेवकों को व्यापक रूप से एकजुट किया गया। 15 दिनों में 62,000 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 32 लाख से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इसके अलावा, 22,000 स्थानों पर पथ संचलन आयोजित हुए, जिनमें 25 लाख से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। पत्रिका ने कहा कि पहले चरण में जागृत लोगों के एक महत्वपूर्ण समूह को संगठित किया गया, जो अभियान को दूसरे चरण तक ले जा सके। इसमें कहा गया है कि संघ के गृह संपर्क अभियान के जरिए अब तक 10 करोड़ से अधिक परिवारों तक पहुंच बनाई गई है, जो 46 में से 37 प्रांतों को कवर करता है। संपादकीय में कहा गया कि इस अभियान के माध्यम से सक्रिय स्वयंसेवकों और संघ के कार्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाले लोगों तक पहुंच बनाई गई।

इस प्रक्रिया ने राष्ट्र की सुप्त शक्ति को जागृत किया और स्वयंसेवकों को समाज के आम सवालों चाहे वे समर्थक हों या आलोचक, को समझने का अवसर मिला। बताया गया कि देशभर में आयोजित हिंदू सम्मेलनों में जाति, पंथ, धर्म या राजनीतिक संबद्धता से परे तीन करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया।

### सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का संकल्प

संघ की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) की बैठक हरियाणा के समालखा में हुई, जिसमें 2025-26 के कार्यों की समीक्षा और भविष्य की रणनीति तय की गई। पंद्रह मार्च को समाप्त हुई इस तीन दिवसीय बैठक में संगठनात्मक विस्तार, राष्ट्रीय हित में सकारात्मक ताकतों की भागीदारी बढ़ाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत, महासचिव दत्तात्रेय होसबाले सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। इसके अलावा संघ से जुड़े 32 संगठनों के शीर्ष पदाधिकारियों ने भी इसमें भाग लिया, जिनमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी शामिल है।



हमने ड्रेसिंग रूम में ये निर्णय लिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए हम एक ब्रांड वाली क्रिकेट खेलेंगे जो एक-दूसरे को प्रभावित करने वाली होगी, न कि बाहर के लोगों को। इससे जब हम मैच खेलते हैं तो हमें भी एक तरह से काफी कुछ साफ पता रहता है।
–श्रेयस अय्यर, पंजाब किंग्स के कप्तान


# स्टेडियम

हल्द्वानी, रविवार, 5 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

1 सनराइजर्स हैदराबाद बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स
समय - दोपहर 3:30 बजे

2 चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
समय - शाम 7:30 बजे

# गेंदबाजों की कसावट के बाद रिजवी की लगातार दूसरी मैच जिताऊ पारी

## आईपीएल-2026 : दिल्ली ने मुंबई को छह विकेट से हरा लगातार दूसरी जीत दर्ज की



नई दिल्ली, एजेंसी

मुकेश कुमार और कप्तान अक्षर पटेल की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद समीर रिजवी (90) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस को 11 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस को छह विकेट पर 162 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर 164 रन बनाकर हासिल कर लिया।

पिछले मैच में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ 47 गेंदों में नाबाद 70 रन की पारी खेलने वाले रिजवी जब क्रीज पर आए, तब दिल्ली का स्कोर दो विकेट पर सात रन था। उन्होंने 51 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से 90 रन की पारी खेलने के अलावा पाथुम निसांका (44) के साथ तीसरे विकेट के लिए 49 गेंदों में 66 रन और चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (नाबाद 21) के साथ 39 गेंदों में 78 रन की साझेदारी कर दिल्ली को जीत दिलाई। मुंबई के लिए दीपक चाहर, मिचेल सैंटनर और कोर्बिन बोश ने एक-एक विकेट लिए। नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या के अस्वस्थ होने के कारण टीम का नेतृत्व कर रहे सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 51 रन बनाए।

**मुंबई इंडियंस**

**162/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| रयान रिकेल्टन का अक्षर बो मुकेश | 09 |
| रोहित शर्मा का राणा बो अक्षर | 35 |
| तिलक वर्मा का एवं बो मुकेश | 00 |
| सूर्यकुमार यादव पगबाधा एनगिडी | 51 |
| शरफेन रदरफोर्ड का मुकेश बो निगम | 05 |
| नमन धीर का स्टब्स बो नटराजन | 28 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 18 |
| कोर्बिन बोश नाबाद | 11 |
| अतिरिक्त : 05 | |

गेंदबाजी : मुकेश 3-0-26-2, एनगिडी 4-0-34-1, अक्षर 4-0-22-1, निगम 3-0-24-1, कुलदीप 3-0-31-0, टी नटराजन 3-0-24-1

**दिल्ली कैपिटल्स**

**164/4** (18.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| केएल राहुल का रिकेल्टन बो चाहर | 01 |
| पथुम निसंका का मार्कंडेय बो सैंटनर | 44 |
| नीतिश राणा रन आउट | 00 |
| समीर रिज्वी का तिलक बो बोश | 90 |
| डेविड मिलर नाबाद | 21 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 03 |
| अतिरिक्त : 05 | |

गेंदबाजी : चाहर 3-0-20-1, बुमराह 4-0-21-0, सैंटनर 3-0-22-1, शारदुल 3-0-41-0, मार्कंडेय 2-0-20-0, बोश 3.1-0-39-1

उन्होंने रोहित शर्मा (35) के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 और नमन धीर (28) के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 रन की अहम साझेदारी की। रोहित ने 26 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया, तो वहीं नमन ने 21 गेंदों की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। दिल्ली के लिए मुकेश कुमार ने तीन ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिए। उन्हें अक्षर (22 रन पर एक विकेट), लुंगी एनगिडी (34 रन पर एक विकेट), विपराज निगम (24 रन पर एक विकेट) और टी. नटराजन (24 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला।

लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। केएल राहुल (एक) पहले ओवर में ही दीपक चाहर की लेग स्टंप से बाहर जाती गेंद को ग्लांस करने की कोशिश में विकेटकीपर रिकेल्टन को कैच दे बैठे, तो वहीं अगले ओवर में नीतिश राणा खाता खोले बगैर जसप्रीत बुमराह के सीधे थ्रो पर रन आउट हो गए। चाहर इस बीच अपनी ही गेंद पर निसांका के करारे प्रहार को लपकने में नाकाम रहे और श्रीलंका के इस बल्लेबाज ने जीवनदान का जश्न अगले ओवर में सैंटनर के खिलाफ दो चौकों के साथ मनाया। वहीं, पिछले मैच में मैच जिताऊ पारी खेलने वाले समीर रिजवी ने शार्दुल ठाकुर के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की। दिल्ली ने पावरप्ले में दो विकेट पर 42 रन बनाए, जबकि आठवें ओवर की दूसरी गेंद पर टीम का अर्धशतक पूरा हुआ। बोश की गेंद पर नमन ने निसंका का मुश्किल कैच टपका दिया और रिजवी ने अगली गेंद पर शानदार छक्का जड़कर मुंबई के जख्मों पर नमक छिड़का। उन्होंने अगले ओवर में सैंटनर का स्वागत चौके से किया, लेकिन न्यूजीलैंड के इस अनुभवी गेंदबाज ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए निसांका की पारी पर विराम लगा दिया। रिजवी ने बोश के खिलाफ लगातार दो चौके जड़े। उन्होंने ओवर की आखिरी दो गेंदों पर दो छक्के जड़कर मुंबई के गेंदबाजों द्वारा कायम दबाव को खत्म किया।

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली कैपिटल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.170 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.637 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 4. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.469 |
| 6. | मुंबई इंडियंस | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.206 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.562 |


**ऑरेंज कैप**



समीर रिजवी
दिल्ली 160 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 113 रन
कूपर कॉनली
पंजाब 108 रन

**पर्पल कैप**

विजयकुमार वैशक
पंजाब 5 विकेट
टी नटराजन
दिल्ली 4 विकेट
लुंगी एन्गिडी
दिल्ली 4 विकेट



# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बीसीसीआई से संपर्क साधा

ढाका, एजेंसी

- बीसीबी अध्यक्ष बुलबुल का जल्द समाप्त हो सकता कार्यकाल

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सितंबर में भारत के सफेद गेंद के दौरे को बचाने और दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से संपर्क किया है। दोनों देशों के बीच रिश्ता तब तनावपूर्ण हो गया था जब बीसीबी ने भारत में हुए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से हटने का फैसला किया था।

ऐसा माना जा रहा है कि बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल का कार्यकाल जल्द ही समाप्त हो सकता है और एक अंतरिम बोर्ड बीसीसीआई के साथ बातचीत शुरू कर सकता है। माना जाता है कि खेल मंत्रालय के सलाहकार और भारत-विरोधी कट्टरपंथी आसिफ नजरुल बीसीबी को चलाते हैं जिन्होंने ही सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया था। यह फैसला तब लिया गया जब बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने की अनुमति नहीं दी थी।

बीसीबी ने अनुरोध किया था कि उनके मैच श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिए जाएं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इस तर्क में कोई दम नहीं लगा और उसने भारत में टीम के लिए किसी भी सुरक्षा खतरे की बात को खारिज कर दिया था।

**हाईलाइट**

## आईपीएल में कौशल से ज्यादा आत्मविश्वास अहम : चाहर

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली करारी शिकस्त के बाद युवा बल्लेबाज समीर रिजवी की तारीफ करते हुए कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सफलता के लिए कौशल से ज्यादा आत्मविश्वास की जरूरत होती है। रिजवी की 51 गेंद में 90 रन की विस्फोटक पारी की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने 163 रन के लक्ष्य को 18.1 ओवर में हासिल कर लिया। चाहर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैच में बाद में बल्लेबाजी के लिए परिस्थितियां थोड़ी आसान हो गई थीं। चाहर ने कहा कि आईपीएल जैसे बड़े मंच पर आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

## पायल ने शीतल को हराकर उलटफेर करते हुए स्वर्ण जीता



युवा तीरंदाज पायल नाग अपनी बहन बरशा के साथ। एजेंसी

**बैंकॉक।** दोनों हाथ और दोनों पैर गंवा चुकी युवा तीरंदाज पायल नाग ने यहां विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में बड़ा उलटफेर करते हुए हमवतन और दुनिया की नंबर एक तीरंदाज शीतल देवी को हराकर स्वर्ण पदक जीता और भारत के शानदार प्रदर्शन की अगुआई की जिसमें देश ने कुल सात स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। 18 साल की उभरती हुई तीरंदाज पायल ने कंपाउंड महिला वर्ग के फाइनल में 139-136 से जीत हासिल की। भारत के लिए अभियान यादगार रहा जिसमें देश ने पांच रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 16 पदक जीते। पायल की यह एक साल से थोड़े ज्यादा समय में शीतल पर दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने जनवरी 2025 में जयपुर में हुए पैरा राष्ट्रीय खेलों में भी शीतल को हराया था। दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा खेलों में पदार्पण करने के बाद पायल अपने दूसरे ही अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही थीं।

# राजस्थान ने गुजरात को दिया 211 रनों का लक्ष्य

अहमदाबाद, एजेंसी

- जुरेल और जायसवाल ने खेलीं अर्धशतकीय पारियां

ध्रुव जुरेल के 42 गेंद में 75 रन और यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में छह विकेट पर 210 रन बनाये। जायसवाल ने 36 गेंद में 55 रन बनाये जबकि सूर्यवंशी ने 18 गेंद में 31 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिये सिर्फ 6.2 ओवर में 70 रन बना डाले।

जुरेल ने तीसरे नंबर पर उम्दा बल्लेबाजी करते हुए 150 से ऊपर की स्ट्राइक रेट के बावजूद बेहतरीन क्रिकेट शॉट्स खेले। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और पांच छक्के लगाए। गुजरात टाइटंस के लिये अपना दूसरा आईपीएल मैच खेल रहे अशोक शर्मा ने चार ओवर में 37 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने लगातार 145 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी की और 154.2 किमी प्रति घंटा की गति से भी गेंद डाली। जुरेल ने राशिद खान को डीप मिडविकेट के ऊपर से शानदार छक्का जड़ा। मांसपेशी में ऐंठन के कारण शुभमन गिल नहीं खेल रहे हैं जिनकी जगह राशिद गुजरात टाइटंस की कप्तानी कर रहे थे। इससे पहले रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और उनके सलामी बल्लेबाजों ने निराश नहीं किया। सूर्यवंशी और जायसवाल पिछले सत्र से ही आईपीएल में पारी की शुरूआत साथ कर रहे हैं लेकिन आईपीएल के इतिहास में 500 से अधिक रन की साझेदारी करने वाली 113 जोड़ियों में से इन दोनों की रन बनाने की गति 12.04 प्रति ओवर है। ये सूची में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा (12.57) और सुनील नारायण और फिल साल्ट (12.46) से ही पीछे हैं। गुजरात के तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज, कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और अशोक को पिच से अतिरिक्त उछाल और रफ्तार मिली जिससे पावरप्ले में शॉट लगाना आसान हो गया क्योंकि बल्लेबाजों ने उसी गति का इस्तेमाल किया। सूर्यवंशी को राशिद ने आउट किया जिसके बाद जुरेल और जायसवाल ने दूसरे विकेट के लिये 56 रन जोड़े।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते राजस्थान रॉयल्स के ध्रुव जुरेल। एजेंसी

**राजस्थान रॉयल्स**

**210/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो रबाडा | 55 |
| वैभव सूर्यवंशी का फिलिप्स बो राशिद | 31 |
| ध्रुव जुरेल का बटलर बो सिराज | 75 |
| रियान पराग का कुशाग्र बो प्रसिद्ध | 08 |
| शिमरोन हेटमायेर का सिराज बो शर्मा | 18 |
| डोनोवन फरेरा का फिलिप्स बो रबाडा | 01 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 07 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 01 |
| अतिरिक्त : 14 रन | |

**गेंदबाजी** : सिराज 4-0-48-1, रबाडा 4-0-42-2, शर्मा 4-0-37-1, प्रसिद्ध 4-0-43-1, राशिद 4-0-39-1

# सनराइजर्स के खिलाफ एलएसजी के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

हैदराबाद, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यहां होने वाले मैच में अगर जीत दर्ज करनी है, तो उसके बल्लेबाजों को अहम भूमिका निभानी पड़ेगी। सनराइजर्स की टीम ने अपने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 65 रन से हराया था जिससे वह अपने घरेलू मैदान पर सत्र के पहले मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी।

उप्पल के स्टेडियम में दोपहर के खेल में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है जिससे कि एलएसजी के लिए यह मैच अधिक चुनौतीपूर्ण बन गया है। सनराइजर्स को यहां की परिस्थितियां पसंद हैं और इसलिए वह मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। संजीव गोयनका के स्वामित्व वाली एलएसजी की टीम पिछले कुछ वर्षों से खराब प्रदर्शन कर रही है।



अभ्यास सत्र के दौरान साथियों को टिप्स देते सनराइजर्स के कप्तान ईशान किशन।

**टीम**

**सनराइजर्स हैदराबाद** : ईशान किशन (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, अनिकेत वर्मा, आर. स्मरण, हेनरिक क्लासेन, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कामिंदु मेंडिस, हर्षल पटेल, ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, जीशान अंसारी, लियाम लिविंगस्टोन, शिवम मावी, सलिल अरोड़ा, शिवांग कुमार, ओंकार टारमाले, क्रेन्स फुलेट्रा, प्रफुल्ल हिंगे, अमित कुमार, साकिब हुसैन, जैक एडवर्ड्स और पैट कमिंस।

**लखनऊ सुपर जायंट्स** : ऋषभ पंत (कप्तान), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज़ अहमद, आकाश महाराज सिंह, अवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन सचिन तेंदुलकर, मयंक प्रभु यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिक नोर्किया, जोश इंग्लिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, सिद्धार्थ, मुकुल।

# आरसीबी की निगाह दूसरी जीत पर

बेंगलुरु, एजेंसी

- सीएसके को गेंदबाजी में करना होगा सुधार
- संजू सैमसन का फॉर्म भी चेन्नई के लिए चिंता का विषय

अपने पहले मैच में शानदार जीत हासिल करने के बाद पर्याप्त आराम पाने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम रविवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में लगातार दूसरी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। सीएसके के लिए संजू सैमसन की फॉर्म और गेंदबाजी विभाग का कमजोर होना चिंता का विषय है।

आरसीबी की टीम 28 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज करने के बाद अच्छी तरह से आराम कर चुकी है और वह तरोताजा होकर मैदान पर उतरेगी। मानसिक और शारीरिक ताजगी के अलावा आरसीबी अब अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में कहीं बेहतर टीम नजर आ रही है। आरसीबी के पास विराट कोहली की अगुवाई में शीर्ष क्रम में दमदार बल्लेबाज हैं। कोहली ने अपने बेजोड़ कौशल के दम पर पावर हिटिंग के इस जमाने में खुद को प्रासंगिक बनाए रखा है। देवदत्त पडिक्कल ने अपने भीतर के असली बल्लेबाज को जगा दिया है जो सनराइजर्स के खिलाफ उनकी 26 गेंद पर खेली गई 61 रन की तूफानी पारी में स्पष्ट नजर आया। रजत पाटीदार टीम की कप्तानी करने और आरसीबी के मध्य क्रम को मजबूती देने की दोहरी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। आरसीबी में अपनी गेंदबाजी में बहुत ज्यादा सुधार किया है। उसने कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल करके इसे सुधार का प्रयास किया है।

**टीम**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** : रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की, देसवाल।

**चेन्नई सुपर किंग्स** : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, एमएस धोनी, मुकेश चौधरी, रामकृष्ण घोष, संजू सैमसन, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, खलील अहमद, आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, सरफराज खान, अमन खान।

## गेंदबाजी सीएसके के लिए सबसे बड़ी परेशानी : गावस्कर

**चेन्नई।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सबसे बड़ी चिंता उसकी गेंदबाजी है और उन्हें अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए इस विभाग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

सीएसके को मौजूदा सत्र के अपने पहले दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा, जिसमें शुक्रवार को पंजाब किंग्स के हाथों पांच विकेट से मिली हार भी शामिल है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा हमने अब तक जो देखा है उससे लगता है कि टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों में सीएसके के लिए सबसे बड़ी चिंता उसकी गेंदबाजी होगी। इसका मतलब है कि उन्हें अपने गेंदबाजों को मौका देने के लिए लगातार 225-230 के आसपास रन बनाने होंगे।

**आया बदलाव**

**सीएसके के मुख्य कोच फ्लेमिंग ने कहा-टी20 में शुरुआत से ही आक्रामक हो गया खेल**

# औचित्यहीन हो गई फिनिशर की भूमिका

चेन्नई, एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि वर्तमान समय में टी20 क्रिकेट में पारंपरिक फिनिशर की भूमिका बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई है, क्योंकि मैच की शुरुआत से ही पूरी तरह से आक्रामक खेल खेला जा रहा है।

सीएसके ने अपनी टीम में काफी फेरबदल किया है। उसकी बल्लेबाजी इकाई में शीर्ष क्रम के विशेषज्ञ बल्लेबाजों का दबदबा है, जिससे मध्य और निचले क्रम में विशेष रूप से फिनिशर की भूमिका की कमी महसूस हो रही है। फ्लेमिंग ने पंजाब किंग्स के हाथों सीएसके की पांच विकेट से हार के बाद पत्रकारों से कहा मुझे नहीं लगता कि अब फिनिशर जैसी कोई चीज रह गई है। पहली गेंद से ही हर कोई ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहा है। अब ऐसा नहीं है कि 16वें ओवर तक रन गति कुछ धीमी रखकर फिर तेजी से रन बनाए जाएं। पहली गेंद से ही प्रत्येक बल्लेबाज आक्रामक अंदाज में खेल रहा है।



उन्होंने कहा इसलिए पारी की शुरुआत से ही 10, 11, 12 का रन रेट अपेक्षित है। आपको 40 रन तक पहुंचने के लिए अधिक आक्रामक दृष्टिकोण अपनाना होगा। इसलिए आपके पास ऐसे बल्लेबाज होने चाहिए जो शुरू से लेकर आखिर तक आक्रामक खेल खेलें और निश्चित रूप से हमारे पास वही टीम है। फ्लेमिंग ने कहा डेवाल्ड ब्रेविस चोट के कारण बाहर हैं और सर्वश्रेष्ठ फिनिशरों में से एक महेंद्र सिंह धोनी चोटिल हैं। इसलिए हमारे पास कुछ ताकत तो है। हमें उम्मीद है कि ब्रेविस की वापसी के बाद बीच के ओवरों में उनका दबदबा रहेगा। मैं अपनी टीम के खेल के तरीके से संतुष्ट हूं। भारत को टी20 विश्व कप में चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज संजू सैमसन पहले दो मैचों में संघर्ष करते नजर आए हैं। फ्लेमिंग ने हालांकि उनका समर्थन किया। उन्होंने कहा वह अच्छा अभ्यास कर रहा है और जब वह लय में आ जाता है तो अक्सर मैच विजेता खिलाड़ी साबित होता है।

## इम्पैक्ट प्लेयर नियम ने बढ़ाई बल्लेबाजी की गति

फ्लेमिंग ने बल्ले और गेंद के बीच बेहतर संतुलन बनाए रखने की भी अपील की और कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम ने खेल को बल्लेबाजी के पक्ष में झुका दिया है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से इम्पैक्ट प्लेयर नियम की बहुत बड़ी भूमिका है। मुझे नहीं पता कि यह कब तक रहेगा, लेकिन यह निश्चित रूप से क्रिकेट की गति को प्रभावित करता है। इससे खेल कुछ हद तक बल्लेबाजों के पक्ष में झुक गया है। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की 11 गेंदों पर खेली गई 39 रन की पारी ने 210 रन की लक्ष्य का पीछा कर रही पंजाब किंग्स को अच्छी शुरुआत दिलाई।